फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 325 प्रभात जयपुर, मंगलवार 27 जून , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Brothers Across the Border** — When he heard my name - Aftab Ahmed Goraya from village Bakarpur. Possibly overcome by a surge of emotion he disclosed he too was a Goraya.

**Eat, Travel, Repeat!**

**Parenting: Bonding With Second Baby** — What moms can expect when having their second baby

# वागनर विद्रोह के बाद पुनः पुतिन के अजेय होने की किंवदंति स्थापित करना मुश्किल है

## पुतिन का कमजोर होना चीन के गले में घंटी बना

- वैसे तो शुरू से ही, रूस को ''असीमित दोस्ती'' का वादा एक अटपटा उद्घोष था। क्योंकि यूक्रेन के प्रकरण में चीन के ''असीमित समर्थन'' ने यूरोप को रूस के साथ ''शत्रु जैसा'' व्यवहार करने के लिये मजबूर कर दिया था। इससे चीन को व्यापारिक व व्यवसायिक नुकसान तो हुआ ही, चीन की प्रतिष्ठा को भी आघात पहुंचा।
- पहले तो, नागरिकों का हौसला बढ़ाने के लिये पुतिन ने राष्ट्रीय टी.वी. पर आकर मजबूती का परिचय देते हुए कहा, ''बगावतियों को बख्शा नहीं जायेगा। कठोर सज़ा दी जायेगी।''
- पर, फिर पुतिन को वागनर ग्रुप की शर्तें स्वीकार करते हुये, ''सज़ायाफ्ता कैदियों'' की इस फौज के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमे वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी तथा ''वागनर फौज'' को बेलारूस जाने के लिये ''सेफ पैसेज'' (बिना रोक टोक प्रस्थान) की सुविधा भी देनी पड़ी।
- रूस में पुरानी परम्परा है, जो नेतृत्व ''युद्ध'' में हार दिलाता है, उसके साथ निर्दयी व्यवहार होता है। उसे बदल भी दिया जाता है। यह 1905 में हुआ, रूस-जापान युद्ध के बाद और फिर 1917 में भी यह ही देखा गया। क्या यह खतरे की घंटी जैसी स्थिति नहीं है।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जून। वागनर मर्सीनरी (भाड़े के सैनिको का एक समूह) समूह के मुखिया इवगैनी प्रिगोज़न, जिनकी प्राइवेट सेना ने यूक्रेन में रुस की तरफ से जोरदार लड़ाई की थी, की बगावत की वजह से रुस की स्थिति बदल गई है।

प्रिगोज़न गत शनिवार को अपने लोगों को रुस और यूक्रेन के युद्ध क्षेत्र में स्थित साउथ कैम्प से मॉस्को की ओर बढ़ने का निर्देश दिया।

रुस में अचानक हुई तख्तापलट की कोशिश ने रुस और उसके सत्ता ढांचे के कई पक्षों को उजागर कर दिया है। इस घटना से यह पता लगा है कि रुस की एकाधिकारवादी सत्ता और पुतिन की मजबूत पकड़ सिर्फ झूठ है, पुतिन ने जब यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ा था तब से लेकर आज की तुलना में वे काफी कमजोर नज़र आते हैं।

इसी के साथ रुस में हुए इस अचानक घटनाक्रम जिसे ''आन्तरिक मामला'' बताया जा रहा है, का भारी कूटनीतिक प्रभाव पड़ा है। यकायक ही चीन को रुस ''गले की घंटी'' लगने लगा है जबकि पहले वह चीन को अमेरिका व पश्चिम के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा था।

पक्के दोस्त के कमजोर होने के कारण चीन खुलकर रुस के राष्ट्रपति की मदद को सामने आया और भाड़े की

( शेष पृष्ठ 6 पर )



*माना जा रहा है कि, तीन बी ईटर चिड़ियों की यू.के. में ऐतिहासिक वापसी हुई है। गत वर्ष गर्मी में नॉरफोक में ब्रीडिंग बी ईटर्स की एक कॉलोनी ने सफलतापूर्वक प्रजनन किया था। इस वर्ष उनमें से तीन बी ईटर्स ने वापसी की है। आर.एस.पी.बी. (रॉयल सोसायटी फॉर प्रोटैक्शन ऑफ बड्र्स) ने बताया है कि, तीन रंगबिरंगी चिड़ियाँ, नॉरफोक के शहर क्रोमर के पास नज़र आई हैं, जिनमें से एक प्रजनन योग्य जोड़ा है। यह पहली बार है, जब बी ईटर्स लगातार दूसरे साल एक ही प्रजनन स्थल पर लौटी हैं। आर.एस.पी.बी. की निगरानी वाले इस क्षेत्र को, इस खूबसूरत पक्षी का इंतज़ार कर रहे लोगों के लिए खोल दिया गया है। आर.एस.पी.बी. के मार्क थॉमस ने कहा, पूरी संभावना है कि, ये पक्षी वही हैं जिन्होंने गत वर्ष इस क्षेत्र में प्रजनन किया था। उन्होंने कहा, ''बी ईटर्स द्वारा यू.के. में कॉलोनी बनाने की यह शुरुआत लगती है। लेकिन, उनका लौटना यह भी याद दिलाता है कि, यह गर्म होती जलवायु का असर है।'' मार्क ने कहा कि, बी इटर प्रजाति के पक्षी भूमध्यसागरीय क्षेत्र के दक्षिणी भाग में और उत्तरी अफ्रीका में मिलते हैं और चूंकि धरती गर्म हो रही है इसलिए ये पक्षी उत्तर की तरफ बढ़ रहे हैं। आकार में स्टर्लिंग चिड़िया जितने बड़े ये पक्षी लाल पीठ, पीली गर्दन और गहरे फिरोज़ी रंग के पेट से पहचाने जाते हैं। मधुमक्खियां, ड्रैगनफ्लाई व उड़ने वाले अन्य कीड़े इनका प्रिय भोजन हैं। ब्रिटेन में गत 20 सालों में बी ईटर्स द्वारा प्रजनन के 6 प्रयासों का रिकॉर्ड उपलब्ध है, जिसमें अंतिम सफल प्रयास 2014 का आइल ऑफ वाइट का है। यू.के. में 1955 के बाद पहली बार 2002 में डरहम काउन्टी के बिशप मिडिलहैम में बी ईटर्स के बच्चों का जन्म हुआ था। यू.के. में यदा -कदा ही प्रजनन करने वाले इन पक्षियों का गत 20 वर्ष में इंग्लैंड में प्रजनन का यह सातवां प्रयास है। विश्व में 27 प्रकार के बी ईटर्स हैं और अधिकांश एशिया व अफ्रीका में मिलते हैं। उम्मीद की जा रही है कि, पूरी गर्मी ये पक्षी यहां रहेंगे और सर्दी आने पर दक्षिणी अफ्रीका चले जाएंगे।*

# मुख पत्र सामना में शिव सेना ने विपक्ष की एकता को ''वागनर सेना'' बताया

- अपने सम्पादकीय में शिव सेना (उद्धव ठाकरे ग्रुप) ने कहा, जैसे ''वागनर सेना'' तानाशाह पुतिन के खिलाफ विद्रोह कर, ''डैमोक्रेसी'' स्थापित करना चाहती है, उसी प्रकार विपक्ष तानाशाह (मोदी-अमित शाह) के खिलाफ संगठित होकर प्रजातंत्रीय ढांचा (डैमोक्रेसी) स्थापित करना चाहता है।
- पर, सामना यह भूल गया कि, ''वागनर सेना'' जेलों से रिहा कराके, सज़ायाफ्ता कैदियों को संगठित करके, बनायी ''पेशेवर सैनिकों'' की फौज है।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जून। अपने मुखपत्र ''सामना'' के एक सम्पादकीय में शिव सेना (यू.बी.टी.) ने एक विचित्र समानता दर्शाते हुए, भारत की विपक्षी पार्टियों की तुलना रूस के किराए के सैनिकों (मार्सिनरी) के वागनर ग्रुप से की है, जिसने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के विरूद्ध विद्रोह किया था।

शिव सेना ने अपने मुखपत्र सामना के सम्पादकीय में वागनर ग्रुप को ''प्रजातंत्र का रक्षक'' बताते हुए कहा है कि, जैसे वागनर चीफ इवगैनी प्रिगोज़न ने पुतिन के खिलाफ विद्रोह किया, वैसे ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हराने के लिए पटना पर एक मंच पर इकट्ठे हुए।

वागनर के साथ तुलना अजीब है, क्योंकि यह रूसी समूह भाड़े के सैनिकों का एक ग्रुप है जिसमें रूस की जेलों से अभियुक्तों को भर्ती किया गया है।

प्रिगोज़न के सशस्त्र बलों ने रस्तोव-ना-दान एवं सदर्न मिलिटरी डिस्ट्रिक्ट पर कब्जा कर लिया था और मॉस्को की तरफ बढ़ रहा था। बेलारूस के राष्ट्रपति, एलैक्जैण्डर लूकाशेंको के साथ बातचीत के बाद प्रिगोज़न पीछे हटने को राजी हो गया तथा इसी जून माह में उसने रस्तोव-ना-दान से अपने सैनिक हटाने शुरू कर दिए। वागनर के विद्रोह के दौरान रूस की मिलिटरी के कम से कम 13 लोग मारे गए, जबकि, वागनर लड़ाकों की तरफ किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है।

सामना के सम्पादकीय में कहा गया कि, ''पुतिन की तरह, मोदी-शाह तानाशाही और सम्पूर्ण अधिनायकवाद लाने की कोशिश कर रहे हैं।'' सम्पादकीय में आगे कहा गया कि ''मोदी-शाह जोड़ी ने विजय प्राप्त करने तथा मतदाताओं पर दबाव बनाने के लिए बड़ी संख्या में भाड़े के सैनिक (मर्सिनरी) तैयार किए हैं।

इस बीच, शिव सेना (यू.बी.टी.) नेता, संजय राउत ने वागनर उपमा का उपयोग, शिव सेना-शिंदे गुट के साथ भाजपा के गठबंधन के संदर्भ में किया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री शिंदे और उनके मंत्रियों की स्थिति ''रूस की भाड़े की सेना'' की तरह है। वो (शिंदे ग्रुप) भी आपके ऊपर (भाजपा पर) हमला करेंगे। वो किसी के सगे नहीं हैं।''

सामना के सम्पादकीय ने प्रधानमंत्री की हाल की अमेरिका यात्रा पर भी तंज कसे और ''अनुचित व अयोग्य अंग्रेजी'' में बोलने के लिए उनकी आलोचना की।

सम्पादकीय में कहा गया कि ''यह स्पष्ट नज़र आ रहा है कि, भारत के प्रजातंत्र, संविधान तथा अल्पसंख्यकों पर हमलों के बारे में वॉशिंगटन की प्रेस कॉन्फ्रैंस में पूछे गए प्रश्नों के कारण प्रधानमंत्री के पैरों के नीचे से ज़मीन खिसक गई है।''

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# केरल स्टोरी के निर्माताओं की अगली फिल्म ''बस्तर''

- फिल्म निर्माता विपुल शाह और सुदीप्तो सेन ने अपने बैनर के ट्विटर पेज पर यह घोषणा की और कहा कि, यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जून। फिल्म निर्माता विपुल शाह और सुदीप्तो सेन जिन्होंने साथ मिलकर ''केरल स्टोरी'' बनाई थी अब वे एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिसका शीर्षक है ''बस्तर'', यह फिल्म 2024 में रिलीज़ होगी।

शाह के बैनर ''सनशाइन पिक्चर्स'' ने अपने ट्विटर पेज पर यह घोषणा की कि 5 अप्रैल 2024 को हमारी नई फिल्में थेटर में रिलीज़ होगी।

उन्होंने लिखा, ''हमारी नई फिल्म ''बस्तर'' एक और सच्ची घटना देखने

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# चीन ने भी बातचीत करके रूस-यूक्रेन युद्ध समेटने की बात की

## कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सचिव हू शीजिन ने भी चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स में वार्ता का यह प्रस्ताव रखा

- पूर्व सचिव हू शीजिन के अनुसार अब ''शाडनफ्रॉयड'' (दूसरों की बर्बादी देख कर आनंद लेने) का समय नहीं है।
- मॉस्को का ड्रामा वैसी घटना नहीं है, जैसे कि, नदी के दूसरे तट पर लगी हुई आग हो, जिसे तटस्थ भाव से केवल देखा जा सकता है।
- अतः चीन उस नीति के अनुसरण में काम करना चाहता है, जिससे रूस-यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण निपटारा हो।

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जून। रूस के राष्ट्रपति युद्ध से थक चुके हैं। व्लादिमिर पुतिन के लिये स्थितियाँ अमंगलकारी हो रही हैं। भाड़े के सैनिकों के ''वागनर ग्रुप'' की कथित बगावत के बाद, पुतिन की स्थिति कमजोर हो गई है। ऐसा लगता है कि उनका मित्र देश चीन भी अब सोचने लगा है कि अब संधि-वार्ता शुरु कर देने का समय आ चुका है।

पश्चिमी मीडिया की रिपोर्टों का कहना है कि एलैक्जैंडर खोदाकोव्स्की, जो यूक्रेन की पृथकतावादी ताकतों का रूस-समर्थित कमान्डर है, ने वागनर ग्रुप की बगावत के अन्त के बाद, रविवार को एक अशुभ चेतावनी पोस्ट की है, जिसमें दावा किया है कि यह देश ''अब'' वैसा ही कभी नहीं होगा।''

वागनर ग्रुप के नेता इवगैनी प्रिगोज़न ने शुक्रवार को उस समय रूस के रक्षा मंत्रालय के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी थी, जब रूस की सेना ने कथित रूप से यूक्रेन में मौजूद कंपनी के भाड़े के सैनिकों पर हमला कर दिया था तथा बहुत से सैनिकों को मार दिया था। सेनाओं ने, उत्तर में मॉस्को की तरफ बढ़ने से पहले, रूस के नगर रस्तोव-ना-दानू के सैन्य स्थलों पर नियंत्रण कर लिया था। अव्यवस्था तथा अस्पष्टता से भी एक दिन के बाद, बेलारूस की सरकार की मदद से हुई संधि के एक अंग के रूप में, वागनर ग्रुप को हट जाने का आदेश दे दिया गया था।

खोदाकोव्स्की की पोस्ट कहती है, ''हमारा देश फिर से उस स्थिति में कभी नहीं होगा। वागनर लड़ाकों का सैन्य दल डामर की सड़क पर नहीं चल रहा है, वह लोगों के दिलों में होकर, समाज के दो टुकड़े करते हुये गुजर रहा था। हमने ईश्वर से प्रार्थना की कि दुश्मन इस स्थिति का लाभ नहीं ले सके तथा सारे संसाधनों को युद्ध में झौंक देगा, हमारे पास कोई अवसर नहीं होगा। हमारा समय वैसे भी बहुत मुश्किल है, लेकिन कल सब कुछ एक बहुत ही पतले धागे पर लटका हुआ था। और वे लोग जो

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# एक दिन में सुनाए रिकॉर्ड 65 फैसले

- यह रिकॉर्ड बनाया है दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस मुक्ता गुप्ता ने, जो आज रिटायर हो रही हैं।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जून। सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस मुक्ता गुप्ता ने जज के रुप में, रिटायर होने से एक दिन से एक दिन पहले 65 निर्णय सुनाए।

ये महत्वपूर्ण निर्णय भी अब, फैसलों की उस लंबी लिस्ट में जुड़ गए हैं जो अपने 14 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने अकेले या अन्य न्यायाधीशों के साथ मिलकर लिखवाए हैं।

कानून जगत के लोग, जहाँ, जस्टिस गुप्ता की प्रशंसा करते हैं, चोर को चोर कहने के लिए, वहीं, संवेदनशील केसों में उनका रवैया सहानुभूतिपूर्ण नज़र आया है।

रिटायर होने से एक दिन पहले दिए गए 65 निर्णयों में, उनकी अध्यक्षता वाली बैंच ने एक कैदी को मौत की सजा सुनाई। कुछ समय पूर्व दिए गए एक अन्य फैसले में, उनकी अध्यक्षता वाली बैंच ने बलात्कार और हत्या के एक केस में दो व्यक्तियों को बिना राहत के 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# 'केजरीवाल जानते हैं, उनकी ग्रोथ कांग्रेस को कोसने से ही होगी'

## इस 'थ्योरी' की अनुपालना वे 2013 से कर रहे हैं तथा पहले दिल्ली और फिर पंजाब में सत्ता में आये

- इस ''थ्योरी'' का मूल आधार, यह तर्क है कि, क्योंकि आप एक छोटी पार्टी है, कांग्रेस की तुलना में, अतः जनता की सहानुभूति आप के साथ ही होगी।
- इस ''थ्योरी'' के अंतर्गत, आप उन राज्यों पर फोकस करती आयी है, जहां कांग्रेस का परम्परागत आधार मजबूत रहा है, जैसे गुजरात, और अब मध्य प्रदेश व राजस्थान में यह फॉर्मूला काम में लिया जायेगा।
- केजरीवाल ने श्रीगंगानगर से प्रदेश में अपना चुनाव अभियान शुरू करते हुए, मु.मंत्री गहलोत पर कटाक्ष किया कि, अगर गहलोत ने पांच साल जनता के लिये काम किया होता तो, इतने बैनर-होर्डिंग लगाने की नौबत नहीं आती।
- केजरीवाल ने यह भी कहा कि, भाजपा ने भी वसुंधरा राजे के शासन में भारी भ्रष्टाचार किया, इस आरोप को गहलोत ने भी जोशीले भाषणों में दोहराया था। पर, अब पायलट द्वारा यह मुद्दा बार-बार उठाने पर भी गहलोत कोई कार्यवाही नहीं कर रहे वसुंधरा राजे के खिलाफ। क्योंकि वसुंधरा राजे उनकी बहन समान हैं।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जून। जब से दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविन्द केजरीवाल सक्रिय राजनीति में आये है, तभी से अर्थात् 2013 से ही, उनके द्वारा अपने अनुकूल सौदेबाजी के लिये खेल खेलना उनकी राजनीति की पहचान बन गये हैं और वे अब भी अपनी आजमाई हुई युक्ति एवं दाँवपेचों को काम में ले रहे हैं। अपनी इसी रणनीति के तहत तो उन्होंने पहली-मीटिंग से पहले यह घोषणा की थी कि अगर कांग्रेस दिल्ली-अध्यादेश पर अपना रूख स्पष्ट नहीं करेगी, तो वे विपक्षी दलों की 23 जून वाली पटना मीटिंग से वाक् आउट कर जायेंगे।

केजरीवाल जानते हैं कि उनकी पार्टी आप कांग्रेस की कीमत पर ही फल-फूल सकती है तथा अपना विस्तार कर सकती है, जैसा कि दिल्ली और पंजाब के मामलों में हुआ है, जहाँ पिछले 10 वर्षों में वह सत्ता में आने में सफल रही है।

जहाँ ऐसा लगा कि रविवार को कांग्रेस नेता अजय माकन द्वारा आप पार्टी पर किया गया हमला विपक्ष के उन प्रयासों के लिये एक धक्के का काम कर सकता है, जो 2024 के चुनावों में भाजपा के सामने एक संगठित मोर्चा खड़ा करने की दिशा में किये जा रहे हैं, वहीं केजरीवाल कांग्रेस को जनता की नज़रों तभी से खलनायक के रूप में प्रोजक्ट करने की कोशिश में लगे हुये थे, जब से विपक्षी एकता की चर्चा शुरु हुई है।

आप प्रमुख जानते हैं कि आप, एक छोटी पार्टी होने के नाते लोगों के दिलो-दिमाग में अपने लिए ज्यादा सहानुभूति पैदा कर लेगी, क्योंकि कांग्रेस बड़ी पार्टी है और यही कारण है कि कांग्रेस पर वे तभी से निशाना साधते आ रहे हैं, जब से वे अन्ना हजारे के नेतृत्व में हुये ''इंडिया अगेन्स्ट करप्शन'' आंदोलन के माध्यम से जनता के सामने आये थे। इस तथ्य से सभी लोग सुपरिचित हैं कि ''इंडिया अगेन्स्ट करप्शन'' आंदोलन आर.एस.एस. एवं भाजपा द्वारा प्रेरित-प्रोत्साहित, वित्त-पोषित तथा गुप्त रूप से समर्थित था।

आप का फोकस उन्हीं राज्यों पर रहा है, जहाँ कांग्रेस सत्ता में है या जहाँ वह मजबूत है। इसका उत्कृष्ट उदाहरण गुजरात में देखने को मिला, जहाँ आप पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनावों में एक बार फिर से भाजपा को जिताने में मदद की। पहले तो गोवा और हिमाचल में, और अब राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में, कांग्रेस के जनाधार में राजनैतिक घुसपैठ करने के मामले में आप पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

अजय माकन ने यह बात बिल्कुल साफ कर दी थी, जब उन्होंने कहा, ''एक तरफ तो अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस का समर्थन माँग रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ, जब वे राजस्थान जाते हैं तो हमारे वरिष्ठतम नेताओं- तीन बार मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत तथा बहुत वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सचिन पायलट के खिलाफ बयान देते हैं।'' माकन ने यह बाद रविवार को एक वीडियो-वक्तव्य में कही।

माकन ने कहा, ''क्या वे (आप) वास्तव में कांग्रेस का समर्थन चाहते हैं तथा हमारे साथ सुलह करना चाहते हैं?'' उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर भाजपा के साथ साँठ-गाँठ का आरोप लगाते कहा,

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# प्र.मंत्री 5 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

- इनमें से दो मध्य प्रदेश में हैं तथा शेष तीन गोवा-मुम्बई, रांची-पटना, और धारवाड़-बैंगलोर हैं।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मध्यप्रदेश जा रहे हैं, पांच वंदे भारत एक्सप्रैस ट्रेनों को हरी झण्डी दिखाने के लिए। इनमें से एक ट्रेन भोपाल से इंदौर तथा दूसरी भोपाल से जबलपुर है।

तीन अन्य ट्रेन जिन्हें हरी झण्डी दिखाई जाएगी, वो हैं - गोवा (मडगाँव) से मुंबई, गोवा की पहली ट्रेन जो मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस तक जाएगी। रांची से पटना, झारखण्ड व पटना में पहली वंदे भारत ट्रेन तथा कर्नाटक में धारवाड़ से बेंगलुरु, जो हुबली को कनैक्ट करेगी।

## विचार बिन्दु

जनता की आवाज़ ईश्वर की आवाज़ है। –कहावत

# पारदर्शिता और सरलीकरण के बिना भ्रष्टाचार की समाप्ति सम्भव नहीं

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसका किसी न किसी सरकारी कार्यालय से काम न पड़ा हो। यह भी सही है कि अधिकांश (या लगभग सभी) का अनुभव सुखद नहीं रहा होगा। प्रतिदिन हम सुनते हैं कि कैसे छोटे से काम के लिए नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, कलेक्टर कार्यालय, परिवहन विभाग, पुलिस आदि द्वारा उन्हें कितना परेशान और प्रताड़ित किया जाता है। अनेक बार चक्कर लगाने के बाद भी अधिकारियों, कर्मचारियों से मिलने का उनका प्रयास सफल नहीं हो पाता।

हम कुछ उदाहरणों से इस स्थिति को समझने का प्रयास करेंगे कि किस प्रकार से प्रक्रियाओं की जटिलता के कारण भ्रष्टाचार को बढ़ाने में सहायता मिल रही है। हम जयपुर विकास प्राधिकरण या नगर निगम का ही उदाहरण लें। किसी को कोई भूखंड जयपुर विकास प्रन्यास या नगर निगम से आवंटित हुआ और उसने निर्धारित समय सीमा में मकान नहीं बनाया, तो उसे निरस्त करने का प्रावधान आवंटन के नियमों में ही होता है। इसके बावजूद, वर्षों तक भूखंड खाली रखने पर भी उसे न तो निरस्त किया जाता है, न ही भूखंड का कब्जा नगर निगम या जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लिया जाता है। इसी कारण भूखंड में निवेश को प्रोत्साहन मिलता है और जो व्यक्ति वास्तव में भूखंड पर निर्माण करके अपना घर बनाकर रहना चाहते हैं, वे ऐसा करने में असमर्थ हो जाते हैं।

निर्माण के लिए जे डी ए और नगर निगम ने नियम बना रखे हैं। यह देखा गया है कि बड़ी संख्या में लोग बिना सेट- बेक छोड़े जितनी मंजिला बनाने की अनुमति है, उससे कहीं अधिक बना लेते हैं। यह स्थिति इसीलिए उत्पन्न होती है कि आवश्यकता के अनुसार नियमों को सरल एवं स्पष्ट नहीं बनाया गया। ऐसा नहीं है कि जेडीए अधिकारियों, कर्मचारियों को अवैध निर्माण की जानकारी ना हो। यह सर्वज्ञात है कि निर्माण कार्य प्रारंभ होने के कुछ समय बाद, संबंधित निकाय के निरीक्षक गण भूखंड के स्वामी के पास पहुंच जाते हैं और 'अनौपचारिक समझौता' उनके साथ कर लेते हैं। उन्हें सलाह दी जाती है कि वह अपने मकान की छत डलवा लें, ताकि बाद में तोड़ने की स्थिति उत्पन्न ही न हो। सबको पता है कि एक बार पूरा मकान बन जाए तो उसके बाद तोड़ना लगभग असंभव हो जाता है। जो व्यक्ति नियमों की पालना करने के उद्देश्य से निर्माण की अनुमति के लिए आवेदन करता है, वह अनिश्चितकाल तक उसकी प्रतीक्षा करता रहता है। दूसरा व्यक्ति जो नियमों की पालना न करते हुए, उसे धता बताकर, नगर निगम / जे.डी.ए. के कर्मचारी, अधिकारियों को 'सुविधा शुल्क' के बदले अवैध निर्माण की 'सुविधा' प्राप्त कर लेता है। वह निर्माण पूरा करके उसका लाभ प्राप्त करना प्रारंभ कर देता है। ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि निर्माण संबंधी नियम एवं प्रक्रिया की आवश्यक जानकारी स्पष्ट रूप से सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध करा दी जाए ताकि प्रत्येक नागरिक उसी के अनुसार काम कर सके? समस्या तब उत्पन्न होती है जब समान परिस्थिति वाले दो प्रकरणों में से एक, जो नियमानुसार चलना चाहता है, उसे तो रोक कर परेशान किया जाता है और दूसरा जो नियमों की अवहेलना करता है वह लाभ लेता दिखाई देता है। ऐसी परिस्थिति में अधिकांश नागरिक न चाहते हुए भी अधिकारियों की 'भेंट-पूजा' करने हेतु बाध्य हो जाते हैं। इस पूरी प्रक्रिया से नगर निगम और जेडीए के अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए भ्रष्टाचार का अवसर तैयार हो जाता है। पाठकों में से शायद ही कोई ऐसा होगा जिसने स्वयं या उनके मिलने वालों ने नगर निगम या जेडीए में कोई भी काम किसी प्रकार का सुविधा शुल्क दिए बिना निकलवा लिया हो।

होना तो यह चाहिए कि जो काम होना है, वह बिना किसी के कहे, निश्चित समय में पूरा कर दिया जाए और यदि कोई कमी है, तो वह काम किसी के भी कहने पर ना हो। जब किसी के कहलाने पर काम हो जाता है तो व्यक्ति 'कहलवाने' पर ही अपना पूरा जोर लगाता है और उसके लिए धनराशि व्यय करने के लिए तत्पर रहता है।

कोई व्यक्ति राशन कार्ड बनवाना चाहे तो उसके लिए कोई तरीका नहीं है। कोई उसे बताने वाला नहीं है कि उसके लिए कहाँ उसे प्रार्थना पत्र देना है और किन दस्तावेजों के आधार पर राशन कार्ड बना दिया जाएगा? कभी यह कहा जाता है कि आजकल राशन कार्ड वितरण का काम बंद किया हुआ है, और कभी ऐसे दस्तावेज मांगे जाते हैं जिन्हें प्राप्त करना संभव ही नहीं होता। योजनाएं लागू करने से पहले उपयुक्त होगा यदि संबंधित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी सामान्य नागरिक की तरह आवेदन करें। यदि वेबसाइट से, बिना किसी सहायता के, योजना का लाभ प्राप्त कर पाने में वे सफल हो जाएँ तो मानना चाहिए कि उनके द्वारा निर्धारित प्रक्रिया बिना किसी भेदभाव के और बिना किसी परेशानी के वांछित लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए उपयुक्त है।

**सबसे बड़ी भूमिका तो कानून बनाने वाले अधिकारियों की है जो इस प्रकार की भाषा का उपयोग करते हैं जिसका 10 लोग 10 प्रकार का मतलब निकाल सकते हैं। क्या हम अपने नियमों की भाषा ऐसी नहीं बना सकते जिसे कोई भी व्यक्ति पढ़े, उसका एक ही मतलब निकले? ऐसा होने पर, किसी के लिए उनका दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार में लिप्त होने की सम्भावना बहुत कम हो जाएगी।**

यहां एक और उदाहरण देना समीचीन होगा। हमारे एक मित्र ने अपने एक फ्लैट का नगरीय विकास कर, नगर निगम के मांगपत्र के अनुसार, कुछ वर्षों पूर्व पूरा चुका दिया था। इसके बावजूद, कुछ दिनों पूर्व उन्हें पुनः एक नया नोटिस मिला कि उनका नगरीय विकास कर बकाया है। उन्हें इसका कारण यह बताया गया कि पहले उनका फ्लैट पीछे की ओर मानते हुए कर की गणना की गई थी जबकि फ्लैट वास्तव में आगे सड़क की तरफ है। क्या पहली बार जब गणना की गई थी तो उन्हें नहीं पता था? मित्र ने जो पैसा जमा कराया था उसे समायोजित करते हुए शेष राशि का नोटिस देने की बात कही तो उनकी बात को नहीं सुना गया। वह नगर निगम के अधिकारियों से मिलने का असफल प्रयास कई बार कर चुके हैं। यह हाल तो उसका है जो ईमानदारी से पूरा कर चुकाना चाहता है। संभव है, कोई एजेंट या बिचौलिया उनसे शीघ्र संपर्क करे और उनसे कोई सुविधा शुल्क लेने का प्रयास करे।

कृषि भूमि पर अवैध आवासीय एवं व्यावसायिक निर्माण होने के अनेक मामले जयपुर में हैं। माननीय उच्च न्यायालय ने कई बार निर्णय दिया है आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। बड़े-बड़े नगर नियोजक क्या इतनी छोटी सी बात का ध्यान नहीं रख सकते थे कि जहां भी आवासीय कॉलोनी होगी वहां पर विभिन्न स्तरों की व्यावसायिक गतिविधियां चलाने के लिए व्यवस्था करनी होगी? पहले तो आप आवासीय भवन को व्यावसायिक कार्य हेतु परिवर्तन करने की अनुमति नहीं देंगे और कुछ लोग आवश्यकता के दबाव में ऐसा कार्य करना प्रारंभ कर देंगे तो उन्हें टोका भी नहीं जाएगा। स्थिति के गंभीर, विकराल रूप धारण कर लेने पर नगर निगम या जेडीए हाथ खड़े कर लेगा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना भी संभव नहीं है। हमें यह समझना होगा कि भ्रष्टाचार तीन स्तरों का होता है, पहला वह जो उच्चतम स्तर पर बड़ी खरीद, ठेके आदि में होता है जहां पर सरकार के मंत्री, अधिकारी एवं उनका पूरा तंत्र किसी विशेष निजी ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के एवज़ में उनसे बड़ी राशि वसूल करता है। इसमें देने वाला और लेने वाला दोनों ही लाभ की स्थिति में होते हैं, इसलिए इस प्रकार के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अलग तरीका अपनाना होगा। दूसरा, होता तो छोटे स्तर पर है, किंतु उसमें में भी नागरिक अपने स्वार्थ के लिए नियमों की अवहेलना करके गलत काम हेतु संबंधित अधिकारी, कर्मचारी से सांठगांठ करके ऐसा करता है। इसे भी रोकना मुश्किल है क्योंकि इसमें किसी को कोई शिकायत नहीं होती।

इसके अलावा एक भ्रष्टाचार ऐसा भी होता है जो मजबूरी में नागरिक को तो करना पड़ता है। यदि वह नियम और प्रक्रियाओं की पूर्णतया पालन करना भी चाहे तो उसका काम आगे नहीं बढ़ता। सरकारी प्रक्रियाओं की जटिलता और उनका अस्पष्ट होना इसका मुख्य कारण है। लगता है जैसे अस्पष्टता और जटिलता सरकारी कामकाज की पहचान बन गए हों। भारत सरकार के जिन उपक्रमों में इस दिशा में काम हुआ है जैसे रेलवे टिकट बुकिंग, इनकम टैक्स असेसमेंट, पासपोर्ट कार्यालय आदि, वहाँ भ्रष्टाचार अत्यंत कम हुआ है। जहां कर्मचारी और नागरिक के मिलने की अनिवार्यता नहीं हो, वहां भ्रष्टाचार की संभावना अपने आप कम हो जाती है। ऐसा करने में टेक्नोलॉजी की बड़ी भूमिका हो सकती है किंतु इसके लिए भी अच्छी नीयत की आवश्यकता तो होगी ही। टेक्नोलॉजी एक साधन है न कि साध्य।

साधारण ईमानदार नागरिक को कष्ट और क्षोभ तब होता है जब वह भ्रष्टाचार के तरीके अपनाने वाले व्यक्ति का काम सुगमता से होता हुआ देखता है और वह पंक्ति में अनिश्चित काल तक इंतजार ही करता रहता है। नियमों की पेचीदगी का लाभ उठाते हुए कर्मचारी, अधिकारी, भ्रष्टाचार के रास्ते निकाल ही लेते हैं।

राजस्थान में इस दिशा में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं के दबाव के कारण कुछ कानून तो बने जैसे, राजकीय सेवाओं को प्रदान करने की गारंटी का कानून, सुनवाई का कानून आदि, किंतु इन कानूनों की पालना न करने वाले पर क्या कार्रवाई होगी इसकी स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने के कारण दोषी अधिकारियों कर्मचारियों को दंडित होते हुए नहीं देखा गया है। राजस्थान सरकार के पास जवाबदेही कानून लंबित है जिस में विलंब करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उन पर कार्रवाई करने का प्रावधान है। सरकार अभी तक इस विधेयक को विधानसभा में नहीं लाई है और एवं इसी कारण यह कानून नहीं बन पाया है।

सबसे बड़ी भूमिका तो कानून बनाने वाले अधिकारियों की है जो इस प्रकार की भाषा का उपयोग करते हैं जिसका 10 लोग 10 प्रकार का मतलब निकाल सकते हैं। क्या हम अपने नियमों की भाषा ऐसी नहीं बना सकते जिसे कोई भी व्यक्ति पढ़े, उसका एक ही मतलब निकले? ऐसा होने पर, किसी के लिए उनका दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार में लिप्त होने की सम्भावना बहुत कम हो जाएगी। अधिकांश जनसंख्या से अगर हम चाहते हैं कि वह कानून कायदों का पालन करे, तो उसके लिए आवश्यक है कि नियमों को तोड़ने वाले पर पूरी सख्ती से समान रूप से कार्रवाई की जाए। ऐसा करते समय किसी प्रकार का भेदभाव, प्रक्रियाओं की जटिलता का ही कारण परिणाम है।

उदयपुर का एक उदाहरण देना उपयुक्त होगा। उदयपुर झीलों का शहर है और पूरा शहर झीलों के आसपास बसा हुआ है। ऐसी स्थिति में कोई ऐसा कानून अचानक आ जाए जिसके अनुसार झीलों से आधा किलोमीटर की दूरी तक कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाए तो फिर यह भ्रष्टाचार को बढ़ाने वाला ही होगा। ऐसा कोई प्रतिबंध लगना भी था, तो जब कोई निर्माण नहीं था, उस समय लगाना चाहिए था। जब भूखंड, स्वयं नगर विकास न्यास या नगर निगम ने आवंटित किए हैं और 90 प्रतिशत से अधिक मकान बन चुके हैं तो उन पर रोक लगाना साधारण नागरिक को प्रताड़ित करना ही माना जाएगा। रोचक तथ्य यह है कि बड़े-बड़े पांच सितारा होटलों को तो झील के ठीक किनारे बहुत बड़ा निर्माण कार्य करने की अनुमति स्वयं सरकार द्वारा दी गई है। इस प्रकार प्रभावशाली एवं साधारण व्यक्तियों के बीच में भेदभाव रखा जाएगा तो इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा और साथ ही लोगों में असंतोष भी।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि यदि कानून, नियम और प्रक्रियाएं व्यवहारिक, सरल, स्पष्ट हों, सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार हो तथा नागरिक भी संयम बरतते हुए अन्य से पहले अपना काम करवाने का लोभ नहीं रखें तो भ्रष्टाचार पनपने की सम्भावना स्वतः कम हो जाएगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# नंदीश्वर द्वीप के अकृत्रिम जिन मंदिरों की पूजा का पर्व है अष्टानिका पर्व

## सिद्धचक्र विधान का आयोजन 26 जून से 3 जुलाई तक होगा



भागचंद जैन मित्रपुरा

जन धम का अष्टाहका पव अथात् 8 दिन तक मनाए जाने वाला पर्व। यह वर्ष में तीन बार कार्तिक, फाल्गुन एवं आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की अष्टमी से पूर्णिमा तक आठ दिन के लिए मनाया जाता है।

**क्यों मनाया जाता है ?**

सौधर्म इंद्र अपने इंद्र परिवार के साथ नंदीश्वर द्वीप जो आठवां द्वीप है, जिसमे अनादि, अनंतकालीन 52 अकृत्रिम, जो कि किसी के द्वारा बनाए नहीं गए है एवं ना ही कभी मिटेंगे, जिन चैत्यालय है, में पूजन करके हर्षित होते है।

इसी क्रम का अनुसरण करने की भावनानुरुप हम स्वयं में इंद्र की स्थापना करते हुए स्वयं को इंद्र मानकर, देवलोक जैसी शक्ति का आभास कर जिन मंदिरों में पूजा करते है।

**किसकी आराधना की जाती है?**

इस दौरान सिद्धों की आराधना करते हुए आठ दिनों का सिद्ध चक्र विधान का आयोजन करते है। सिद्ध चक्र विधान मंडल में प्रथम दिन 8, दूसरे दिन 16, तीसरे दिन 32, चौथे दिन 64, पंचम दिवस 128, छठे दिन 256, सातवे दिन 512 एवं आठवें दिन 1024 अष्ट द्रव्य के अर्ध समर्पित किए जाते है। इस तरह कुल पर्व के इन दिनों में नंदीश्वर द्वीप की भी पूजा कर सकते है। अष्टान्हिका पर्व की शुरुआत मैना सुंदरी द्वारा अपने पति श्रीपाल के कुष्ठ रोग निवारण के लिए किए गए प्रयासों से हुई थी। पति को निरोग करने के लिए उन्होंने आठ दिनों तक सिद्धचक्र विधान मंडल की साधना की थी एवं तीर्थंकरों के अभिषेक जल के छीटें देकर रोग निवारण किया था। इसका जैन ग्रथों में भी उल्लेख मिलता है।

दशलक्षण धर्म की तरह ही अष्टांहिका पर्व का भी बहुत महत्व है, अतः जयपुर में भी विभिन्न कॉलोनियों के जिन मंदिरों में भी इस वर्ष सिद्धचक्र विधान का आयोजन 26/06/23 से 03/07/23 तक किया जा रहा है।

26/06/23 को सभी जैन मंदिरों में नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा। इसी दौरान जैन साधु, साध्वियों द्वारा पांच माह के वर्षाकाल की स्थापना भी होने जा रही है।

**सिद्धचक्र विधान मण्डल की महिमा**

चम्पापुर के राजा अरिदमन और रानी कुन्दप्रभा के तेजस्वी पुत्र रत्न हुआ। उस बालक का नाम श्रीपाल रखा गया। कालांतर में श्रीपाल की प्रतिभा को देखकर राज्य संचालन का दायित्व सौंप दिया गया। राजकार्य में दत्तिचत, कामदेव के समान श्रीपाल को एवं अन्य 700 वीरों को अचानक एक साथ महाभयानक कुष्ठ रोग हो गया, जिससे इन लोगों का शरीर गलने लगा एवं खून बहने लगा। इन सभी की दशा देखकर प्रजाजन अत्यन्त क्षुब्ध एवं दुःखी रहते थे। जब रोग की दुर्गन्ध के कारण वातावरण बिगड़ने लगा, तब चाचा वीरदमन के कहने पर श्रीपाल 700 वीरों के साथ नगर से बहुत दूर उद्यान में जाकर निवास करने लगे।

उधर उज्जयनी नगरी के राजा पुहुपाल एवं रानी पद्मरानी के गर्भ से सुरसुन्दरी एवं मैनासुन्दरी नाम की दो पुत्रियों ने जन्म लिया। उनमें से सुरसुन्दरी शैव गुरु से एवं मैनासुन्दरी ने आर्यिका से धार्मिक अध्ययन किया था। पिता के पूछने पर सुरसुन्दरी ने अपनी स्वेच्छानुसार हरिवाहन से विवाह स्वीकार कर लिया, परन्तु मैनासुन्दरी ने कहा है कि कुलीन एवं शीलवती कन्यायें अपने मुख से किसी अभीष्ट वर की याचना कदापि नहीं करती है। मैनासुन्दरी की विद्वतापूर्ण वार्ता को सुनकर राजा पुहुपाल तिलमिला गये और उन्होंने क्रोध में आकर कोढ़ी राजा श्रीपाल से विवाह कर दिया। राजा श्रीपाल के कुष्ठ रोग को दूर करने के लिये मैनासुन्दरी ने गुरु के आशीर्वाद एवं विधि के अनुसार अष्टाहिनका पर्व में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन किया एवं अभिषेक गंधोदक का सभी रोगियों के ऊपर छिड़काव किया जिसके प्रभाव से श्रीपाल के साथ 700 वीरों का भी कुष्ठरोग ठीक हो गया था।

कुछ समय बाद श्री पाल मैनासुन्दरी के साथ चम्पापुरी वापस आ गये। एक दिन श्रीपाल अपने महल के छत पर बैठे हुये थे। आकाश में बिजली चमकी, जिसे देखकर उन्हें वैराग्य हो गया। वे अपने पुत्र धनपाल को राज्य सौंपकर वन की ओर चले गये। उनके साथ 8000 रानियाँ तथा माता कुन्दप्रभा भी वन को प्रस्थान कर गई।

श्रीपाल ने मुनीश्वर के पास जाकर जिनदीक्षा धारण कर ली। उनके साथ 700 वीरों ने भी दीक्षा ले ली, माता कुन्दप्रभा व अन्य रानियों ने भी आर्यिका के व्रत ग्रहण किये। श्रीपाल कठोर तपस्या करते हुए अल्पसमय में ही घातिया कर्मो को नष्ट कर केवलज्ञान प्राप्त किया और फिर शेष कर्मों को नष्टकर मोक्षधाम को प्राप्त हुये एवं मैना सुंदरी ने भी अगले भव में शिवधाम को अपनाया।

**संकलन–भागचंद जैन मित्रपुरा,**
**अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर**

# 80 वर्षीय वृद्धा ने प्रशासन से बंद रास्ता खुलवाने की मांग की

**पाटन,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के नजदीक ग्राम पंचायत माकड़ी के राजस्व ग्राम बणियाला नगर की ढाणी दीना काला में रजवन देवी उम्र 80 वर्ष स्वर्गीय गणेश राम यादव द्वारा अनुचित रुप से बंद किए गए रास्ते को खुलवाने के लिए तहसीलदार नीमकाथाना, उपखंड अधिकारी नीमकाथाना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना एवं जिला कलेक्टर सीकर के कार्यालय में चक्कर लगाकर थक चुकी है परंतु कटानसुदा रास्ता जिस को अनुचित रूप से बंद कर दिया गया है प्रशासन उस रास्ते को खुलवा भी नहीं सका है।

जानकारी के अनुसार एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला प्रशासन के आगे चक्कर लगा रही है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। 40 वर्ष पहले स्वर्गीय गणेश राम यादव ने मकान बनाए थे। उस वक्त से खसरा नंबर 264/ 62 में प्रचलित रास्ता था तथा उसी में से आना जाना होता था, बाद में इस रास्ते को कटवा कर रिकॉर्ड में दर्ज करवा दिया गया। वृद्ध रजवन देवी का कहना है कि वर्तमान में इस रास्ते को बंद कर दिया गया है जिस कारण मेरे परिवार का आना-जाना भी बंद हो गया है। रजवंत देवी ने यह भी बताया कि पूर्व में भी धनसी राम सैनी एवं उसकी माताजी द्वारा हमें परेशान करने के लिए दो बार रास्ता बंद किया था जिसको प्रशासन द्वारा खुलवाया गया था। 10 जून से फिर इस रास्ते को अनुचित रूप से बंद कर दिया गया जिस कारण हमारा पूरा परिवार घर में ही कैद हो गया। वर्तमान में फसल जुताई का काम चल रहा है मजदूरी वास्ते ट्रैक्टर को भी बाहर ले जाना दूबर हो गया है। उम्र के हिसाब से मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता जिसका फायदा ये लोग उठा रहे हैं और पक्की दीवार लगा लगा कर इस रास्ते को बंद करने में लगे हैं। इस बारे में प्रशासन के चक्कर लगा लगा कर मैं थक चुकी हूं परंतु प्रशासन द्वारा रास्ता चालू नहीं करवाया गया। मात्र फोरी कागजी कार्यवाही कर हमारे आंसू पोछने का काम किया जा रहा है।



पीड़ित वृद्ध महिला।

■ **रास्ते को बंद के कारण परिवार का आना-जाना भी बंद हुआ**

पुलिस का हाल तो यह है कि हम लोगों को ही डरा धमका कर भेज देते हैं तथा यह और कहते हैं कि आप ज्यादा चक्कर मत लगाओ अन्यथा झूठे मुकदमे लगा कर अंदर कर देंगे। रजवन देवी ने यह भी बताया कि अगर हमें यहां न्याय नहीं मिलता है तो हम न्याय के लिए मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे और वहां पर भी न्याय नहीं मिला तो अदालत का दरवाजा खट खटाएंगे।

# दलित की जमीन पर दबंगों का कब्जा, जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं

**मसूदा,** (निसं)। गरीब अनुसूचित जनजाति भील की जमीन पर कब्जा करने व मारने की धमकियां मिल रही है। इस संदर्भ में राजस्थान भील समाज के प्रदेश प्रतिनिधि सुरेश चंद भील के तत्वाधान में सोमवार को मसूदा उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन दिया जिसमें बताया कि मसूदा के डांगेश्वर कॉलोनी में सजनी देवी पत्नी रूप लाल भील के नाम से मसूदा द्वितीय में खसरा संख्या 5365/4224 कि 10 बीघा भूमि खातेदारी में दर्द चली आ रही है। वर्णित भूमियों पर शांतिपूर्ण तरीके से मालिकाना हक अधिकार एवं कब्ज आकाश चला रहा है।

जिस पर किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं है रहा है किंतु अब हमारी उपरोक्त भूमि में वीरेंद्र, मुकेश, भंवर लाल, मिश्रीलाल, कालू, सीताराम सहित 10-15 भूमाफियाओं की दबंगई देखने को मिल रही है। जहां खातेदारी जमीन पर जेसीबी चलाई गई। पीड़ित ने बताया कि इन लोगों द्वारा राजनीतिक दबदबा होने की वजह से हम अनुसूचित जनजाति की जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि समाज के कुछ लोगों ने रोकने का किया प्रयास लेकिन भूमाफियाओं ने उनके साथ मारपीट करना शुरू कर और जातिसूचक शब्द से अपमानित करने लगे। पीड़ित परिवार ने अतिकर्मियों के खिलाफ मसूदा थाने में मामला दर्ज करवाया लेकिन राजनीतिक दबदबा होने से कोई कार्रवाई नही हुई। जिसके चलते उपखंड अधिकारी भरत राज गुर्जर से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने एवं उक्त खातेदारी जमीन को अतिकर्मियों से मुक्त करने की गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी भूमियों से बेदखल कर जबरन एवं नाजायत व दादागिरी से कब्जा कर लिया है तथा जेसीबी चलाकर डोल एवं ट्रैक्टर द्वारा हल तक चला दिए और कब्जा कर लिया है।

जबकि इन लोगों का मेरी भूमि से कोई लेना-देना वह संबंध सरोकार नहीं है। इसके बावजूद मुझे गरीब अनुसूचित जनजाति के परिवार के साथ यह लोग अत्याचार कर हमारी एकमात्र जीविका के स्रोत को हमसे छीन कर हमें बेघर करने पर आवाज हो रखे हैं तथा इन लोगों को ऐसा नहीं करने के कहने पर उल्टा यह लोग मेरे व मेरे परिवार के ऊपर आग बबूला होकर हमको गालियां जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया।



राजस्थान भील समाज के प्रदेश प्रतिनिधि के साथ लोगों ने मसूदा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

# रेलवे समिति सदस्य ने आवास निर्माण कार्य का जायजा लिया

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना में रेलवे विद्युतीकरण योजना के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण में अनियमितता और घटिया निर्माण सामग्री की शिकायतों के बाद आज उत्तर पश्चिम रेलवे की जेडआरयूसीसी समिति के सदस्य शंकरलाल परसावत मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण साइट पर मौजूद कंपनी के अधिकारियों और कार्मिकों से योजना की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों के संबंध में भी चर्चा की। परसावत में कार्मिकों को हिदायत दी कि निर्माण कार्यों में अनियमितता और घटिया सामठी का उपयोग से बचा जाए, ताकि गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि इस साइट से उन्हें जो जानकारी मिली है, उससे वह रेलवे के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाएंगे तथा पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य की मांग करेंगे।

गौरतलब है कि डीडवाना रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण परियोजना के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण कार्य चल रहा है। विद्युतीकरण कार्य का टेंडर टाटा इरकॉन को मिला है।

## राशिफल मंगलवार 27 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र दिन 2:43 तक, वारियान योग प्रातः 6:23 तक, बालव करण दिन 2:35 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3:28 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-मिथुन, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 2:43 तक है। आज भडल्या नवमी है। गुप्त नवरात्रा समाप्त होंगे और श्री हरि जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:04 से 10:47 तक, लाभ-अमृत 10:47 से 2:12 तक, शुभ 3:55 से 5:38 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में योजना बनेगी। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। धन खर्च पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**तुला**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। कानूनी मामलों से राहत मिल सकती है।

**धनु**
व्यावसायिक मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे और अनुबंध प्राप्त होंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# स्पष्ट है गलत फीडबैक के आधार पर जिलों की घोषणा हुई!

## जिलों के सीमांकन से पहले बढ़ा विवाद, मुख्यमंत्री को विधायकों से करनी पड़ी बात

- विवादों से निपटने के लिए कई जिलों की घोषणा होगी वापस, सीमांकन करना सबसे बड़ी चुनौती
- दो दिन पहले ही दूदू में जबरन शामिल कराने का विरोध करते हुए सांभर-फुलेरा और जोबनेर की जनता ने किया था अजमेर हाईवे जाम

**जयपुर**, (का.प्र.)। जैसी संभावना थी, ठीक वैसा ही हो रहा है और राजस्थान में नए जिलों का विवाद अब सड़कों पर आ गया है। पहले धरने प्रदर्शनों से शुरू हुआ यह विवाद अब हाईवे जाम, आंसू गैस और हिरासत तक पहुंच गया है। ऐसे में सीमांकन की घोषणा और जिलों की अधिसूचना जारी होने से पहले ही मुख्यमंत्री इस विवाद को सुलझाने में जुट गए हैं। हालांकि अब सरकार के भी यह बात समझ आ गई है कि गलत फीडबैक के आधार पर जिलों का फैसला किया गया था।

वैसे तो राजस्थान में जिलों की घोषणा होने के बाद लगभग सभी जिलों में विवाद की स्थिति है और यह विवाद जयपुर शहर के दो टुकड़े करने और जयपुर ग्रामीण में कोटपूतली- बहरोड़ के अलावा दूदू को जिला बनाने के बाद सर्वाधिक बढ़ा। उसके बाद केकड़ी, शाहपुरा, अनूपगढ़, सांचौर, भीनमाल, मालपुरा, मसूदा और खैरथल-कठूमर से लेकर डीग-कुम्हेर तक बना हुआ है।

दो दिन पहले दूदू में शामिल होने से मना करने के बाद सांभर-फुलेरा और जोबनेर की जनता जिस तरह से मुख्यमंत्री के सलाहकार बाबूलाल नागर की धमकी के बाद अजमेर हाईवे पर उतरी और विवाद भड़क गया। उसके बाद अब मुख्यमंत्री ने जयपुर जिले के तमाम विधायकों को बुलाकर इस विवाद को सुलझाने का प्रयास शुरू किया है। हालांकि एक बात स्पष्ट है कि अब विधायकों ने जिस तरह से मुख्यमंत्री को फीडबैक दिया है, उसके बाद ना तो जयपुर शहर दो हिस्सों में बटेगा और ना अब दूदू जिला बन पाएगा। ऐसे में जयपुर ग्रामीण में एक नया जिला बन सकता है जिसमें कोटपूतली बहरोड में आने वाले क्षेत्र के अलावा बाकी बचे तमाम क्षेत्र शामिल किए जा सकते हैं।

विधायकों के साथ हुई बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह आश्वासन दिया कि जबरदस्ती किसी क्षेत्र को दूदू में शामिल नहीं किया जाएगा। लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा। बैठक में दूदू जिले को लेकर उठे विवाद पर मंत्री और विधायकों ने मुख्यमंत्री से खुलकर कहा कि इस मामले में जनभावना पूरी तरह खिलाफ है। बगरू, जोबनेर, फुलेरा, सांभर क्षेत्र के लोग दूदू में जाने को तैयार नहीं हैं। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बैठक में सीएम से साफ कहा कि जोबनेर से लेकर आसपास के लोग जयपुर से अलग नहीं होना चाहते हैं। यहां के लोग जयपुर जिले में ही रहना चाहते हैं, हमें जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए। सांभर फुलेरा की जिले की मांग भी पुरानी है, इन लोगों की बात सुनने की जगह दूदू में जबरदस्ती शामिल करने से आक्रोश है, इस मामले को जल्द नहीं सुलझाया तो नुकसान होगा।

बैठक में जयपुर शहर के विधायकों ने भी एक सुर में कहा कि राजधानी के टुकड़े नहीं होने चाहिए। दूदू जिले में शामिल करने का विरोध कर रहे इलाकों के विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लोकसभा क्षेत्र की तर्ज पर जयपर ग्रामीण और जयपुर लोकसभा में सभी आठों विधानसभा क्षेत्र शामिल किए जाएं। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि इन इलाकों के लोग जयपुर के नाम से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। जयपुर शहर क्षेत्र को जयपुर और दूदू और इसके आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर जिले का नाम जयपुर ग्रामीण कर दिया जाता है तो लोग तैयार हो जाएंगे। ऐसे में अब दूदू जिले की जगह जयपुर ग्रामीण नाम किया जा सकता है। दूदू में शामिल होने का विरोध कर रहे चाकसू विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने बैठक के बाद कहा कि मुख्यमंत्री से जिलों के विवाद पर बात हुई है, सब समाधान हो जाएगा, सीएम खुद बयान देंगे, सीएम हमारी मांगों और सुझावों पर सकारात्मक है इसलिए अब नाराजगी जैसी बात नहीं है। मैंने साफ कहा है कि चाकसू विधानसभा क्षेत्र का कोई गांव दूदू में नहीं जाना चाहिए। माधोराजपुरा के लोग दूदू में शामिल कराने की कोशिश के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। चाकसू क्षेत्र का एक भी गांव दूदू में नहीं जाना चाहिए। दूदू को अकेले जिला या राज्य जो भी बनाना है बना दीजिए।

वही मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सभी की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा और किसी भी क्षेत्र को दूदू में जबरदस्ती शामिल नहीं किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि जयपुर शहर के दो जिले नहीं बनेंगे और एक ही जिला रहेगा। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिलों की बंपर घोषणा करके जो राजनीतिक फायदा लेना चाहते थे, अब हर जिले में उठ रहे विवाद के चलते कांग्रेस को इसका नुकसान होता ज्यादा दिख रहा है, क्योंकि कई जगह तो जिलों के बंटवारे में सीमांकन के दौरान एक विधानसभा 2 जिलों में जा रही है, तो कई जगह 3 जिलों में हिस्सा बट रहा है। ऐसे में अब कांग्रेस के जो मंत्री-विधायक जिलों की घोषणा पर स्वागत सत्कार करा रहे थे। अब वह किसी तरह से इस विवाद से बाहर निकलने के रास्ते ढूंढ रहे हैं।

# सत्ता वापिसी का पैंतरा आज सरकार के गले की फांस बन गया : राजेन्द्र राठौड़

- 'सांभर-फुलेरा को जिला बनाने की मांग को लेकर हजारों लोग आंदोलनरत हैं जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। लाठीचार्ज में 24 लोग घायल हो गए हैं
- 'सुजानगढ़, भीनमाल, सूरतगढ़, भिवाड़ी, लाडनूं, देवली व अनूपगढ़ को अलग जिला बनाने तथा घोषित जिलों डीडवाना-कुचामन, बहरोड-कोटपूतली में जिला मुख्यालयों के चयन और जयपुर व जोधपुर को एक जिले से दो भागों में विभक्त नहीं करने को लेकर जगह-जगह आंदोलन चल रहे हैं'

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 17 मार्च को सदन में राजस्थान विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2023 और राजस्थान वित्त विधेयक 2023 पर चर्चा के दौरान रामलुभाया कमेटी की रिपोर्ट के आये बिना प्रदेश में 19 जिलों के गठन और 3 संभाग गठित की घोषणा करके सत्ता में वापिस लौटने का जो पैंतरा आजमाया गया था वो आज सरकार के गले की फांस बन गया है। नये जिलों को लेकर प्रदेश में चल रहे आंदोलन हिंसक हो गये हैं। कांग्रेस सरकार चुनाव के चलते जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि सांभर-फुलेरा को जिला बनाने की मांग को लेकर हजारों लोग आंदोलनरत हैं जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। लाठीचार्ज में 24 लोग घायल हो गए हैं। सुजानगढ़, भीनमाल, सूरतगढ़, भिवाड़ी, लाडनूं, देवली व अनूपगढ़ को अलग जिला बनाने तथा घोषित जिलों डीडवाना-कुचामन, बहरोड-कोटपूतली में जिला मुख्यालयों के चयन और जयपुर व जोधपुर को एक जिले से दो भागों में विभक्त नहीं करने को लेकर जगह-जगह आंदोलन चल रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 16 के तहत जनता से राय एवं सुझाव लेकर ही नोटिफिकेशन जारी कर नये जिलों का गठन किया जा सकता है। नये जिलों की घोषणा को 3 माह से अधिक समय बीत चुका है। 1 अप्रैल 2023 को विधिवत रूप से नये जिले अस्तित्व में आ जाने चाहिये थे लेकिन अभी तक सरकार ने कलेक्टर की बजाय महज विशेषाधिकारी लगाये हैं। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस सरकार ने नये जिलों के लिए ना तो अभी तक कोई नोटिफिकेशन जारी किया है और ना ही जनता से कोई राय/सुझाव/आपत्तियां मांगी हैं। जिलों के गठन की घोषणा के बाद से ही घोषित जिलों में आपाधापी में भू-माफिया गैंग सक्रिय हो गई है जिससे अराजकता का वातावरण बन रहा है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आनन-फानन में रामलुभाया कमेटी की रिपोर्ट के इंतजार के बिना व बिना कोई विधिक प्रक्रिया अपनाएं और बिना किसी प्रशासनिक सुदृढ़ता के नये जिलों/संभागों की घोषणा करके महज राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति मात्र करने का ढोंग किया है। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में 19 जिलों व 3 संभागों के लिए गठन के लिए सरकार ने महज 2 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जबकि इतने बजट की आवश्यकता तो अकेले एक नये जिले को होगी। सरकार के कार्यकाल में चुनाव आचार संहिता लगने में मात्र 3 माह बचे हैं और सरकार द्वारा नियुक्त ओएसडी सीमांकन के कार्य से कोसों दूर हैं क्योंकि अभी तक उन्हें स्वयं के कार्यालय ढूंढने में ही मशक्कत करनी पड़ रही है। राठौड़ ने कहा कि सरकार ने जिन जिलों की घोषणा की थी, उसमें जयपुर एवं जोधपुर को दो अलग अलग जिलों में बांटने को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बरकरार है। इसी प्रकार कुचामन व डीडवाना जिला की दूरी महज 45 किमी है। कोटपूतली-बहरोड में से जिला हेडक्वार्टर कौनसा रहेगा, इसको लेकर भी असमंजस की स्थिति है। मुख्यमंत्री ने समर्थित दोनों निर्दलीय विधायकों को खुश करने के लिए दूदू और गंगापुर सिटी को सीधा जिला बना दिया। सरकार और कांग्रेस का अंदरूनी अंतर्द्वंद्व भी अब नए जिलों के आंदोलन में सड़कों पर देखा जा सकता है। कई जगह तो सिरफुटौव्वल तक की नौबत आ रही है। यानी सरकार ने बिना किसी कमेटी की रिपोर्ट के, बिना जन सुझाव मांगें सिर्फ राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए नये जिलों की घोषणा दर घोषणा कर डाली जो न्यायसंगत नहीं है।

# जुलाई में एन्टी डेंगू माह मनाया जाएगा

- चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से राज्य में मौसमी बीमारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**जयपुर**,(कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में मौसमी बीमारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान एसीएस ने जुलाई माह को एन्टी डेंगू माह के रूप में मनाये जाने के निर्देश प्रदान दिए।

इस वीसी में सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुये।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जुलाई माह को एन्टी डेंगू माह के रूप में मनाये जाने के निर्देश प्रदान दिए। उन्होंने बताया कि इस एन्टी डेंगू माह के अन्तर्गत जुलाई माह में मेरा स्वास्थ्य मेरी जिम्मेदारी अभियान चलाया कर सभी जिलों एएनएम, आशा सहयोगिनियों की टीमें बनाकर घर-घर सर्वे किया जायेगा। साथ ही उन्होंने मच्छरों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए एन्टीलार्वल एन्टीएडस्ट एवं सोर्स रिडेक्शन गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिये।

शुभ्रा सिंह ने मच्छर जनित रोग से ग्रसित रोगियों को मच्छर प्रूफ वार्ड में भर्ती करने एवं समस्त राजकीय चिकित्सालयों में आवश्यक लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डेंगू एवं मलेरिया के हाई रिस्क जिलों अलवर, दौसा, हनुमानगढ़, बाड़मेर, जैसलमेर व उदयपुर में मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण के लिए राज्य स्तर से टीमें भिजवाने के निर्देश प्रदान किए।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) टीकू राम शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री जौहरी लाल शर्मा, उम्र-53 वर्ष (2) श्रीमती सन्तोष देवी पत्नी श्री टीकूराम शर्मा, जाति -ब्राह्मण , निवासी प्लाट नम्बर-166/2, श्रीराम नगर, विश्वकर्मा एरिया, रोड नम्बर -17, जयपुर -302013 का रहने वाला है । मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र सुशील शर्मा, उम्र 35 वर्ष मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं हैं और मेरे अभिभाष्यगण द्वारा इसको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है।बावजूद इसके यदि कोई व्यक्ति/संस्था मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र से मेरे अभिभाष्यगण के सम्बन्धों के आधार पर कोई संव्यवहार करता है तो उसके लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे सूचित रहे।
जयपुर (चिमनाराम पूनिया )एडवोकेट, 9829053302

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/941 दिनांक-26.06.2023
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 21/262 मानसरोवर, क्षेत्रफल 209.70 वर्ग मीटर /वर्गगज का आवंटन श्रीमती निर्मला गुप्ता पत्नी श्री चन्द्र भूषण गुप्ता को किया गया था।जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2169 दिनांक 05.02.2004 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 2898 दिनांक 19.3.2004 को जारी किया गया ।इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.07.2004 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 262 दिनांक 16.5.2016 के द्वारा श्रीमती निर्मला गुप्ता पत्नी श्री चन्द्र भूषण गुप्ता के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 15.7.2016 को करवाया गया । इसके पश चात श्रीमती निर्मला गुप्ता की मृत्यु दिनांक 08.04.2022 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री प्रदीप गुप्ता पुत्र स्व. श्री चन्द्र भूषण गुप्ता ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्री प्रदीप गुप्ता पुत्र स्व. श्री चन्द्र भूषण गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत द्वितीय, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री शम्भुदयाल शर्मा पुत्र श्री गनपत लाल एवम् श्रीमती वीना शर्मापत्नि श्री शम्भुदयाल शर्मा निवासीगण सी-9/7, ऑटो मोबाईल नगर, गलता गेट, जयपुर-302003 (राज.) अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र श्री विष्णु कुमार एवम् उसकी धर्मपत्नि श्रीमती किरण जांगिड, को बेदखल करते हैं क्योंकि वे मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है।उनका अब मेरे अभिभाष्यगण व उनके परिवार से कोई सम्बन्ध व लेना -देना नहीं है। भविष्य में मेरे अभिभाष्यगण के उक्त पुत्र एवम् पुत्रवधु द्वारा किये गये किसी भी संव्यवहार या वाद-विवाद से मेरे अभिभाष्यगण का कोई लेना-देना नहीं रहेगा।
जयपुर (सुरेन्द्र शर्मा) एडवोकेट राज. उच्च न्यायालय, जयपुर
दिनाक-26.6.23 मो.8504881045, 9166498088

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि M. L. No. 586/97, श्रीमती सुशीला शर्मा को खनिज मेसनरी स्टोन (चेजा पत्थर), क्षेत्रफल 1.00 हेक्टेयर, निकट ग्राम खोरा कलां, तहसील व जिला-दौसा (राजस्थान) में खनन के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 30.06.2016 को मिल गयी हैं। पर्यावरण स्वीकृति क्रमांक नं. F(Dausa)/DEIAA/DEAC-/Project/cat-1(a)B2(EC)/2141-50 दिनांक 30.06.2016.



**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि M. L. No. 586/97, श्रीमती सुशीला शर्मा को खनिज मेसनरी स्टोन (चेजा पत्थर), क्षेत्रफल 1.00 हेक्टेयर, निकट ग्राम खोरा कलां, तहसील व जिला-दौसा (राजस्थान) में खनन के लिए पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 30.06.2016 को मिल गयी हैं। पर्यावरण स्वीकृति क्रमांक नं. F(Dausa)/DEIAA/DEAC-/Project/cat-1(a)B2(EC)/2141-50 दिनांक 30.06.2016.


# आचार्य सौरभ सागर का बापू नगर में मंगल प्रवेश



आचार्य पुष्पदंत सागर के शिष्य आचार्य सौरभ सागर का सोमवार को बापू नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश के दौरान लोगों ने आचार्य की अगवानी की।

**जयपुर**। आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के शिष्य आचार्य सौरभ सागर महाराज का सोमवार को बापू नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश संपन्न हुआ। इस दौरान समाज श्रेष्ठि राजीव जैन गाजियाबाद वाले, महेंद्र पाटनी, अशोक पाटनी, मनोज झांझरी, आलोक जैन तिजारिया, राजेश बड़जात्या, बाबूलाल जैन इटुंदा चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष कमलेश जैन (बावड़ी वाले), मंत्री महेंद्र जैन पचाला वाले, मुख्य समन्वयक गजेंद्र बड़जात्या, कार्याध्यक्ष दुर्गालाल जैन नेता सहित बापू नगर जैन समाज, युवा मंडल, महिला मंडल की पदाधिकारियों ने आचार्य श्री अगवानी की।

प्रचार संयोजक सुनील साखुनियां ने बताया कि इस वर्ष आचार्य सौरभ सागर महाराज का चातुर्मास प्रताप नगर स्थित सेक्टर 8 दिगंबर जैन मंदिर में होगा, आचार्य श्री का 29 जून को प्रताप नगर में भव्य मंगल प्रवेश होगा, रविवार को आचार्य सौरभ सागर महाराज ने जयपुर नगरी में पहली बार मंगल प्रवेश किया था, जिसके बाद सोमवार को बापू नगर, मंगलवार को दुर्गापुरा, बुधवार को चित्रकूट कॉलोनी, सांगानेर में प्रवेश करेगे, गुरुवार को चित्रकूट कॉलोनी से विहार कर श्योपुर रोड, पिंजरपोल गौशाला, हल्दीघाटी मार्ग से होते हुए प्रताप नगर सेक्टर 8 में प्रवेश करेगे। रविवार 2 जुलाई को चातुर्मास मंगल कलश स्थापना, 3 को गुरुपूर्णिमा महोत्सव, 4 को वीर शासन जयंती आचार्य श्री के सानिध्य में मनाई जाएगी।

सोमवार को आचार्य श्री ने बापू नगर में मंगल प्रवेश करने के पश्चात श्रीजी के दर्शन किए इसके उपरांत धर्मसभा का आयोजन हुआ, सभा के बाद समाजश्रेष्ठि राजीव - सीमा जैन गाजियाबाद वाले के निवास पर आचार्य श्री की आहार चर्या संपन्न हुई।

## दुष्कर्मी युवक को दस साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले युवक अमन को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 21 वर्षीय इस अभियुक्त पर तीस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता के कपड़ों पर अभियुक्त का डीएनए मैच हुआ है। इससे साबित है कि उसने पीड़िता से संबंध बनाए थे। इसके अलावा पीड़िता के नाबालिग होने के चलते उसकी सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक और पीड़िता के अधिवक्ता मोहम्मद आबिद खान ने अदालत को बताया कि तीस जनवरी, 2019 की शाम पीड़िता दूध लेने गई थी। रास्ते में अभियुक्त उसे डरा-धमकाकर अपने साथ टोंक ले गया। यहां उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद अभियुक्त ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं पीड़िता मौका देखकर वहां से खेतों में होते हुए मेन रोड पर आ गई और फिर वहां से बस में बैठकर जयपुर आ गई।

## 'सियासत के लिए बोर्ड और निगमों का गठन कर रहे हैं मुख्यमंत्री'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री बोर्ड और निगमों की ऐसे घोषणा कर रहे हैं कि जैसे ना नियम है, ना क़ानून है, और ना भौगोलिक क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं। सिर्फ़ और सिर्फ़ राजनीतिक सियासत के आधार के ऊपर बोर्डों और निगमों का गठन किया जा रहा है। सिर्फ लोगों को ख़ुश करने के लिए इनका गठन किया जा रहा है। क्या मुख्यमंत्री जी बता सकते हैं कि जो पहले बोर्ड और निगम से बनाए गए थे उन बोर्ड और निगमों ने अब तक क्या काम किया? उनको राज्य सरकार द्वारा क्या-क्या शक्तियां प्रदत की गई और राज्य सरकार के द्वारा प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए उन्होंने कोई कार्य किया, तो क्या राज्य सरकार ने उनको मानने का काम किया? सरकार द्वारा लोगों को सिर्फ़ खुश करना और सत्ता में वापसी प्राप्त करना ये मुख्यमंत्री जी का ध्येय है। समाज की समस्याओं का समाधान हो और समाज का सही प्रतिनिधित्व हो और समाज की बात उचित स्थानों पर पहुँचे, ये सरकार का प्रयास होना चाहिए, ना की राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास होना चाहिए।


**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम विनोद कुमार कासवान से बदलकर विनोद रख लिया है। भविष्य में मुझे विनोद के नाम से जाना जाए। निवासी-2093, मेघावास रोड, ग्राम मुबारिकपुर, तहसील रामगढ, मुबारिकपुर, अलवर, राजस्थान-301325

मैं पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री रामनाथ सिंह राजपूत निवासी झारीला, करौली, राज.। मैंने अपना नाम पुष्पेन्द्र राजपूत से बदलकर पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत रख लिया है। भविष्य में मुझे पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत के नाम से जाना जावे।

मैंने अपना नाम दुर्गेश शर्मा से बदलकर दुर्गेश सहल पुत्र श्याम सुंदर शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। मकान नंबर-2210, सहलों की गली गणगौरी बाजार जयपुर।

मैंने अपना नाम शाजिया परवीन (Shajiya Parvin) से बदलकर नया नाम शाजिया परवीन (Shajiya Parveen) D/o मोहम्मद हबीब रख लिया है भविष्य में मुझे नये नाम से जाना जाये, पता-ए-69, रवि विहार, खो नागोरियान, जगतपुरा रोड, जामडोली, जयपुर 302031 राजस्थान

Reena Bansal and Reena Damaodar Agarwal both are my name. I should be known as Reena Bansal W/o Jai Kumar Bansal for all future purpose. R/o- G-97, Uday Path, Shyam Nagar, Jaipur

Army No. 8037340X Rank L/NK (GD) Vasava Gurajibhai Ramsing Bhai at Vill Besana, Post Besana, PS Dediapada Distt Narmada, State Gujarat. Army Service Records My Daughter's Name is Registered as Jeniya that's wrong. Now I want to Register in my Service Records My Daughter Name is Vasava Jeniya Gurajibhai

I Amarjeet Singh Army No-15711882L S/O Shree Dumber Singh R/O Jakhota, Bulandshehar, Shikarpur, Uttarpradesh have changed my mother's Name from Shashi Devi to Guddi Devi and DOB from 1-07-1957 to 1-01-1969 for all future purpose.

**M/s Krushi India Corporation**
पंजीकृत कार्यालय-
Block No- 392, Plot No- 1 to 66, Dhamdod, Near Ramdev Hotel, Opp- PP Savani University, NH-8, Ta-Mangrol, Dist- Surat (Gujarat)
कृषि एवं सहकारिता विभाग कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश सं. 2900 (ई) दिनांक 24 अक्टूबर 2015 और आज तक के FCO संशोधन के अनुपालन में M/s Krushi India Corporation द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न निर्दिष्टियों के अनुसार नये 100% जल में विलय मिश्रण उर्वरक ग्रेड राजस्थान राज्य में प्रस्तुत कर रहे है। (1) NPK-00:30:20/ NPK-05:00:35/ NPK-28:28:00/ NPK-16:16:16/ NPK-14:14:14/ NPK-6.5:17:17/ NPK-00:30:30/ NPK-15:08:08/ NPK-8.5:22:11/ NPK-13:13:13/ NPK-13:34:00/ NPK-19:19:00/ NPK- 6.5:6.5:31, NPK-13:40:13, NPK-19:19:19
Partner
M/s Krushi India Corporation

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20
**खुली ई-निविदा सूचना**
सं: ईएल/118/11/2023-24/डब्ल्यू 6/टीएफ दिनांक : 24.06.2023
मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। एनआईटी संख्या : ईएल/जेपी/11/2023-24 कार्य का नाम : Jaipur Div - Supply Installation testing and commissioning of Solar Plants on roof top of various buildings/ shelters over Jaipur Division. अनुमानित लागत : 11559237/- बयाना राशिः 207800/- निविदा खोलने की तिथिः 19.07.2023 नोटः- ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे के बाद सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 675-CQ/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 12/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम मीनू कुमारी बैरवा पत्नी स्व. नरेन्द्र बंशीवाल जाति बैरवा
विवाद स्थान......................
मृतक LIC पॉलिसी 476116372, LIC पॉलिसी 94952563, LIC पॉलिसी 476902637 की सम्पति के विषय में
पेशी दिनांक- 10.07.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम नरेन्द्र बंशीवाल पुत्र जगदीश प्रसाद बंशीवाल बैरवा निवासी 21 ए, देवनगर, हाज्यावाला सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 10 माह 07 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 19 माह 04 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार,
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10 जयपुर महानगर, प्रथम न्यायालय सांगानेर
मोहर अदालत



**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है मेरी पूजनीय माताजी **श्रीमती इन्द्रा यादव** धर्मपत्नी स्व. श्री रामगोपाल यादव का स्वर्गवास दिनांक 24.6.2023 को हो गया है।
**शोकाकुल**- संजीव (पुत्र), मनीषा-वीरेन्द्र जी (पुत्री-दामाद) पूजा (पूत्री) कृतिका प्रियांशी (दोहिती) एवं समस्त हनिनवाल यादव परिवार, निवास स्थान -प्लॉट नं.1 धूलेश्वर गार्डन अजमेर रोड जयपुर
मो. 9829035580, 8619943041



हमारे भ्राता **श्री जयकिशन** पुत्र स्व. तीर्थदास का आकस्मिक निधन दिनांक 25.6.2023 को हो गया। तीये की अंतिम बैठक दिनांक 27.6.2023 को झूलेलाल पार्क, सिंधु नगर, नारी का नाका पर सांय 5:00 बजे होगी।
**शोकाकुल**- समस्त छाबड़ा परिवार (पंडित जी पान वाले)
मोबाइल 8233355751, 7073448645

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## डॉ. चन्द्रपाल सिंह व डॉ. इन्दुसिंह साँखला को विशेष अनुदान

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. चन्द्रपाल सिंह व डॉ. इन्दुसिंह साँखला को पादप विज्ञान में शोध कार्य करने हेतु क्रमशः 27 व 26 लाख की ग्रान्ट - डीएसटी, एसईआरबी नई दिल्ली के द्वारा प्रदान की गई है। डॉ. चन्द्रपाल सिंह विगत 10 वर्षो से माइक्रो आरएनए व पादपों में जीन नियमन पर कार्य कर रहे है। डॉ. चन्द्रपाल सिंह को यह ग्रान्ट राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी में सूखा प्रतिरोधी जीन को पहचानने व उनके गुणों का अध्ययन करने के लिये प्रदान की गई हैं। डॉ. इन्दुसिंह साँखला पिछले 10 वर्षो से लेग्यूम पादपों की मूल ग्रन्थिकाओं में नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले राइजोबिया पर कार्य कर रहे है। इस ग्रान्ट के माध्यम से डॉ. साँखला अरावली की पहाड़ियों पर मिलने वाले विशेष लेग्यूम पादपों में उपस्थित राइजोबिया की विविधता का अध्ययन करेंगे।

## खेमकर्णी ऐडीटर्ज कॉन्फ्रैंस के मंत्री मनोनीत

**जयपुर**। ऑल इंडिया न्यूजपेपर ऐडीटर्ज कॉन्फ्रैंस के नवनिवार्चित अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने संगठन के नये पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी है। इस के अनुसार पंजाब के प्रमुख पत्रकार जगजीत सिंह दर्दी को उपाध्यक्ष और ओम प्रकाश खेमकर्णी को मंत्री मनोनीत किया है।

नये पदाधिकारियों में भारत के बहुत से राज्यों के संपादकों में उपाध्यक्ष, पदम मेहता (जोधपुर), जगजीत सिंह दर्दी (पटियाला), सेक्रेटरी जनरल, बिशम्बर नेवार (कोलकाता), आनरेरी खजानची, उत्तम चंद शर्मा (मुजफ्फरनगर), मंत्री ओम प्रकाश खेमकर्णी (जालंधर), राजीव वोहरा (रायपुर), कृष्ण शियोडकर (नांदेड़), सय्यद रजा रिजवी (गोंडा), संयुक्त मंत्री, अनिल गुप्ता (उज्जैन), अनिल अग्रवाल (अमरावती), दिनेशभ भारद्वाज (शामली), वाई एस मंजुनाथ (बंगलौर)।

# भागवत कथा में कृष्ण रुक्मणी का विवाह कराया



राजधानी के दुर्गापुरा इलाके में रेलवे स्टेशन के सामने स्थित राजा मानसिंह स्कूल में भागवत कथा के दौरान सोमवार को कृष्ण-रूक्मणी विवाह की झांकी सजाई गई।

- भाजपा विधायक अशोक लाहोटी कथा सुनने पहुंचे
- कथा का आज भंड़ारा प्रसादी के साथ समापन होगा

**जयपुर**। राजधानी के दुर्गापुरा इलाके में रेलवे स्टेशन के सामने स्थित राजा मानसिंह स्कूल में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कथा में कृष्ण-रूक्मणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया गया।

21 जून से चल रही भागवत कथा में भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जा रहा है। कथावाचक संत महेशराम जी महाराज ने सोमवार को कथा में कृष्ण रुक्मणी विवाह कराया गया। इस दौरान उन्होंने श्रोताओं को भगवान कृष्णन और रुक्मणीजी के विवाह की कहानी सुनाई। इसके अलावा भगवान के रणछोड़ नाम का भी वृतांत सुनाया। कथा के दौरान कृष्ण और रूक्मणी जी की झांकी सजाई गई। श्रृद्धालुओं ने भगवान को उनके विवाह के अवसर पर उपहार भेंट कर उनकी पूजा अर्चना की। इस बीच सैकड़ों भक्तों ने भगवान के भजनों और गीतों पर जमकर नृत्य किया।

इस अवसर पर सांगानेर से भाजपा विधायक अशोक लाहोटी भी कथा सुनने पहुंचे। आज की कथा समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया गया। मंगलवार को भागवत कथा का समापन हो गया। इस अवसर पर भंड़ारे का आयोजन किया गया है।

# बीगोद में साढ़े पांच इंच बारिश से बाढ़ के हालात

## मूसलाधार बारिश से त्रिवेणी नदी में एक फीट पानी आया

**माण्डलगढ़, (निसं)।** माण्डलगढ़ के बीगोद कस्बे में सोमवार दोपहर बाद शुरू हुई बारिश से बाढ़ के हालात बन गए। बारिश का पानी मकानों और दुकानों में घुस गया। जिससे कई लोगों के भारी नुकसान होने की जानकारी सामने आई हैं। बीगोद से खटवाड़ा सड़क मार्ग पुलिया पर पानी आने से अवरूद्ध हो गया। मूसलाधार बारिश से हुए नुकसान और बेघर हुए लोगो के हालात का जायजा लेने मौक़े पर प्रशासन का कोई भी नुमाइंदा नहीं पहुंचा। जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ गया। रविवार तक सूखे पड़े एनिकट पर भी चादर चलने लगी है।

चौधरिया और गोविंदपुरा सड़क मार्ग पर पांच फीट तक पानी आने से बंद हो गए। बीगोद में मूसलाधार हुई बारिश से दशहरा मैदान स्थित बैरवा बस्ती, पुराना बाजार, नई आबादी सहित अन्य कॉलोनियों के मकानों और दुकानों में दो फीट तक पानी भर गया।

- **भारी बरसात से बीगोद-खटवाड़ा सड़क मार्ग हुआ बंद**
- **बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने प्रशासन मौक़े पर नहीं पहुंचा**

चमन चौराहा पर भी कई मकानों और दुकानों में पानी भर गया। सायं 4 बजे से शुरू हुई मूसलाधार बारिश साढ़े पांच बजे तक चली। बीसलपुर परियोजना विभाग के अनुसार कस्बे में साढ़े पांच इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। मूसलाधार बारिश से त्रिवेणी नदी में भी देर सायं तक एक फीट पानी आ गया।



**माण्डलगढ़ के बीगोद कस्बे में हुई बरसात से चौधरिया और गोविंदपुरा सड़क मार्ग पानी आने से बंद हो गए।**

# कोटपूतली में बारिश से घरों में भरा पानी

**कोटपूतली, (निसं)।** सोमवार अल सुबह कोटपूतली व आसपास के क्षेत्र में मानसून की पहली बारिश हुई जो दोपहर बाद तक रूक-रूक कर निरन्तर जारी रही। एक ओर जहां यह वर्षा किसानों के चेहरे पर खुशी लेकर आई है। वहीं दूसरी ओर कस्बे में ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी।

करीब 8 से 10 घण्टे तक रूक-रूक कर लगातार हुई बारिश से बानसूर रोड से लेकर पुरानी नगर पालिका तिराहा, मौहल्ला चौधरियान, पूतली रोड, गढ़ कॉलोनी, अम्बेडकर कॉलोनी, कोर्ट व पंचायत समिति परिसर के सामने, दुर्गा माता मंदिर के

- **करीब 8 से 10 घण्टे तक हुई बारिश से सड़कें लबालब**

ईलाके की सडकें सहित कस्बे की विभिन्न कॉलोनियों की सड़कें भी जलमग्न नजर आई।

मानसून पूर्व के नाकाफी बंदोबस्त से कस्बावासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के विभिन्न ईलाकों व कॉलोनियों में बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया।

# मूसलाधार बरसात से सड़कें दरिया बनी

## कॉलोनियों व महावीर मार्ग में मकानों व दुकानों में पानी भरने से लाखों का हुआ नुकसान

**मालपुरा, (निसं)।** सोमवार की दोपहर बाद तेज गर्जना के साथ हूई मानसून पूर्व की मूसलाधार बरसात से मालपुरा शहर की सड़कें दरियां बन गई तो आवासीय कॉलोनी सहित नवीन मंडी व महावीर मार्ग में तीन फीट से अधिक पानी भर जाने से व्यापारियों व आमजन को लाखों रूपयों का नुकसान हो गया। तकरीबन एक घंटे तक हुई मूसलाधार बरसात से पालिका प्रशासन द्वारा मानसून से पूर्व नालों की सफाई

- **बरसाती नालों की सफाई के नाम पर की गई थी लीपापोती**

के नाम पर की गई लीपापोथी का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ा। महावीर मार्ग व बस स्टैण्ड सहित गांधी पार्क, नवीन मंडी, ट्रक स्टैण्ड, सिंधी कॉलोनी, बृजलाल नगर सहित दर्जनों आवासीय कॉलोनियों व मुख्य बाजार 2 घंटे से अधिक पानी से भरे रहे। वहीं व्यापारियों की दुकानों का सामान पानी में तैर गया। कई दुपहिया वाहन पानी के बहाव में बहते नजर आये। मूसलाधार बरसात से परेशान व्यापारी व आमजन चिल्लाते रहे तो प्रशासन मूकदर्शक बना रहा।

ईओ राजपाल बुनकर से शहर की चरमराई पानी निकासी की अव्यवस्थाओं को लेकर जानकारी चाहने पर ईओ ने बताया कि प्रभावशाली व बाहुबली सहित राजनैतिक व धनबल वाले लोगों द्वारा बरसाती पानी की निकासी के मार्ग व नालों पर पक्के व स्थाई अतिक्रमण कर लेने से बरसाती पानी की निकासी




**मालपुरा में हुई मूसलाधार बरसात से महावीर मार्ग सहित दर्जनों कॉलोनियां व मुख्य बाजार जलमग्न हो गये।**

अवरूद्ध हुई है। नालों से अतिक्रमण हटाने को लेकर पालिका द्वारा कार्यवाही करने पर राजनैतिक हस्तक्षेप सबसे बड़ा रोडा बन जाते हैं। वहीं पीड़ित व व्यापारी व आमजनों ने बताया कि प्रभावशाली लोगों द्वारा नालों पर अतिक्रमण कर खांचा भूमि के नाम से जनप्रतिनिधियों के मार्फत पानी के बहाव व नालों पर ही पालिका से पट्टे बना पक्के निर्माण किये जा रहे हैं।

आमजन का कहना है कि यदि नालों पर व बहाव क्षेत्रों में अतिक्रमण हुए हैं तो उन्हें हटाया क्यों नहीं गया। अतिक्रमणों को हटाने के बजाय खांचा भूमि के नाम पर क्यों पट्टे जारी किये गये। पालिका प्रशासन अब अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए नालों पर अतिक्रमण की बात कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड रहा है। पुरानी तहसील बम्ब तालाब के पास सामुदायिक भवन की तकरीबन 50 फीट से अधिक पत्थर की दीवार धराशाही हो जाने व तालाब की पाल में रिसाव की मिली सूचना से हड़कम्प मच गया।

# पाली व जोधपुर में बरसे बादल



**पाली में हुई बरसात से सड़कें लबालब हो गई।**

**जोधपुर, (कासं)।** दक्षिण पश्चिम मानसून प्रदेश में सक्रिय हो गया है। सोमवार दोपहर बाद करीब तीन बजे जमकर बरसात हुई। सुबह से ही मानसूनी बादलों को डेरा शहर पर छाया हुआ था। मारवाड़ में पिछले एक दो दिन से बादलों का जमावड़ा होने लगा था। उमस भी बनी रही। ऐसे में आज बारिश के बने हुए थे।

दोपहर बाद हुई तेज बारिश से देखते ही देखते सड़कें लबालब हो गई। प्रशासन भी मानसून को लेकर अलर्ट है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में मानसून की सक्रियता से कहीं कहीं पर भारी से अतिभारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग की मानें तो आगामी दो तीन दिन में मानसून पूरे प्रदेश पर छा जाएगा। पांच संभागों में मानूसन की बारिश शुरू हो चुकी है। जोधपुर संभाग में इसमें दो तीन दिन में प्रवेश की प्रबल संभावना है। बिपरजॉय तूफान के बाद प्रदेश में बारिश का दौर अब मानूसन से शुरू हो चुका है।

**पाली संवाददाता के अनुसार :-** पाली शहर सहित जिलेभर में पिछले दो दिन से शाम होते ही रिमझिम बारिश शुरू हो जाती है, लेकिन सोमवार दोपहर 2 बजे से करीब 1 घंटे तक जमकर बारिश हुई। जिससे शहर की सड़कें लबालब हो गई। डेढ घंटे चली बारिश से शहर की कई चौराहों व गलियों में पानी भर गया और आवागमन बाधित रहा। उसके बाद शाम पांच बजे से फिर से बूंदाबांदी शुरू हुई। आसमान में बादल छाए रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के कालाडेरा थाना इलाके में एक नाबालिक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कालाडेरा थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

लड़की ने रिपोर्ट में 3 लोगों के खिलाफ एक बेकरी में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। वहीं वारदात में सहयोग करने वाली एक अन्य युवती पर भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी आकाश बुनकर, रोशन जाट, दीपक बुनकर के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। लड़की ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने पहले उसे बेकरी में ले जाकर जूस में नशीला पदार्थ पिलाया और उसके बाद बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपियों ने अश्लील वीडियो फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसे धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल करते रहे और कई बार उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता का मुकदमा दर्ज कराने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस पूरे मामले की जांच गोविन्दगढ डीवाईएसपी बालाराम चौधरी को सौंपी गई हैं।

## भारत-पाक सरहद पर पकड़ा युवक

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक संदिग्ध युवक पकड़ा गया है। संदिग्ध युवक को घोटारू इलाके में घूमते सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पींटू रविदास निवासी छत्तीसगढ़ बताया। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पूछताछ के बाद युवक को रामगढ़ पुलिस के हवाले किया। अब रामगढ़ पुलिस संदिग्ध लग रहे युवक को संयुक्त जांच कमेटी (जेआईसी) को सौंपेगी। संयुक्त जांच कमेटी में सभी सुरक्षा एजेंसियां संदिग्ध युवक से पूछताछ करेगी।

# कबाड़ गोदाम में मिला मालिक का जला हुआ शव

**चूरू, (कासं)।** जिला मुख्यालय स्थित खेमका शक्ति मंदिर के पास कबाड़ गोदाम में गोदाम मालिक का जला हुआ शव मिलने से सोमवार को क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बिसाऊ निवासी मुरारीलाल शर्मा पिछले करीब 20 वर्षों से यहां कबाड़ का काम करता है। मृतक के पास मिली नोटबुक में कर्ज से परेशान होने की बात सामने आयी है।

सूचना के बाद डीएसपी सहित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव के पास पेट्रोल की खाली बोतल भी मिली है। अब पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। डीएसपी की सूचना पर एफएसएल टीम भी घटना स्थल पर पहुंची और मौके से घटना के साक्ष्य जुटाये। पुलिस ने मृतक के शव को जिला

- **बिसाऊ निवासी मुरारीलाल 20 वर्षों से कर रहा था कबाड़ का काम**
- **शव के पास पेट्रोल की खाली बोतल भी मिली**
- **मृतक के पास मिली नोटबुक में कर्ज से परेशान होने की बात सामने आयी**

अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक बिसाऊ निवासी 45 वर्षीय मुरारी लाल शर्मा ने चूरू में खेमका शक्ति मंदिर के पास कबाड़ का गोदाम कर रखा है। सोमवार सुबह गोदाम से आग का धुआं निकलता दिखाई देने पर पड़ोसियों ने मुरारी के परिजनों को सूचना दी।

कबाड़ गोदाम का गेट अंदर से बंद होने के कारण से लोगों ने दूसरे गेट को खोला और अंदर पहुंचे तो एक कमरे से धुआं निकल रहा था और बिस्तर पर मुरारी का शव जल रहा था। लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने मौका निरीक्षण किया और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान अस्पताल में पुलिस का जाप्ता तैनात रहा।

# जालोर में राजस्थान के सह प्रभारी विरेन्द्र सिंह राठौड़ के समक्ष टिकट की दावेदारी जताई

## वीरेंद्रसिंह राठौड़ ने सोमवार को सर्किट हाउॅस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वन टू वन वार्ता कर जिलेभर का फिडबैक लिया

**जालोर, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान के सह प्रभारी वीरेंद्रसिंह राठौड़ ने सोमवार को सर्किट हाउॅस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वन टू वन वार्ता कर जिलेभर का फिडबैक लिया तथा संभावित प्रत्याशियों ने अपने अपने आवेदन पेश किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान के सह प्रभारी वीरेंद्रसिंह राठौड़ के समक्ष जालोर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व प्रत्याशी मंजू मेघवाल, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, सुष्मिता गर्ग, रानीवाड़ा पूर्व प्रधान रमिला मेघवाल, आहोर पूर्व प्रधान भंवरलाल मेघवाल, सुमेरमल जीनगर, सरपंच दीपाराम मेघवाल, दीपाराम मेघवाल, कुष्णकुमार मेघवाल, पुखराज मेघवाल, पूर्व सभापति ईन्दू परिहार, भरत मेघवाल, पार्षद राजेन्द्र कुमार सहित कई संभावित उम्मीदवारो ने अपने आवेदन पेश किए। वहीं भीनमाल विधानसभा क्षेत्र में पूर्व प्रत्याशी उमसिंह चांदराई अपने सैकडों समर्थकों के साथ अपना आवेदन पेश किया। वहीं उमसिंह के समर्थन में सैकडों समर्थक केसरिया साफा पहनकर उमसिंह को टिकिट देने की मांग की।

जिस पर सह प्रभारी राठौड़ ने आश्वासन दिया कि आप ज्यादा भीड़ लेकर आये हैं। आपके समर्थकों में जोश व उत्साह को देखते हुए जिले में कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी



**जालोर शहर के सर्किट हाऊस में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान के सह प्रभारी वीरेंद्रसिंह राठौड़ के समक्ष ऊॅमसिंह के समर्थन में लोगों ने टिकिट देने की मांग की।**

की जीत सुनिश्चित है। युवा बोर्ड के सदस्य सुनील पुरोहित ने भी अपना आवेदन पेश किया। पुरोहित ने अपना आवेदन पेश कर बताया कि भीनमाल में राजपुरोहित समाज का कांग्रेस के प्रति लगाव है। लोग के कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओ से खुश नजर आ रहे हैं। लोगों में कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है जो आने वाले समय में कांग्रेस के प्रति सकारात्मक माहौल होने से प्रदेश में कांग्रेस सरकार रिपिट होगी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. समरजीत सिंह, श्रवणसिंह दासपा, आमसिंह परिहार सहित अन्य दावेदारो ने अपने आवेदन पेश किए। आहोर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व प्रत्याशी सवाराम पटेल, आमसिंह परिहार, सरोज चौधरी, लक्ष्मी मीणा, पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह, लालसिंह धानपुर सहित अन्य दावेदारों ने अपने आवेदन पेश किए। वहीं रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक रतन देवासी, डॉ. रमेश देवासी, परसराम ढ़ाका सहित अन्य दावेदारों ने अपने आवदेन पेश किए।

सांचौर विधानसभा क्षेत्र से मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व विधायक हीरालाल विश्नोई, जयकिशन, गौरव सारण सहित अन्य दावेदारों ने अपने आवदेन पेंश किए। इससे पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व राजस्थान के सह प्रभारी वीरेंद्रसिंह राठौड़ के सर्किट हाऊस पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत कर कांग्रेस पार्टी के जिन्दाबाद के नारे लगाये। सर्किट हाऊस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखी गई।

- **पूर्व प्रत्याशी मंजू मेघवाल, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, पूर्व प्रधान रमिला मेघवाल सहित कई संभावित उम्मीदवारों ने अपने आवेदन पेश किए**

प्रत्याशियो के समर्थन में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता अपने अपने निजी वाहनों से सांचौर, रानीवाडा, भीनमाल, आहोर से पहुंचे तथा अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में राठौड़ के समक्ष हार-जीत का समीकरण बताया जहां राठौड़ ने प्रत्येक कार्यकर्ता से वन टू वन बात कर विधानसभा क्षेत्र के फीडबैक लिया तथा कार्यकर्ताओ को आश्वासन दिया कि आपकी बात आलाकमान तक पहुंचाई जायेगी। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी है।

**रानीवाडा व भीनमाल से सैकडो कार्यकर्ता पहुंचे जालोर :-** रानीवाडा के पूर्व विधायक रतन देवसी के समर्थन में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता अपने निजी वाहनों से सर्किट हाऊस पहुंचे। जहां सहप्रभारी के समक्ष रतन देवासी के समक्ष विधानसभा क्षेत्र का फीडबैक दिया।

# पत्नी ने 55 हजार रुपए के सिक्के लेने से किया इंकार

## अदालत से कागजी मुद्रा में भत्ता दिलाने की गुहार की

- पारिवारिक विवाद के मामले में पति की ओर से 11 महीने की बकाया भरण-पोषण की राशि 55 हजार रुपए को सिक्कों में देने की पेशकश की गई थी
- इस पर पत्नी की ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र दायर कर कहा गया कि ''सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 के तहत एक हजार रुपए मूल्य से ज्यादा मूल्य की रकम का सिक्कों के जरिए लेन-देन वैध नहीं है। इसलिए पति से भरण-पोषण की राशि सिक्कों की बजाय कागजी मुद्रा में दिलवाई जाए।''

**जयपुर,** (का.सं.)। पारिवारिक विवाद के मामले में पति की ओर से 11 महीने की बकाया भरण-पोषण राशि 55 हजार रुपए को सिक्कों में देने से जुड़े मामले में सोमवार को पत्नी ने फैमिली कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर कर सिक्कों में राशि लेने से इंकार कर दिया।

पत्नी की ओर से प्रार्थना पत्र दायर कर कहा गया कि सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 के तहत एक हजार रुपए मूल्य से ज्यादा मूल्य की रकम का सिक्कों के जरिए लेन-देन वैध नहीं है। इसलिए पति से भरण-पोषण की राशि सिक्कों की बजाय कागजी मुद्रा में दिलवाई जाए। यदि राशि नहीं दी जाए तो कोर्ट के आदेश की पालना में उसे जेल भेजा जाए। पीठासीन अधिकारी के आधे दिन के अवकाश पर होने के चलते प्रार्थना पत्र पर सुनवाई नहीं हो पाई। अदालत मामले में अब 5 जुलाई को सुनवाई करेगी।

वहीं पति दशरथ कुमावत के अधिवक्ता ने बताया कि वह इस प्रार्थना पत्र का जवाब दे। वैसे भी कोर्ट ने अपना आदेश दे दिया है। ऐसे में आदेश को चुनौती हाईकोर्ट में ही दी जा सकती है। दरअसल पिछले सप्ताह पति ने पत्नी के भरण-पोषण की राशि 55 हजार रुपए को एक-दो रुपए के सिक्कों के रूप में कोर्ट में जमा कराया था। जिस पर कोर्ट ने पति को निर्देश दिए थे कि वह आगामी सुनवाई पर एक-एक हजार रुपए की थैलियां बनाकर सिक्कों की गिनती करवाए। वहीं पत्नी की ओर से कहा था कि पति ने जानबूझकर उन्हें परेशान करने के लिए भरण-पोषण राशि सिक्कों में दी है। वहीं पति की ओर से सिक्कों को वैध भारतीय मुद्रा बताते हुए कोर्ट से राशि स्वीकार करने की गुहार की थी। गौरतलब है कि इन दोनों की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। पिछले पांच साल से दोनों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। महिला ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करा रखा है और इसकी ट्रायल चल रही है। पति पर 11 महीने के 55 हजार रुपए भरण-पोषण देने के बाद भी करीब 1.70 लाख रुपए भरण-पोषण भत्ता बकाया है।

## कारोबारी के सुसाइड नोट के आधार पर दो पार्टनर गिरफ्तार

**जयपुर** । नगीना कारोबारी के सुसाइड मामले में दोनों बिजनेस पार्टनर्स को गलतागेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने जहर खाकर अपनी जान दी थी। मरने से पहले उसने वीडियो सुसाइड नोट भी बनाया था। अब आत्महत्या के लिए उकसाने में मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ की रही है।

पुलिस ने बताया कि अब्दुल लतीफ (52) और अब्दुल अंसार (37) निवासी मोहल्ला इच्छावतान बासबदनपुरा को गिरफ्तार किया है। इसी मोहल्ले में रहने वाले बिजनेसमैन आबिद खान (40) के सुसाइड मामले में दोनों को गिरफ्तार किया गया है। आबिद खान के साथ मिलकर दोनों आरोपी पहले नगीनों का बिजनेस करते थे। आरोपी दोनों पर्व पार्टनर्स के टॉर्चर से परेशान होकर बुधवार दोपहर करीब 3 बजे आबिद खा ने जहर खा लिया था। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई थी। मरने से पहले उसने एक सुसाइड वीडियो नोट भी बनाया था। वीडियो में कहा- मुझे इतना टॉचर किया गया कि अब आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। आबिद की जेब से सुसाइड नोट मिला था।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्र नेताओं का शक्ति-प्रदर्शन शुरू

## सोमवार को छात्रहित की कई मांगों को लेकर तीन घंटे तक यूनिवर्सिटी परिसर में पेड़ पर चढ़ा रहा छात्र नेता



राजस्थान विश्वविद्यालय में सोमवार को छात्र-नेताओं ने कई मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

**जयपुर** (कासं)। छात्रसंघ चुनाव नजदीक आते ही राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रनेताओं ने मांगें उठाना शुरू कर दिया है। इसके लिए अलग-अलग तरीकों से प्रदर्शन किया जा रहा है। ऐसा ही नजारा सोमवार को देखने को मिला।

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रनेता विनोद भूदोली और रिंकू मीणा के नतृत्व में प्रदर्शन किया गया। यूनिवर्सिटी में रैली निकालते हुए छात्र गेट पर पहुंचे। इस दौरान छात्र विनोद भूदोली गेट के पास एक पेड़ पर चढ़ गया। करीब दो घंटे छात्र पेड़ पर बैठा रहा और नारेबाजी की। करीब तीन बजे यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से चीफ प्रोक्टर एचएस पलसानिया ने वार्ता की और मांगों को लेकर आश्वासन दिया। इसके बाद छात्र पेड़ से उतरा। करीब ढाई घंटे विवि गेट पर घटनाक्रम चला। इनकी मांग थी कि संघटक कॉलेज और यूनिवर्सिटी में बालिकाओं की सुरक्षा पुख्ता की जाए। कैंपस में लगातार बढ़ती मारपीट की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए, आपराधिक प्रवर्ती के छात्रों पर कार्यवाही की जाए। लगातार फीस बढ़ोतरी रोकी जाए।

## नवजीवन सोसायटी धोखाधड़ी के मामले में सी.ए. गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी धोखाधडी प्रकरण में चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया कि एसओजी की टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा किए गए गबन के प्रकरण में लालकोठी जयपुर निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट अनिल कुमार जैन को गिरफ्तार किया गया है।

नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा भारत के गुजरात एवं राजस्थान प्रदेशों में सोसायटी की 228 शाखाएं खोलकर करीब 02 लाख निवेशकों द्वारा निवेशित लगभग 391 करोड़ रूपये की जमा पूँजी का गबन किया गया। इस सम्बन्ध में एसओजी में दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए संचालक गिरधर सिंह सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था।

जांच में पाया गया कि सोसायटी के संचालकों ने आपराधिक षड़यंत्र कर नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी में जमा निवेशकों के करोड़ों रूपयों को अन्य कम्पनियों में डायवर्ट कर गबन किया गया। इसमें आरोपित अनिल कुमार जैन स्टर्लिंग बैंक में डायरेक्टर के पद पर एवं नवजीवन क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी की सहयोगी कंपनियों फ्यूचर रियल मार्ट नवजीवन टेक्नोलॉजी एवं नव एपेरेल में स्टेचुरी ऑडिटर के पद पर रहा है।फिलहाल मामले की जांच पड़ताल जारी है।

## विक्रम ने ईमानदारी का परिचय दिया

**जयपुर** । राजस्थान पुलिस की दूरसंचार शाखा में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत विक्रम बराला ने पुलिस मुख्यालय के पास ही सड़क पर मिले नोटों से भरे पर्स को उसके मालिक को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। विक्रम बराला को मुख्यालय आते समय सड़क पर पडा यह पर्स मिला तो उन्होंने पर्स उठाकर उसमें रखे कार्ड में से मोबाइल नम्बर निकालकर पर्स मालिक को फोन किया। पर्स मालिक पंजाब व नेशनल बैंक में सहायक प्रबन्धक महावीर सेपट ने पुलिस मुख्यालय में आकर अपना पर्स पहचान लिया। उन्होंने विक्रम बराला को धन्यवाद देते हुए उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की। पर्स में नगदी के साथ ही बैंक परिचय पत्र, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे हुए थे।

## कलाकारों ने संगीतकार मदन मोहन के गीतों की प्रस्तुति दी

**जयपुर** (कासं)। शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से चल रहे दो दिवसीय क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट के आखिरी दिन सोमवार को संस्थान परिसर में बॉलीवुड के महान् संगीतकार मदन मोहन के संगीत का जादू शहर की आबोहवा में घुल गया। कार्यक्रम में संस्थान के ही तकरीबन डेढ़ दर्जन से अधिक कलाकारों ने संगीतकार मदन मोहन के संगीतबद्ध अनेक गीतों की दिलकश प्रस्तुति दी।

उम्दा संगीतकार अमित अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम में कलाकार कशिश कंवर ने बइयां न धरो ओ सजना..., रियांशी गोयल ने नयना बरसे रिमझिम रिमझिम..., वनिता हीरानी ने बेताब दिल की तमन्ना यहीं..., ममता शर्मा ने फिर वही शाम वही गम..., पुष्पेन्द्र सिंह ने कर चले हम फिदा..., आशुतोष कौशिक ने मैं निगाहें तेरे चेहरे से..., नयन सोनी ने कौन आया मेरे मन के द्वारे...जैसे गीतों की मेलॉडियश प्रस्तुति देकर आनंदित कर दिया। इसी प्रकार कलाकार रजनी कुमावत, कनिष्का नाथावत, वीरेन्द्र, गोपाल, हरीश, लोकेश, रहमान, मिन्टु, विमर्श स्वामी, जयति कुमारी, वरुण, सुमित्रा अग्रवाल, वाणी, अंजना गुप्ता, जीनस कंवर, और साधना रावल ने बॉलीवुड गीत पेश किए। तबले पर दिलशाद खान ऑक्टोपेड पर वरुण, हारमोनियम पर सुलेमान, गिटार पर वत्सल अनुपम ने प्रभावी संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

## शराब-हथियार तस्कर और वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने वैशाली नगर, बस्सी एवं आमेर थाना इलाके में अवैध हथियार, अवैध शराब एवं वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से अवैध हथियार 1 देसी कट्टा, अवैध देशी शराब के 171 पव्वें एवं 25 बीयर की बोतल एवं चोरी की 1 मोटरसाइकिल बरामद की है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों व अवैध हथियारों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' एंव ऑपरेशन ''आग'' तहत सीएसटी ने वैशाली नगर, बस्सी एवं आमेर थाना इलाके में अवैध हथियार, अवैध शराब एवं वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुज्जमिल बैग निवासी हसनपुरा जयपुर , कमलेश कुमार मीणा निवासी उगास बांसडा तुंगा जयपुर एवं हरमेन्द्र सिंह उर्फ मोंटी और गोपी सिंह उर्फ करण निवासी गणेशपुरी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मुज्जमिल बैग अक्की गैंग का सदस्य है। दानिस ग्रुप से आपसी झगडा होने के कारण गैंग बारी करने के लिए हथियार खरीदना बताया। आरोपित जयपुर शहर के पुलिस थाना वैशाली नगर, सदर एवं अशोक नगर के प्रकरणों में वांछित था। वहीं गिरफ्तार आरोपित कमलेश कुमार मीना जो ग्राम माली हाला में शराब की अवैध ब्रांच खोलकर अवैध शराब का बेचता है। साथ ही गिरफ्तार आरोपी हरमहेन्द्र सिंह उर्फ मोंटी एवं गोपी सिंह उर्फ करण मामा की दुकान पर वेल्डिंग का काम करते है।

## राइट-टू-हैल्थ बिल पर चर्चा

**जयपुर** । राज्य शासन द्वारा अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ को राइट टू हेल्थ बिल के नियम फार्मेशन और अरिस्दा संघ के मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया।

बैठक में आरटीएच बिल के नियम निर्धारण में संघ की ओर से सेवारत चिकित्सकों के हितों की रक्षार्थ जरूरी सुझाव दिए गए। साथ ही अरिस्दा संघ द्वारा पूर्व से प्रेषित ग्यारह सूत्री माँग पत्र पर एसीएस को बिंदुवार सेवारत चिकित्सकों की भावनाओं से वाकिफ करवाने का प्रयास अरिस्दा द्वारा किया गया। एसीएस ने बाकी मागों पर भी शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। बैठक में एमडी डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी, निदेशक डॉ.रवि प्रकाश माथुर, डॉ.सुशील कुमार परमार, डॉ. आर. एन. मीणा मौजूद रहे। संघ प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अजय चौधरी, संयोजक डॉ. जगदीश मोदी, सचिव डॉ. वी. पी. मीणा, संयुक्त सचिव डॉ. बलवंत मंडा मौजूद थे।

# दुर्लभ बीमारी की सफल प्लास्टिक सर्जरी

**जयपुर** (कासं)। महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने क्रेनियो फेशियल एपर्ट सिंड्रोम नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित एक किशोरी का जटिल ऑपरेशन करने में सफलता अर्जित की है।

अस्पताल के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ.जी.एस.कालरा ने बताया कि झुंझुनू निवासी इशिता मीणा पुत्री राजेन्द्र मीणा क्रेनियो फेशियल एपर्ट सिंड्रोम नामक बीमारी से पीड़ित थी। इसके कारण बालिका का सिर का आकार अनियंत्रित रूप से बढ़ा हुआ था। इस बीमारी में उम्र से पहले ही सिर की हड्डियों का गेप भर जाने के कारण बच्ची के ब्रेन को बढ़ने को जगह नहीं मिली जिसके कारण उसका मस्तिष्क बेडोल हो गया था और आंखे आकार में बडी होकर बाहर निकल गई थी जबकि चेहरे का मध्य भाग कम विकसित था। इसी के साथ ही इस रोगी के हाथ-पांव की अंगुलियां आपस में जुड़ी हुई थी।

इस बीमारी से रोगी के जबड़े तथा दांतों की बनावट भी बेडोल हो गई थी। डॉ.कालरा ने बताया कि यह बीमारी दुर्लभ है तथा एक लाख में से एक रोगी को होती है और इस बीमारी का ऑपरेशन देश के चुनिन्दा अस्पतालों में किया जा जाता है।



महात्मा गांधी अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने क्रेनियो फेशियल एपर्ट सिंड्रोम नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित एक किशोरी का जटिल ऑपरेशन किया।

इस ऑपरेशन में बालिका के सिर की हड्डी के भाग को काट कर आगे की तरफ शिफ्ट कर फिक्स कर दिया जिसके कारण उसके दिमाग का दबाव कम हुआ एवं दिमाग को विकसित होने को जगह मिली। चेहरे एवं जबडे की विकृति दूर हुई और स्थिति में सुधार हुआ।

चिकित्सकों की टीम में ऑपरेशन में डॉ.जी.एस. कालरा, डॉ. बुद्धि प्रकाश शर्मा, डॉ. मनीष सिंघल, डॉ. गोविन्द तथा डॉ. प्रियंवदा शामिल थे।

## संभल में डॉ.पूनिया ने 'टिफिन बैठक' ली

**संभल/जयपुर** । उपनेता प्रतिपक्ष व भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने दो दिवसीय उत्तरप्रदेश प्रवास पर पहले दिन संभल लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सिरसी मंडल की 'टिफिन बैठक' में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को लेकर विस्तृत चर्चा की और जन-जन तक योजनाओं को प्रचार-प्रसार के माध्यम से पहुंचाने का आव्हान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को भोपाल में 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को देशभर में सभी बूथों पर भी पदाधिकारी, सांसद, विधायक और कार्यकर्ता वर्चुअल माध्यम से सुनेंगे। वहीं सतीश पूनिया मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनेंगे।

## करोना के पांच मरीज रिकवर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी करोना संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। वहीं इस बीच पांच मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में अब केवल तीन ही एक्टिव केस रह गए हैं। इस बीच राज्य में 400 कोविड जांच की गई है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9736 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## जयपुर के एक रखने के लिए सामूहिक प्रयास रंग लाया

**जयपुर** । मुख्यमंत्री आवास पर जयपुर के जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बातचीत का जो निष्कर्ष सामने आया है वह गत तीन माह से महारा जैपुर-प्यारा जयपुर के तत्वावधान में जयपुर के नागरिकों द्वारा चल रहे ''हमें चाहिए जयपुर एक'' के भाव के अनुरूप जयपुर की जनता के संघर्ष का परिणाम है।

सुनील कोठारी ने बताया कि सरकार ने जनता की भावना को समझते हुए, नागरिकों के दबाव को देखते हुए सरकार ने जयपुर को एक रखने का निर्णय किया। यह स्वागत योग्य है और यह जयपुर के नागरिकों, व्यापार मंडलों, जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों विभिन्न समाज संगठनों के सामूहिक प्रयास का ही परिणाम है। जयपुर को एक रखने के लिए जयपुर की जनता ने पिछले तीन माह में ज्ञापन ,पैदल मार्च , कैंडल मार्च महाआरती, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार तक अपनी भावना पहुँचाई और संघर्ष किया।

## 600 जेल प्रहरियों की तबीयत बिगड़ी

**जयपुर** । पिछले 6 दिन से अपनी मांगों को लेकर भूखे पेट ड्यूटी दे रहे जेल प्रहरियों की तबीयत खराब हो रही है। पूरे प्रदेश में 600 से अधिक जेलप्रहरी तबीयत खराब होने से अस्पताल में भर्ती हो चुके है। सोमवार को डी.जी. जेल भूपेन्द्र दक से डिप्टी जेलर रामकांत शर्मा की अगुवाई में हड़ताल कर रहे जेल प्रहरियों के प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की। इस चर्चा में डी.जी. जेल ने उन्हें जुलाई तक इस परेशानी का निपटारा करने का आश्वासन दिया, लेकिन मांगे पूरी होने तक हड़ताल पर जेलकर्मी अड़े है।

# पुलिस ने 11 हजार 700 अपराधियों को गिरफ्तार किया

- बदमाशों से 338 किलो डोडा पोस्त, 287 ग्राम स्मैक, 5 किलो गांजा, 136 ग्राम अफीम, 3500 नशे की गोलियां, 5320 लीटर देसी शराब, 407 लीटर हथकढ़ शराब, 807 लीटर अंग्रेजी शराब, 408 लीटर बीयर तथा 14 देशी कट्टे, तीन देशी पिस्टल, 4 टोपीदार बंदूक और एक कारतूस बरामद किया

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में पुलिस के अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन वज्र प्रहार चला कर 11 हजार 700 से अधिक बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के निर्देश पर गत पांच वर्ष के दौरान मादक पदार्थों, अवैध आग्नेयस्त्रों, फायरिंग आदि घटनाओं में लिप्त चालानशुदा अपराधियों, संगठित, हार्डकोर, वांछित सक्रिय अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए रविवार एवं सोमवार को पुलिस टीमों द्वारा दबिश देकर विशेष कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान प्रदेशभर में 11 हजार 742 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

मिश्रा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन की निगरानी में प्रदेश भर में यह कार्रवाई संचालित की गई। दिनेश एमएन ने बताया कि रविवार को अल सुबह से देर रात तक चलाए गए अभियान में 22 हजार 709 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की 8 हजार 902 टीमों का गठन कर बदमाशों के 18 हजार 522 ठिकानों पर दबिश दी गई है। इस दौरान समग्र रूप से 11 हजार 742 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

इसमें एनडीपीएस, आबकारी, आर्म्स एक्ट व फायरिंग की घटनाओं में 1522 को गिरफ्तार किया गया। स्थाई वारंटी घोषित अपराधी और 299 दंड प्रक्रिया संहिता में 1739 तथा विभिन्न प्रकरणों एवं निरोधात्मक कार्रवाई में 8481 की गिरफ्तारी हुई। इनसे 338 किलो डोडा पोस्त, 287 ग्राम स्मैक, 5 किलो गांजा, 136 ग्राम अफीम, 3500 नशे की गोलियां, 5320 लीटर देसी शराब, 407 लीटर हथकढ़ शराब, 807 लीटर अंग्रेजी शराब, 408 लीटर बीयर तथा 14 देशी कट्टे, तीन देशी पिस्टल 1 पौना, 4 टोपीदार बंदूक और एक कारतूस बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि आयुक्तालय जयपुर में 8955 पुलिसकर्मियों की 5950 टीमों ने 5950 स्थानों पर दबिश देकर 718 बदमाशों को, आयुक्तालय जोधपुर में 546 पुलिसकर्मियों की 98 टीमों ने 900 स्थानों पर दबिश देकर 290 बदमाशों को, जोधपुर रेंज में 1744 पुलिसकर्मियों की 390 टीमों ने 1549 स्थानों पर दबिश देकर 481 बदमाशों को, जयपुर रेंज में 2107 पुलिसकर्मियों की 406 टीमों ने 1634 स्थानों पर दबिश देकर 1643 बदमाशों को तथा उदयपुर रेंज में 2366 पुलिसकर्मियों की 518 टीमों ने 1842 स्थानों पर दबिश देकर 2127 बदमाशों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार बीकानेर रेंज में 1727 पुलिसकर्मियों की 322 टीमों ने 1623 स्थानों पर दबिश देकर 659 बदमाशों को, भरतपुर रेंज में 1860 पुलिसकर्मियों की 309 टीमों ने 1223 स्थानों पर दबिश देकर 1370 बदमाशों को, अजमेर रेंज में 2079 पुलिस कर्मियों की 540 टीमों ने 2226 स्थानों पर दबिश देकर 2422 बदमाशों को तथा कोटा रेंज में 1325 पुलिसकर्मियों की 369 टीमों ने 1575 स्थानों पर दबिश देकर 2032 बदमाशों को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### महिला शौचालय जनता को समर्पित



**जयपुर** । मालवीय नगर के वॉर्ड 131 में करधनी शॉपिंग सेंटर पर आज एक महिला शौचालय आम जनता को समर्पित किया गया। पार्षद गोविंद सिंह छीपा ने बताया कि शौचालय न होने की वजह से खरीददारी करने आने वाली महिलाओं को परेशानी होती थी। इसके लिए उन्होंने भामाशाह डॉ. पवन गुप्ता से आग्रह किया। जिसे उन्होंने मानते हुए अपने खर्च पर शौचालय का निर्माण कराया। शॉपिंग सेंटर के सभी व्यापारियों ने भामाशाह डॉ.पवन गुप्ता और पार्षद गोविंद छीपा का सम्मान किया। इस अवसर पर घनश्याम भार्गव, राम कृपाल पारीक, ओम प्रकाश शर्मा, सुमेर सिंह, नरेन्द्र सिंह, दिनेश गौड आदि नागरिक उपस्थित थे।

### जेल में कैदियों के बीच खूनी संघर्ष

**जयपुर** । मालपुरा गेट थाना इलाके स्थित खुली जेल में दो कैदियों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। एक कैदी के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी बंदी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना 24-25 जून की मध्यरात्रि करीब 12:30 बजे की खुला बंदी शिविर की है। यहां बारां निवासी जगदीश (43) और कोटा निवासी दीवान राणा (30) हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। घटना के मुताबिक रात को दोनों ने साथ बैठकर शराब पी और खाना खाकर सोने चले गए। इसके बाद दीवान उठा और जगदीश के पास आकर गलत हरकतें करने लगा, जिसका विरोध करने पर दीवान ने जगदीश से मारपीट शुरू कर दी। वहीं, मौके पर पड़ी एक ईंट से जगदीश का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने आरोपित दीवान राणा को हिरासत में ले लिया है।

### छात्रा से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग

**जयपुर** । कानोता इलाके में एक छात्रा से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 20 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि पिंटू योगी पिछले डेढ़ साल से स्कूल जाते समय पीछा करता है। आरोप है एक बार वह अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़िता की सगाई के बाद भी पिंटू ब्लैकमेल करता आ रहा है। अश्लले फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### बदमाशों ने वृद्धा के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर** । मुरलीपुरा इलाके में स्कूटी सवार बदमाश एक वृद्धा की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया विजयवाड़ी निवासी 60 वर्षीया मंजू देवी 23 जून की शाम करीब 6 बजे घर के पास ही दुकान पर दूध लेने जा रही थी। इस दौरान रास्ते में स्कूटी सवार बदमाश गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड़ ले गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### छेड़छाड़ का आरोपी मध्यप्रदेश से पकड़ा

**जयपुर** । श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिकाओं से साथ छेडछाड व गलत काम करने वाले आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिकाओं से साथ छेडछाड व गलत काम करने वाले आरोपित मनीष चौरसिया निवासी मध्यप्रदेश हाल किशन नगर श्याम नगर को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि आरोपित ने 23 जून को दो नाबालिग बच्चियों को चॉकलेट देने के बहाने अपने कमरे में ले गया और उनके साथ छेडछाड और गलत काम किया है। आरोपित घटना के बाद से आरोपित फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने मध्यप्रदेश टीम भेज कर आरोपित को चिन्हित कर धर-दबोचा।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**जयपुर** । बगरू इलाके में सोमवार सुबह एक युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। कमरे में उसका शव कपड़े के फंदे से लटका मिला। सेज थाना पुलिस ने सिटी एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि बजीरपुर सवाई माधोपुर निवासी लोकेश कुमार (21) पुत्र रैती राम जाटव ने सुसाइड किया है। वह हसनपुरा नेवटा में किराए से रहकर फर्नीचर बनाने का काम करता था। सोमवार सुबह उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुबह करीब 10 बजे कमरे में जाने पर लोकेश कपड़े के फंदे से लटका मिला। सेज थाना पुलिस सुसाइड की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने सिटी टीम की मदद से सबूत जुटाए। फंदे से शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए बगरू भिजवाया गया।



## International Pineapple Day

It's our favourite fruit, a lush, prickly, green leafed ground fruit that is a delicious addition to just about any meal. It's sweet and tangy on its own and is practically the definition of the word 'tropical'. Want to make something tropical? Put a slice of this fruit on it. That's right, we're talking about the apple that isn't an apple, the pine that isn't a pine, the pineapple! Pineapple day is dedicated to this most tantalizing little fruit.

#AROUND-D-WORLD

# Eat, Travel, Repeat!

The airports with the top food and drink options around the world



Holidays begin when you reach the airport. So, naturally, once you've arrived, checked in your luggage and struggled through security, the first port of call is finding the best food and drink to kick-start that holiday mood.

So it can be incredibly frustrating when, frazzled, harried and hungry, you discover that there is nothing to eat except Polo mints and paprika-flavoured Pringles.

However, some airports seriously deliver when it comes to food. Keep reading to find out the top 10 airports for food worldwide.

### Singapore Changi Airport, Singapore



Part dream garden, part sculpture park, it comes as no surprise that this airport is one of the best in the world, according to our annual Readers' Choice Award. But the airport is also impressive when it comes to food, with 194 eateries with an average rating of 3.6 out of 5 stars. The average price here, though, is fairly steep at £16.35.

### O'Hare International Airport, USA

This Chicago airport is well deserving of its place in this list, ranking highly in all categories. It held the position of the world's busiest passenger airport from 1963 to 1998, so it's no surprise that it has needed to provide a decent food service for travellers. There are 130 eateries to choose from.

### Dallas-Fort Worth International Airport, USA

The second best USA airport for food, Dallas-Fort Worth serves both Texan cities with 125 eateries to choose between - plus, the airport has America's highest average restaurant rating with 3.7 out of 5 stars.

### Jeju International Airport, South Korea

The second South Korean entry on this list, Jeju airport has a small but mighty food offering, with lots of tasty

### Narita International Airport, Japan

Despite being significantly smaller than Tokyo's main airport, Narita ranks higher on this list than Haneda. The average rating of eateries is above any other airport in the top 10, and the average dish price is just £6.30.



noodle and rice dishes for hungry travellers.

### Taiwan Taoyuan International Airport, Taiwan

Taiwan's busiest airport is just outside of the capital city, Taipei. It has the lowest dish price on this list, with an average price of £4.53.

### Hartsfield-Jackson Atlanta International Airport, USA

As you'd expect, a US airport has the highest number of gluten-free eateries - this Georgia-based airport has 36 options for those who require a gluten-free diet.

### Incheon International Airport, South Korea

This South Korean hub has a whopping 270 eateries, with a solid rating of 3.2 stars out of 5 and a below-average dish price. It is also known to be one of the world's cleanest airports.

### Haneda Airport, Japan



Frequently voted one of the world's best airports, and currently in position five on our Readers' Choice Awards, Haneda Airport has the second highest number of eateries on this list and the joint second number of vegan and vegetarian options.

### Los Angeles International Airport, USA

**Not** only is it an excellent place for celeb-spotting, LAX has some great food options. It's the fourth-best airport in the US, and is particularly notable for its allergen-friendly restaurant offering, coming seventh in the world for gluten-free food.




"It was a total surprise when on a Sunday in the spring of 1968 I received a call from an 'old friend of school days' who wanted to see me. After some brain scratching and a few clues from him I caught on and invited Aftab to my home. We hugged each other like brothers reunited after long separation. It was a nostalgic meeting but much more than that because of what he told me. I asked him as to how he managed to trace me after so many years and that too in England. He asked me to be patient and listen to his long story."

# Brothers Across the Border



Brig Onkar Singh Goraya (retd)

#WAR-N-PEACE

I met my elder brother Om Parkash Singh in London in November 2019. During the 30 years since our previous meeting he had lost most of his hearing power. He told me he suffered from dementia yet he surprised me by recounting some very old events and anecdotes from our early life with astonishing accuracy. The story that follows was one such revelation. Its origin lies in our native land in West Pakistan before partition of 1947. It is best told in his own words.

"I used to walk to my school in Jamke town in Sialkot Distt, a distance of about seven miles from my village Simbalpur. Almost half way to Jamke there was a village named Bakarpur populated entirely by Muslims who bore the same sub caste (Goraya) as our village. Aftab, my class fellow from this village used to join me on way to school. He was very fair and good looking and lived in a big bungalow type house outside the village constructed by his late father. Like rest of the peasants of the village the father was poor and nominally educated. When he grew up he left the family home and reached Lahore where he got employed by an English couple as a household help. The lady was kind to him, taught him the English language besides manners and many other things. By dint of hard work and inborn intelligence he became not only a proficient cook but also a polished gentleman. The marriage between the English couple was far from happy. The man suspected undue intimacy between the cook and his wife. After some months he divorced her and went back to England. After a year or so the lady proposed marriage to the cook on the condition that he must build a nice house in his native village. The boy had no assets except a few acres of land back home. The lady advanced him sufficient money with which he built a beautiful house where they started living as a couple. Aftab was their only child.

### A Nostalgic Meeting

"Often on our way back from school Aftab invited me into his house to rest for a while. Like all mothers Aftab's mother was kind and affectionate. She would never let me resume my journey without having a cool drink in summer or something hot in winter. This went on for a few years till 1947 when India was partitioned. West Punjab merged in the newly created nation Pakistan. Sikhs and Hindus living in West Punjab



PM Shastri visiting the underground operations room of Goraya's Regiment.



Capt Goraya with his CO in underground operations room.

migrated to East Punjab which was now part of India. My family settled down near Jalandhar where I started my education. I remembered my friend Aftab occasionally but over the years due to total lack of contact his memory faded away. In due course I graduated and started working for a living. Not satisfied with my life I migrated to United Kingdom in 1965. After a few years of initial struggle I was lucky to secure a government job in the immigration department in London. I got married in 1967 and settled down to raise a family of my own.

"It was a total surprise when on a Sunday in the spring of 1968 I received a call from an 'old friend of school days' who wanted to see me. After some brain scratching and a few clues from him I caught on and invited Aftab to my home. We hugged each other like brothers reunited after long separation. It was a nostalgic meeting but much more than that because of what he told me. I asked him as to how he managed to trace me after so many years and that too in England. He asked me to be patient and listen to his long story."

He began:-

"You people migrated to India but I continued my studies at Jamke. After a few years I appeared in a competitive examination to join the Pakistan Army. I was selected and in due course commissioned into Punjab

> Often on our way back from school Aftab invited me into his house to rest for a while. Like all mothers Aftab's mother was kind and affectionate. She would never let me resume my journey without having a cool drink in summer or something hot in winter. This went on for a few years till 1947 when India was partitioned."

Regiment as an officer. As you know in 1965 our two countries went to war. Indian Army made a serious ingress into our territory South East of Sialkot. From a captured map we learnt their objective was the Marala - Ravi link canal that was constructed during the 19 fifties to drain excess water from Marala Headworks into River Ravi. Had the Indian Army succeeded, a huge area including your village Simbalpur and my village Bakarpur would have fallen under the control of Indian Army. My unit (23rd Punjab) was deployed to defend Chawinda a biggish village which was the next objective of the Indian Army. The Indians attacked on the night of 17/18 September. After a fierce fight the Indian forces were thrown back with serious losses. The two countries agreed to a



Capt Goraya with his Div Comdr and CO in 1965 War.



Major and Mrs Chandrakant introducing Brig Goraya to Sheikh Hasina.

ceasefire which became effective on 23rd September. Though fighting ceased the two armies deployed across the ceasefire line eye-ball to eye-ball.

### The Strange Story

"The interesting part starts now to which you must listen carefully. One night I took out a small patrol with four of my soldiers. The task was to ascertain whether a particular copse falling in the no man's land was occupied by Indian Army or not. While approaching the copse we adopted due caution and stealth but were surprised by an Indian party which was already there. They pounced upon us. At that moment being in the lead I was promptly captured while all my men managed to flee.

"I was taken to the HQ of the Indian Division where a captain who I presumed was the intelligence officer started interrogating me. He demanded the usual 'fauji' information, threatening third degree treatment and torture in case I refused. I disclosed nothing more than my rank, name and unit. I perceived an immediate softening in his attitude when he heard my name - Aftab Ahmed Goraya from village Bakarpur. Possibly overcome by a surge of emotion he disclosed he too was a Goraya and inquired how far was Bakarpur from Simbalpur. At once your name flashed through my mind. I quickly revealed our relationship as friends and class fellows. He confessed he was Onkar, your younger brother. A ray of hope lit up my inside. He went into a deep thought for some time, and then asked me to follow. His jeep was parked only a hundred yards away. The drive to the place where I was captured took about thirty minutes. On the way he talked about you and revealed you had migrated to England. After untying my bonds he put a small piece of paper in my shirt pocket. Then he gave me a tight hug and bid me farewell with a muted "Khuda Hafiz".

"Your angel brother took a great risk in letting me off. He could have been court marshalled for treason. I wonder how he explained my 'escape' to the authorities. I was weighed down by the debt I owed him. How to repay it I did not know. Getting in touch with Onkar even if I could, was sure to put him in trouble. The piece of paper he put in my pocket contained your address in London. It impelled me to trace you somehow. I applied for release from the army soon after the war. It took a couple of years to secure a visa for England and here I am!"

My brother swore that I myself had told him what happened on the fateful night in Sialkot Sector. Yet I was astounded to hear the strange story that portrayed me as the central character. It is a fact that my brother attended school at Jamke. Though I cannot vouch that he had a friend named Aftab and also the story about his parents, it was probably true. It is also true that during the Indo Pak war of 1965 I was serving as a General Staff Officer (Intelligence) in the rank of a captain in Sialkot Sector. However a question mark lingers over my stated role. Was Maj Aftab of Pakistan army really captured and brought before me for interrogation? Did I set him free on discovering him to be of my caste and my brother's close friend? If I really did that, how did I cover my actions? Did I really act as a kind hearted emotional fool and a traitor to my country? If my brother's version is true then I must be the one under dementia and not my brother. I leave it to my reader's imagination.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

## The Indian Counter Thrust



Maj Chandrakant Singh VrC *(Retd)*
*Military Historian*

In September 1965 Pakistan and India fought their second war. Ayub Khan the military dictator of Pakistan thinking that that the new Indian Prime Minister Lal Bahadur Shastri who was physically a small man with a mild and soft character would not stand up to his aggression. He was mistaken, in his small frame Shastri had the heart of a lion. Ayub called his action Operation Gibraltar.

It started with the Pakistani's sending across the border a large number of guerrilla fighters and regular Pakistani soldiers in civilian clothes into Jammu and Kashmir.

India replied with its Operation Grand Slam and crossed the border in Punjab and Rajasthan and in a series of fiercely fought battles destroyed Pakistan's much vaunted armoured forces equipped with the latest US supplied Patton tanks.

The Indian counter thrust into Pakistan was led by I Armoured Division in the Sialkot Sector. The division was under the command of Maj Gen Rajender Singh MVC popularly called Sparrow. He was one of India's most respected senior officers and had had been awarded the MVC for his actions in 1947-8 in J&K. when 7 Cavalry under his command had had cleared the enemy from Jhangar Area and recaptured Zozila Pass. The first time tanks were ever used at such altitudes. His own son and my course-mate and friend 2Lt later Lt Gen TS



India-Pakistan 1965 War.

Shergill was taken prisoner in one of the battles and very badly ill-treated by the Pakistanis when they came to know that he was the son of Gen Sparrow who had decimated their armour in Sialkot.

The other place were Pakistani tanks were destroyed was in southern Punjab near Firozepur. Here a major Pakistani armoured thrust led by Pattons was decimated by our Centurian tanks of 3 Cavalry. Hundreds of Pakistani Pattons were shot up. 3 Cav was commanded by Lt Col later Maj Gen Salim Caleb who was awarded the MVC for this action. Curiously Salim Caleb was my battalion Commander at the Indian Military Academy and a much hated one at that. For some reason he was disliked by most officers he came into contact with including Generals Himmeth Singh and Hanut Singh when they served under him in 1974-5 at Jhansi in 31 Armoured Division.

This story by my friend Brig Goraya is a very interesting human interest story. It brings out very lucidly how behind their warlike and fearsome demeanours soldiers are on both sides of the battle field are also human beings with similar emotions and feelings. Brig Goraya and I are old friends, we were in the 1971 War together, I was a company commander with 4 Guards and he the Brigade Major of the Artillery Brigade of our Division. Later both of us served on the staff of 62 Mountain Brigade in Kanpur. Gen Sagat Singh after relinquishing command of IV Corps in Tezpur, moved to I Corps in Mathura and we were once again under his command. Gen Sagat with the victory in Bangladesh behind him came to 1 Corps with a formidable reputation. All subordinate commanders were in awe of him some even afraid and dreaded his visits to their formations and units. But when he came on an inspection to our brigade on spotting Goraya and me his 1971 War subordinates he threw aside all protocol and programmes and spent the next three days partying, merrymaking and recounting wartime stories. As expected our brigade commander Brig Mahipat Sinhji got a thumping report and went on to become a Lt General.




At a seminar on Lt Gen Sagat Sungh at Chandigarh L to R. Maj Chandrakant, Brig Goraya, Maj Gen VK Singh ( Signal officer with Gen Sagat Singh in Sikkim 1967) Maj Gen Rajendra Nath. Gp Capt CS Sandhu Sqn Comdr of 110 Helicopter squadron that flew us across the Meghna.

#PARENTING

# Bonding With Second Baby



About 70% of the mothers reported they did not worry at all about forming an attachment to their second baby

Most mothers don't worry excessively about bonding with a second baby or whether they'll love each child equally, research finds.

The new study, however, uncovered some psychological risks among those moms who do worry.

The findings are contrary to a widely held belief that it is common and normal for women to be worried about loving their second baby as much as they currently love their first child. Although some mothers may worry a little if they can form an attachment to their second baby, such feelings are "not common and universal," says Brenda Volling, psychology professor at the University of Michigan and the study's lead author.

The study in the Infant Mental Health Journal focuses on 240 pregnant mothers expecting their second baby. About 70% of the mothers reported they did not worry at all about forming an attachment to their second baby-what the authors referred to as maternal-foetal relationship anxiety, or MFRA. On the other hand, about 20% worried a little, while 5% of the mothers worried "very much" or were "extremely" worried.

Volling, whose research focuses on early social and emotional development and parent-child interaction, says the women who experienced high levels of anxiety also had other psychosocial risks in their lives-including more depression, more conflict in their marriages, and their firstborn children had less secure attachments.

To overcome excessive anxiety and feelings of insecurity in close social relationships, mothers may wish to seek professional help from care providers or join support groups. Coming to understand the source of these insecurities "would most likely free them to feel closer to their babies," Volling says.

Volling says blogs and articles about what moms can expect when having their second baby have made it difficult for mothers to seek help and support by claiming it was normal for mothers to feel less attached to their second babies.


Fathers' attachment to their children is also important-and there are similarities to mothers' attachment to the unborn baby.

"Fathers who are also depressed during the perinatal period can have difficulties establishing an attachment to the baby during pregnancy," Volling says.

As is the case for mothers, it is the social support and relationship risks surrounding these men that matter, she says.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मछली पकड़ने के दौरान नाले में डूबने से युवक मौत

## एक घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद निकाला शव

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत कच्छावा गार्डन के समीप दौराई नाले में सोमवार को मछली पकड़ने के दौरान युवक का जाल कांटों में फंस गया। युवक जाल को कांटों से निकालने के लिए नीचे उतरा तो उसका पैर फिसल गया और वह नाले में जा गिरा, जहां युवक पानी के तेज बहाव के चलते युवक डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस, सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद युवक के शव को बाहर निकाला गया। रामगंज थाना पुलिस ने बॉडी को जेएलएन हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवा कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक10 बजे के करीब रामगंज थाने पर दौराई नाले में युवक के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली गई। मौके पर मौजूद लोगों से पता चला कि अजय राम (22) दौराई नाले से अपने दोस्त के साथ जाल से मछलियां पकड़ रहा था। इस दौरान उसका जाल नीचे कांटों में फंस गया। जाल को निकालने के लिए वह नीचे उतरा तो उसका पैर फिसल गया और वह नाले में जा गिरा।



युवक के शव को एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला।

- जाल को निकालने के लिए वह नीचे उतरा तो पैर फिसल गया था
- पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफ मौके पर पहुंची

**पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफ पहुंची मौके पर :-** पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफ को घटना कि जानकारी मिलते ही अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गई और अधिकारीयों से सम्पर्क कर एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमों को मौके पर बुलाया। करीबन तीन घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मदार निवासी अजय लोरीस के शव को बाहर निकाला गया। मृतक के दोस्त ने बताया कि अजय लोरीस पानी में मछली पकड़ने के लिये उतरा था पैर फिसलने कि वजह से वह डूब गया। रामगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जेएलएन में रखवा दिया है।

# नाबालिग के अपहरण के मामले को लेकर चिड़ावा बंद रहा

## बंद का शहर में व्यापक असर देखने को मिला

**चिड़ावा, (निसं)।** श्योपुरा में घर में घुसकर मारपीट और नाबालिग लड़की के अपहरण के विरोध में आज चिड़ावा बंद रखा गया। बंद को व्यापार संगठनों और सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन दिया है। भूतपूर्व सैनिकों के संगठन भी समर्थन में हैं। बंद का शहर में व्यापक असर देखने को मिल रहा है।

शहर के कबूतरखाना स्टैंड, नया बस स्टैंड, चुंगी चौराहा, मुख्य बाजार, विवेकानंद चौक, पुरानी तहसील रोड, गौशाला रोड, पुराना बाजार सहित शहर में लगभग सभी क्षेत्र में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। हालांकि मेडिकल, डेयरी, चाय की दुकानों को बंद से छूट दी गई है। इधर राजनीतिक संगठन भाजपा, कांग्रेस, आरएलपी ने भी बंद को पूर्ण समर्थन दिया है और सभी बंद को सफल बनाने में जुटे हैं।आक्रोशित लोगों का कहना है कि इतना लम्बा समय बीतने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस की कार्यशैली पर भी लोगों ने सवाल उठाए हैं। नाबालिग को दस्तयाब नहीं किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

वहीं धरना स्थल पर वक्ताओं ने पुलिस के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए पुलिस के खिलाफ आक्रोश

- बंद को व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन दिया

व्यक्त किया और महिलाओं ने विधायक जेपी चंदेलिया को धरने पर लाने की मांग की। जिसके बाद विधायक थाने पहुंचे और एएसपी से बात की। जिसके बाद विधायक ने कहा कि पुलिस आरोपियों के निकट पहुंच चुकी है।

धरना प्रदर्शन से ध्यान भटकाने और राजनीति करने जैसे कृत्य ना किए जाये। इसके बाद विधायक जब जाने लगे तो लोगों ने उनके वाहन को घेर लिया। जिसके बाद विधायक अपनी गाड़ी से उतरकर धरना स्थल पहुंचे। यहां विधायक के साथ आई चिड़ावा प्रधान इंद्रा डूडी ने धरने पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक परिवार पर बुरी बीत रही है और यहां धरना तमाशा चल रहा है। इतना कहते ही धरने पर मौजूद महिलाएं और लोग आक्रोशित हो गए। जिसके बाद लोग प्रधान और विधायक को धरना स्थल से जाने की कहने लगे।

इसी दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सिंह माठ के साथ कांग्रेस आईटी सेल के सदस्य कमलदीप गोदारा ने धक्का मुक्की की। हालांकि मौके पर हालत को देखते हुए डीएसपी शिवरतन गोदारा और अन्य पुलिस अधिकारियों ने बीच बचाव कर माहौल को शांत किया। जिसके बाद प्रधान डूडी ने कहा कि उन्होंने कुछ गलत कहा तो वे माफी मांगती है और बेटी को न्याय मिले बस ये ही चाहती है। इसके बाद विधायक जेपी चंदेलिया ने कहा कि उन्होंने मामले में दिन रात एक कर रखा है। डीएसपी, एएसपी और एसपी से लगातार वे संपर्क में है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द लड़की को दस्तयाब कर लिया जाएगा। बदमाशों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

विधायक और उनके समर्थकों के जाने के बाद धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि वे किसी भी बहकावे में आकर धरना नहीं उठाएंगे और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक धरना जारी रहेगा। आगे की रणनीति संघर्ष समिति तय करेगी। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, आरएलपी नेता दिनेश सहारण, सुशील डांगी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जय सिंह माठ, राजू मराठा, वर्षा सोमरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश बसवाला, मनोज आलडिया, शिवकुमार जेवरिया, पूर्व विधायक मनोज न्यांगली, विनोद डांगी, शीशराम डांगी, अनुराग जोया सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में दो चचेरे भाइयों की हत्या

**अलवर, (निसं)।** जमीन विवाद दो पक्षों में इतना बढ़ गया कि दो चचेरे भाइयों की हत्या कर दी। वहीं इस हमले में एक ही परिवार के 18 लोग घायल हो गए। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को अलवर के प्राइवेट हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। मामला अलवर के नौगांवा गांव का है। हमले के दौरान परिवार के लोग खेत में काम कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार इस हमले में नौगांवा निवासी मंगतू (45) व ब्रेजेश उर्फ बिरजी (40) पुत्र श्रवण की मौत हो गई। दरअसल, इस परिवार का गांव के ही रहने वाले नेमी, मोहन, गज्जू, फल और हवाई से कोरोना काल से विवाद चल रहा था। घायल परिवार के लोगों ने बताया कि उनकी गांव में ही जमीन है, जो पूर्वजों की है। खेत में चबूतरा और मंदिर बनवाया था। लेकिन, दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे तोड़ दिया था, मामला कोर्ट में भी चल रहा है। लेकिन, सोमवार को जब ये सभी लोग अचानक से खेत में आ गए और खेत जोतने लगे। इस पर हम लोगों ने मना किया तो लाठी, फर्सी और हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान लोगों ने मंगतू और ब्रजेश पर लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में रघुवीर, राजेंद्र, खमानी, मिर्ची व बहादरु सहित शांति, पप्पी व मथरी समेत 18 घायल हो गए। घायलों के परिजनों ने बताया कि आरोपी पक्ष के लोगों के साथ राजू सरपंच व गिर्राज मास्टर भी थे। खेत जोतने का विरोध किया तो पहले से हमला करने की तैयारी में आए सब लोगों ने हमला कर दिया। जिनके पास लाठी, फर्सी व हथियार भी थे। दोनों भाइयों को अलवर हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां मंगतू ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि ब्रजेश ने इलाज के दौरान हॉस्पिटल में दम तोड दिया।

# बिजली गिरने से 14 मवेशियों की मौत

**बान्दनवाड़ा, (निसं)।** सोमवार दोपहर पडांगा ग्राम पंचायत के अर्जुनपुरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 14 भेड़-बकरी मरने की ख़बर पर मसूदा विधायक राकेश पारीक मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार धर्मी चंद गुर्जर ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से हमारे पशुधन का नुकसान हो गया है।

विधायक पारीक ने हुए पशुधन नुकसान की राज्य सरकार द्वारा जो भी सहायता मिल सकेगी उसके लिए प्रयास किया जायेगा। मौके पर विधायक पारीक के साथ रंगलाल गुर्जर,धर्मिचंद गुर्जर अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# हत्या के प्रकरण का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## मृतक व अभियुक्त के मध्य रुपयों के लेन-देन की रंजिश का था मामला

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के ग्राम टांकरडा में स्थित शराब की दुकान पर रविवार को दो युवकों में आपसी लेनदेन को लेकर झगड़ा होने के बाद एक युवक ने दूसरे युवक की पत्थर से सिर को कुचलकर हत्या कर दी थी।

घटना के बाद जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार ने मामले की गंभीरता को लेकर मुल्जिम को शीघ्र गिरफ्तार करने के दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद जयपुर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय ) धर्मेन्द्र यादव व वृताधिकारी वृत गोविन्दगढ बालाराम के सुपर विजन में कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर नामजद मुल्जिम महेन्द्र कुमार सैनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश सिंह पुत्र उम्मेद सिंह राजपूत निवासी प्लॉट नंबर 252 इंदिरा कॉलोनी रेलवे स्टेशन रोड चौमूं थाना चौमूं ने रिपोर्ट पेश की कि मेरा बड़ा भाई विक्रम सिंह जो रेडिएटर बेचने का व रुपए के लेन-देन का कारोबार करता है। जिसके पास महेन्द्र कुमार सैनी भी आता जाता रहता था जिसको मेरे भाई ने उधार रुपए दे रखे थे।

25 जून को मुझे जानकारी मिली कि मेरे भाई विक्रम सिंह के पास महेन्द्र कुमार सैनी का फोन आया व उसको टांकरडा बुलवाया जिस पर मेरा भाई विक्रम सिंह टांकरडा शराब के ठेके के पास महेन्द्र सैनी के बताए अनुसार वहां ठेके के नीचे बने बेसमेंट में हिसाब किताब कर रहे थे। महेन्द्र कुमार सैनी ने योजनाबद्ध तरीके से रंजीशवस पत्थर से सिर पर कई वार कर हत्या कर दी। हमें अंदेशा है कि महेन्द्र कुमार सैनी ने अपने साथियों के साथ इस हत्या को अंजाम दिया है।



कालाडेरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रकरण का खुलासा कर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया।

रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर मुल्जिम की सरगर्मी से तलाश हेतु थाना स्तर पर टीम का गठित की जाकर आम सूचना संकलन कर अभियुक्त महेन्द्र कुमार सैनी को चौमूं से डिटेन कर बात अनुसंधान धारा 302 भादस में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मुल्जिम महेन्द्र कुमार सैनी पुत्र रामलाल सैनी निवासी वार्ड नंबर 5 रेनवाल रोड तेजाजी फाटक के पास पांच्यावाली ढाणी चौमूं का रहने वाला है।

# नदी में डूबे युवक का मिला शव

**गुडामालानी, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत भाखरपुरा लूणी नदी में डूबा युवक दिनेश कुमार का शव 24 घण्टे बाद सोमवार को बडी मशक्कत के बाद झाडियों में अटका हुआ मिला। दो दिन से प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों की उपस्थिति में शव को 108 कि सहायता से गुडामालानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा। दिनेश कुमार का शव मिलने पर प्रशासन अधिकारियों ने राहत की सांस ली। ग्राम पंचायत भाखरपूरा निवासी दिनेश कुमार पुत्र जगाराम जाति मेघवाल उम्र 29 वर्ष जो लुणी नदी में डुबने से मौत हो गई। मृतक के चाचा माघाराम ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि दिनेश कुमार के पिता जगाराम का खातेदारी खेत लूणी नदी के किनारे आया हुआ है । कल दस बजे दिनेश ओर उसकी पत्नी एवं पाच परिवार के सदस्य साथ में खेत कि निगरानी एवं खडाई करने आये थे।

# महिला समूह के मैनेजर ने 8.33 लाख का गबन किया

## ऑडिट में सामने आई गड़बड़ी, फर्जी साइन और सील से लोन भी उठाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** रामसागडा थाना क्षेत्र में 24 महिला स्वयं सहायता समूह के 8 लाख 33 हजार रुपए से ज्यादा की राशि के गबन का मामला सामने आया है। महिला समूह का फील्ड मैनेजर ये रुपए लेकर भाग गया। मामला सामने आने के बाद महिलाओं ने रामसागडा थाने में प्रकरण दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थानाधिकारी ने बताया कि प्यारी देवी लबाना पत्नी धनराज लबाना निवासी गामडी अहाडा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्यारी देवी ने बताया कि वह महिला मंडल समिति माडा की सचिव है। उसके साथ 24 महिला स्वयं सहायता समूह जुड़े हुए हैं। कांतिलाल पुत्र शिवाजी डामोर निवासी हिम्मतपुर मेवाडा समूह का रिप्रजेंटेटिव मैनेजर है। कांतिलाल महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ बैठक कर उनसे राशि जमा करता है, जिसकी एक डायरी में एंट्री करने के बाद गामडी अहाडा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा करवाते है। इसके वाउचर और जमा पर्ची का काम कांतिलाल करवाता है।

पीड़िता ने बताया कि 31 मार्च को सभी स्वयं सहायता समूह के वित्तीय लेन-देन की ऑडिट की गई। जांच के दौरान सभी स्वयं सहायता समूह की जमा रकम में गड़बड़ी मिली। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से जो राशि जमा करवाने के लिए दी गई थी। वह कांतिलाल ने बैंक में जमा नहीं करवाई। जबकि बैंक के फर्जी वाउचर, सील, हस्ताक्षर कर रसीद बना ली थी। कांतिलाल से पूछा गया तो उसने भी गड़बड़ी की बात कबूल कर ली। उसने चेक पर साइन कर स्वयं सहायता समूह के नाम से लोन भी उठा लिया। इस तरह आरोपी ने कुल 8 लाख 33 हजार 149 रुपए का गबन किया है। आरोपी ने फर्जी वाउचर, सील और साइन कर रुपए हड़पे हैं। थानाधिकारी ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूह की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपी कांतिलाल की तलाश की जा रही है।

# युवक को रोडवेज बस ने कुचला

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में जोधपुर रोड भटवाड़ा के पास भाई-भाई आयल मिल के पास सोमवार को 27 साल के एक युवक को तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक फैक्ट्री जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस ने मृतक की बॉडी बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई और उसके परिजनों को सूचना दी। औद्योगिक थाने के हिंगलाजदान ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे जोधपुर रोड भटवाड़ा के निकट हुई। तेज रफ्तार से आ रही बस ने बाइक सवार बिहार हाल पाली के महादेव बगेची राजेन्द्र नगर निवासी 27 साल के राकेश पांडे पुत्र रामदेव पांड को चपेट में ले लिया। बस का पिछला पहिया राकेश के सिर के ऊपर से गुजर गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के पास मिले मोबाइल से पुलिस ने उसकी शिनाख्त की और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# प्रदूषण नियंत्रण मंडल की टीम ने फैक्ट्री को सीज किया

**पाली, (निसं)।** पाली के मंडिया रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रोसेस ई-48 जिसे सोमवार को प्रदूषण नियंत्रण मंडल की टीम ने सीज करने की कार्रवाई की। आदेशों की अवहेलना करने पर शहर के पुनायता और मंडिया रोड औद्योगिक क्षेत्र की दो फैक्ट्रियों को सीज करने के आदेश जारी किए गए थे।

आदेश के एक महीना गुजर जाने के बाद भी प्रदूषण नियंत्रण मंडल के जिम्मेदारों ने फैक्ट्री को सीज नहीं किया और न वही लाइट-पानी का कनेक्शन काटा। इस उदासीनता को लेकर प्रदूषण नियंत्रण मंडल के जिम्मेदारों से सवाल किए तो आनन-फानन में सोमवार को तुरंत टीम को भेजकर मंडिया रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रोसेस ई-48 को सीज करवाने की कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार पाली, शहर

- बिजली-पानी का कनेक्शन काटने के भी आदेश थे

के पुनायता और मंडिया रोड औद्योगिक क्षेत्र में एनजीटी के निर्देशों की पालना के लिए कलेक्टर के आदेश पर राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों की ओर से किए गए निरीक्षण में मंडिया रोड स्थित प्रोसेस और पुनायता औद्योगिक क्षेत्र स्थित टैक्सटाइल में भारी मात्रा में अनियमितता पकड़ी थी। रंगीन पानी को सीधे ही बहाने के साथ ही क्षमता से अधिक प्रोडक्शन करने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों फैक्ट्री को बंद करने के आदेश जारी किए। वहीं बिजली-पानी के कनेक्शन काटने के लिए भी निर्देशित किया। राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने पुनायता औद्योगिक क्षेत्र स्थित टैक्सटाइल को सीज करने के लिए 15 नवंबर 2022 को आदेश जारी किया लेकिन आदेश के कई माह तक फैक्ट्री को सीज नहीं किया गया। मामले में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आरओ राहुल शर्मा ने कहा कि जयपुर से आई टीम ने फैक्ट्री की जांच की। जिसमें व्यवस्था मापदंडों के अनुरूप पाए जाने पर कार्रवाई की।

25 मई 2023 को फैक्ट्री सीज करने के आदेश जारी किए। लेकिन प्रदूषण नियंत्रण मंडल के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस फैक्ट्री को भी सीज नहीं किया। ऐसे में पिछले एक माह से फैक्ट्री धड़ल्ले से चलती रही। सोमवार को टीम ने प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आरओ से फैक्ट्री पर मेहरबानी को लेकर सवाल-जवाब किए तो तुरंत टीम भेज फैक्ट्री को सीज करवाया गया

# चौकीदार को बंधक बनाकर 22 लाख का जीरा लूटा

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती मथानिया क्षेत्र में एक फैक्ट्री में रविवार की आधी रात को लूट की वारदात हो गई। पिकअप में आए कुछ बदमाशों ने चौकीदार से पहले मारपीट की। फिर चाकू दिखाकर कमरे में बंद कर दिया। बदमाशों ने बाद में फैक्ट्री से 115 कट्टे जीरा लूट कर ले गए। इस जीरे की अनुमानित कीमत 22 लाख रूपए बताई जा रही है। मथानिया पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज करते हुए तफ्तीश आरंभ की है।

चौपासनी रोड मथानिया निवासी राजेंद्र केला ने बताया कि उसकी एक फैक्ट्री मथानिया में पवन इंडस्ट्रीज के नाम से है। फैक्ट्री में चौकीदार महेंद्रसिंह सोया हुआ था। रात 12 बजे के बाद एक व्यक्ति वहां आया और उसने चौकीदार महेंद्र सिंह से मारपीट की। उसके साथ दो आदमी और नकाब पहने हुए थे। इन लोगों ने महेंद्र सिंह को चाकू दिखाया और मोबाइल लेकर कमरे में बंद कर दिया। फिर एक पिकअप लेकर आए और इन लोगों ने फैक्ट्री का ताला तोड़ कर वहां से 115 कट्टे जीरा लूट कर ले गए। इस जीरे की अनुमानित कीमत 22 लाख के आसपास है। सुबह

- बदमाश फैक्ट्री से 115 कट्टे जीरा लूट कर ले गए
- घटना में किसी पूर्व कर्मचारी का हाथ होने का अंदेशा

महेंद्र सिंह ने राहगीर के फोन से मालिक को फोन किया। उसका फोन भी बदमाशों ने फेंक दिया। लुटेरों ने फैक्ट्री में दो कैमरों का कनेक्शन काट दिया और तार निकाल दिए। मगर तीसरे कैमरे का उनका पता नहीं चल पाया। उसी कैमरे से घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया। बदमाश आधे पौने घंटे में जीरे की कट्टों को पिकअप में लाद कर ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।

इस घटनाक्रम में किसी पूर्व कर्मचारी का हाथ होने का अंदेशा जताया जाता है। फिलहाल मथानिया पुलिस ने मामला दर्ज कर अब तफ्तीश आरंभ की है। पिकअप गाड़ी बालरवा की तरफ से आती दिखाई दी है।

# फुलेरा में भूख हड़ताल से तीन जेल प्रहरियों की तबीयत बिगड़ी

**फुलेरा, (निसं)।** अखिल राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत जयपुर के तत्वावधान में कस्बे की नरैना सड़क स्थित उपकारागृह पर जेल प्रहरियों द्वारा पिछले 6 दिन से लगातार भूख हड़ताल की जा रही है।

वहीं भूख हड़ताल के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के दौरान सोमवार को 3 जेल प्रहरी जिनमें मुख्य प्रहरी दारा सिंह, महिला प्रभारी सुशीला चौधरी एवं गिरवर सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें एम्बुलेंस के द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उनके स्वास्थ्य की जांच करते हुए उपचार किया। नव पदस्थापित उपकारापाल (डिप्टी जेलर) भरत लाल मीणा ने बताया कि जेल कार्मिक अपनी वेतन विसंगति के की मांगों को लेकर 21 जून से अन्न का त्याग कर भूख हड़ताल करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई।

वहीं आगे बताया कि वर्ष 2017 में गृह मंत्रालय के सचिव एवं हमारे तत्कालीन डीजीपी अजीत सिंह के बीच हुई वेतन विसंगति की वार्ता पर लिखित में समझौता हुआ था कि आपकी वेतन



बीमार जेल प्रहरीयों को अस्पताल ले जाते हुए।

सम्बंधित सभी मांगों को मान लिया गया है। साथ ही आगे बताया कि पुलिस और आपका वेतन समान रूप से वेतन भुगतान किया जायेगा। परन्तु अब तक नहीं किया गया है। इसके चलते जनवरी 2023 में भी प्रहरीयों ने विरोध प्रदर्शन किया जिस पर मुख्यमंत्री, गृह मंत्रालय के सचिव वी सरवन एवं वर्तमान डीजीपी भूपेन्द्र कुमार दक के मध्य वार्ता हुई जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा हमारी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। परन्तु अब तक भी पूरा नहीं किया गया है।

# जोधपुर में 50 से ज्यादा जेल कार्मिकों की तबीयत बिगड़ी

**जोधपुर, (कासं)।** वेतन विसंगति में सुधार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे जोधपुर सेंट्रल जेल के जेल प्रहरी लगातार अस्पताल पहुंच रहे हैं। जोधपुर सेंट्रल जेल से सोमवार तक अस्पताल पहुंचने वाले जेल कर्मचारियों की संख्या 50 को पार कर चुकी है। इनमें से 4 जेल प्रहरियों की हालत गंभीर है। जिनको इलाज के लिए आईसीयू में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार दोपहर में शहर विधायक मनीषा पंवार जेल कर्मियों के धरनास्थल पर पहुंची और उनकी बात को प्रदेश सरकार के पास पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने इसको गंभीरता से लिया और जल्द की उचित कार्रवाई को कहा है। पुलिस कर्मियों के समान वेतनमान की मांग को लेकर जेल प्रहरी पिछले 6 दिन से भूखे रहकर आंदोलन कर रहे हैं।


**उदयपुर में 18 जेल प्रहरियों की हालत बिगड़ी :-** वेतन विसंगियों को लेकर चल रहे आदोलन के छठे दिन अठारह प्रहरियों की हालत बिगड़ गई। वहीं उपचाररत एक महिला प्रहरी गिरने से घायल हो गई। इधर प्रदेश के गृह सचिव ने जेल का दौरा किया। इस दौरान जेल प्रहरी प्रतिनिधी मण्डल ने ज्ञापन देकर मांगे पूरा करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि पुलिस कांस्टेबल एवं जेलप्रहरियों की योग्यता एवं अन्य पात्रता समान होने के बावजूद वेतन असमान होने पर वैतन विसंगति को लेकर प्रदेश के जेल प्रहरी मैस बहिष्कार कर ड्यूटी कर रहे है। जिसके चलते आदोलन के छठे दिन 18 जेल प्रहरियों की हालत बिगडने पर सभी को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।



मैं खिलाड़ी की काबिलियत का आकलन इस आधार पर करता हूं कि वह कितने साल खेल सका। - रिंकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर।

**आज का खिलाड़ी**



### जॉश लिटिल

**हार्दिक पंड्या** की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस आईपीएल 2023 सीजन में अपना खिताब बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि अभी तक टीम पिछले सीजन जैसी लय में नजर नहीं आई है। उस पर अब गुजरात के लिए एक टेंशन और बढ़ गई है। पहली बार आईपीएल में खेल रहे बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज जॉश लिटिल को उनके देश से बुलावा आया है। आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने लिटिल को अगले महीने होने वाली अहम वनडे सीरीज के लिए स्क्वॉड में शामिल किया है। इस सीरीज के जरिए आयरलैंड के पास वनडे विश्व कप में सीधे क्वालिफाई करने का मौका है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# पंत फिट नहीं हुए तो कौन होगा भारत का विकेटकीपर

## वर्ल्ड कप टीम में राहुल-ईशान की दावेदारी मजबूत, संजू भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, 26 जून। भारत में 5 अक्टूबर से वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है और अब 101 दिन का समय बचा है। भारत का टीम मैनेजमेंट अब भी परफेक्ट कॉम्बिनेशन तलाशने में जुटा है। ऐसे में सिलेक्टर्स भी टीम मैनेजमेंट के सामने हर स्पॉट के लिए कई विकल्प रखना चाहते हैं। यही कारण है कि पिछले एक साल से टीम के हर स्पॉट के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों को आजमाया जा रहा है। सूर्यकुमार यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू करने का मौका दिया गया, तो तेज गेंदबाजी मोर्चे पर युवा उमरान मलिक जैसे टैलेंट को खिलाया गया। टीम से बाहर चल रहे स्पिनर कुलदीप यादव ने भी वापसी की। स्पेशलिस्ट बल्लेबाज और गेंदबाज के भी कई ऑप्शन तलाशे गए, लिहाजा इन डिपार्टमेंट में सिलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट को बहुत ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। इन सबसे अलग एक डिपार्टमेंट ऐसा है, जिस पर स्पष्ट जवाब न तो अभी सिलेक्टर्स के पास है और न ही किसी क्रिकेट एक्सपर्ट के पास। यह डिपार्टमेंट है विकेटकीपिंग का। दरअसल, ऋषभ पंत चोटिल हैं और की मेडिकल टीम उन्हें समय पर फिट करने की कोशिश कर रही है, अगर पंत फिट नहीं हो पाते हैं, तो उनकी जगह फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर कौन होगा इस पर सस्पेंस है। इस स्टोरी में हम ऐसे चार विकेटकीपर बल्लेबाजों की संभावनाओं को जानने की कोशिश करेंगे, जो पंत की जगह ले सकते हैं। इनमें केएल राहुल, संजू सैमसन, ईशान किशन और केएस भरत शामिल हैं। हम इन चारों की दावेदारी, परफॉर्मेंस, रिकॉर्ड, स्ट्रेंथ और वीकनेस के आधार पर करेंगे... **हर परिस्थिति में रन बनाते हैं:** पंत का बैटिंग रिकॉर्ड देखें तो वे हर परिस्थिति में रन बनाते हैं। पंत ने घरेलू मैदान पर 36.76 की एवरेज से 478 रन



बनाए हैं, जबकि विदेशी पिचों पर 33.66 की औसत से 303 रन बनाए। **बैटिंग लाइन-अप में वैराइटी लाते हैं:** पंत लेफ्टी बैटर हैं, जबकि भारत के टॉप-ऑर्डर में नंबर-4 तक सभी राइट हैंडर ही हैं। ऐसे में पंत की मौजूदगी से बैटिंग ऑर्डर में वैराइटी आती है। **विकेट के पीछे से गेम चलाते हैं, दबाव में नहीं आते:** विकेटकीपिंग के दौरान पंत विकेट के पीछे से गेम चलाते हैं। वे अपने गेंदबाजों को सलाह देते हैं। उनके नाम 26 कैच और एक स्टंपिंग है। इसके अलावा वे खुद जब बैटिंग करते हैं तो टॉप ऑर्डर के फ्लॉप होने पर भी दबाव में नहीं आते और अटैकिंग बैटिंग जारी रखते हैं। केएल राहुल 2019 का वनडे वर्ल्ड कप भी खेल चुके हैं। तब उन्होंने 9 मैच में 45 की औसत से 361 रन बनाए थे। हालांकि तब वे स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के तौर पर खेले थे। राहुल की हालिया खराब फॉर्म भी उनकी दावेदारी कमजोर कर सकती है, हालांकि उनके अनुभव और बैटिंग के कारण उन्हें तवज्जो दी जा सकती है। राहुल ने भारत के लिए 54 मैचों में विकेट के पीछे 32 कैच पकड़े हैं, जबकि दो बैटर्स को स्टंप आउट भी किया है। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन भी भारतीय टीम में जगह के लिए प्रबल दावेदार हैं। हालांकि बीच-बीच में संजू सैमसन टीम से बाहर होते रहे हैं। कभी फॉर्म के कारण तो कभी चोट के कारण। संजू टेक्निकल रूप से अच्छे बैटर हैं। खराब और अच्छी दोनों तरह की गेंदों पर शॉट्स खेलना जानते हैं और प्रेशर भी हैंडल कर लेते हैं। वे पंत की जगह 5वें नंबर पर फिट भी बैठते हैं, इसलिए टीम मैनेजमेंट इन पर विचार कर रही है। अब तक खेले 11 वनडे में सैमसन ने 330 रन बनाए हैं। उनके नाम 7 कैच और दो स्टंपिंग हैं। ईशान किशन भी पंत की जगह के दावेदार माने जा रहे हैं। वनडे क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ ईशान किशन दोहरा शतक लगा चुके हैं। वे पिछले कुछ समय से लगातार भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

## भारत ने रिकॉर्ड 202 पदकों से साथ बर्लिन को कहा अलविदा

बर्लिन, 26 जून। आशाओं और उत्साह से भरी भारतीय टीम ने 2023 स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में अपना अभियान रिकॉर्ड 202 पदकों के साथ समाप्त किया है। भारत के प्रेरणादायक एथलीटों ने रविवार को समाप्त हुए आयोजन में 76 स्वर्ण, 75 रजत और 51 कांस्य पदक हासिल किए, जिसमें आखिरी दिन धावकों ने बहुमूल्य योगदान दिया। भारत ने ट्रैक पर आखिरी दिन दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित छह पदक अपनी झोली में डाले। आंचल गोयल (408 मीटर, महिला लेवल बी) और रविमति अरुमुगम (400 मीटर, महिला लेवल सी) ने पोडियम पर शीर्ष सम्मान हासिल किया। मिनी जेवलिन (लेवल बी) में रजत जीतने वाले साकेत कुंडू ने पुरुष लेवल बी 400 मीटर में भी कांस्य का तमगा जीता। स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष, डॉ. मल्लिका नड्डा ने बर्लिन खेलों में भारतीय दल के प्रदर्शन पर कहा, हमारे ज्यादातर एथलीटों को विभिन्न प्रकार के सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा है, और विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें समाज का गैर-कार्यशील सदस्य माना गया है। यह विचार गलत है। खेल के मैदान में उनका प्रदर्शन साबित करता है कि वे ताकत, गति, एकाग्रता और अनुशासन दिखाने में सक्षम हैं। मुझे उम्मीद है कि इससे बाहर के लोगों की आंखें खुलेंगी और यह साबित हो जाएगा कि हमें इस आंदोलन को और विस्तारित करने एवं इसे अधिक समावेशी बनाने की जरूरत है।

## काशी को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात

लखनऊ, 26 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को अगले साल के अंत तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम की सौगात मिल सकती है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह उत्तर प्रदेश का यह पहला क्रिकेट स्टेडियम होगा जिसका संचालन बीसीसीआई (बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया) करेगा। लांग टर्म लीज तहत वह हर साल इसके एवज में एक तय रकम भी सरकार को देगा। करीब 31 एकड़ के विस्तृत परिसर पर में बन रहे इस स्टेडियम के निर्माण में करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसकी सिटिंग कैपिसिटी (बैठने की या दर्शक क्षमता) 30 हजार होगी। काशी का यह स्टेडियम पूर्वांचल ही नहीं सटे हुए बिहार, मध्य प्रदेश (एमपी), छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों के हुनर को निखारने का बेहतरीन केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि वाराणसी में वर्ल्ड क्लास क्रिकेट स्टेडियम का प्रस्ताव पहले से था। समस्या जमीन की थी। पूरी प्रक्रिया में सितंबर 2022 से तेजी आयी। जमीन की खरीद के लिए 120 करोड़ रुपये का बजट कैबिनेट से मंजूर होने के बाद करीब 31 काश्तकारों से जमीन खरीदी गयी। सरकार की ओर से जमीन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को सौंपी जा चुकी है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में देश की सबसे नामचीन संस्थाओं में से एक लार्सन एंड टुब्रो (एलएनटी) को इसकी कार्यदायी संस्था बनाया गया है। डिजाइन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डिजाइन/ नक्शे पर अंतिम निर्णय होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## ठाकुर ने किया बीएसएफ हॉकी टर्फ का उद्घाटन

जालंधर, 26 जून। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल की उपस्थिति में सोमवार को यहां बीएसएफ परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक हॉकी टर्फ का उद्घाटन किया। ठाकुर ने बताया कि नवनिर्मित टर्फ को अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए भारतीय हॉकी महासंघ से सभी आवश्यक मंजूरी मिल गयी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने हॉकी टर्फ के विकास के लिये आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की है, जो खेल के बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय खेल प्राधिकरण के लिये एक संपत्ति है, जो बीएसएफ और जालंधर क्षेत्र के लिये विश्व स्तरीय हॉकी बुनियादी ढांचे के नये युग की शुरुआत करेगी। ठाकुर ने पंजाब की समृद्ध खेल विरासत का भी उल्लेख किया, जिसने असाधारण एथलीट पैदा किये हैं और भारत की खेल विरासत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को पोषित करने में संगठन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए बीएसएफ की खेल विरासत को स्वीकार किया। उन्होंने सरकार के प्रमुख कार्यक्रम खेलो इंडिया और देश भर में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने एवं पोषित करने के निरंतर प्रयासों पर चर्चा की। बीएसएफ के खिलाड़ियों को विभिन्न विषयों में तीन पद्म श्री और 17 अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है और कई बीएसएफ खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

# आयरलैंड नहीं खेलेगा वनडे वर्ल्ड कप

## क्वालीफायर में सभी मैच हारे, श्रीलंका-स्कॉटलैंड के साथ ओमान सुपर-6 में पहुंचा

बुलवायो, जिम्बाब्वे, 26 जून। श्रीलंका ने एक छोर पर लगातार विकेट भी गंवाए और टीम 49.5 ओवर में 325 रन पर ऑलआउट भी हो गई। आयरलैंड से मार्क अडायर ने 4 और बैरी मैकार्थी ने 3 विकेट लिए। गारेथ डिलेनी को 2 विकेट मिले, वहीं एक बैटर रनआउट हुआ।

326 रन के विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 21 रन पर ही ओपनर पॉल स्टर्लिंग का विकेट गंवा दिया। 39 रन के स्कोर पर एंडी मैक्ब्राइन भी आउट हो गए। 58 रन के स्कोर तक टीम ने कप्तान एंडी बालबर्नी और लॉर्कन टकर के विकेट भी गंवा दिए।

4 विकेट गिरने के बाद हैरी टेक्टर और कर्टिस कैम्फर ने आयरलैंड की पारी संभाली। लेकिन टूर्नामेंट के टॉप-विकेट टेकर वनिंदु हसरंगा ने विकेट लेने जारी रखे। उन्होंने पहले टेक्टर को किया, फिर बाकी बैटर्स को भी पवेलियन भेज दिया। टेक्टर के विकेट के बाद कैम्फर पर भी



दबाव आया और वह महीश तीक्षणा का शिकार हो गए।

क्वालिफायर के लगातार तीसरे मैच में हसरंगा ने 5 विकेट लिए और आयरलैंड की टीम 192 रन पर ऑलआउट हो गई। हसरंगा के अलावा महीश तीक्षणा को 2 विकेट मिले। वहीं कसून रजिथा, लहिरु कुमारा और दसुन शनाका को 1-1 विकेट मिला। रविवार के एक अन्य मुकाबले में स्कॉटलैंड ने ओमान को हरा दिया। बुलवायो एथलेटिक क्लब के मैदान पर ओमान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। स्कॉटलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ही ओवर में क्रिस्टोफर मैक्ब्राइड का विकेट गंवा दिया। मैक्ब्राइड अपना खाता भी नहीं खोल सके।

पहले ही ओवर में विकेट गंवाने के बाद ओपनर मैथ्यू क्रॉस ने ब्रेंडन मैक्मुलेन के साथ पारी संभाली। दोनों ने 82 रन की पार्टनरशिप की। क्रॉस 27 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद उतरे कप्तान रिची बैरिंगटन ने 60 रन बनाए और मैक्मुलेन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। बैरिंगटन के आउट होने के बाद मैक्मुलेन भी सेंचुरी बनाकर आउट हो गए। वह 121 बॉल पर 136 रन बनाकर आउट हुए।

बैरिंगटन और मैक्मुलेन के बाद टोमास मैकइंटोस ने 32 और मार्क वॉट ने 25 रन बनाकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचा दिया। टीम का आखिरी बैटर एड्रियन नील 50वें ओवर की आखिरी बॉल पर रनआउट हुआ। ओमान से बिलाल खान ने 5 विकेट लिए और स्कॉटलैंड ने 320 रन बना दिए।

## झूलन गोस्वामी एमसीसी वर्ल्ड क्रिकेट कमेटी में शामिल

### इंग्लैंड की हीथर नाइट और ओएन मोर्गन के भी नाम, लॉर्ड्स में होगी बैठक



लंदन, 26 जून। दिग्गज भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी और इंग्लैंड के दो खिलाड़ी हीथर नाइट और पूर्व कप्तान ओएन मोर्गन वर्ल्ड क्रिकेट कमेटी(डब्ल्यूसीसी) की लॉर्ड्स में होने वाली बैठक से पहले शामिल किए गए हैं। क्लब ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मीटिंग आने वाले सोमवार और मंगलवार को एशेज टेस्ट मैच के पहले होगी।

क्रिकेट के नियम बनाती है और समय-समय पर इसमें भी बदलाव भी करती है। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब आज से साल 1787 में अस्तित्व में आया था। इसका हेडक्वार्टर इंग्लैंड का लॉर्ड्स मैदान में है। के आने से पहले के नियमों पर ही क्रिकेट खेला जाता था। आज भी के नियमों पर ही चलता है। अभी भी क्रिकेट के नियम बनाता है, लेकिन वे से हो कर ही गुजरते है।

विमेंस क्रिकेट में सबसे तेज बॉलर्स में से एक मानी जाने वाली गोस्वामी ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, उन्होंने आखिरी मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था। अप्रैल 2023 में गोस्वामी को ने ऑनरी लाइफ मेंबर बनाया था। गोस्वामी के में आने पर कमेटी के माइक गेटिंग ने कहा कि, मॉर्गन, गोस्वामी और नाईट के आने से हम खुश है। इस सभी प्लेयर्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना नाम बनाया है। इन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट की समझ है। इसका कमेटी को फायदा होगा।

# टेबल टेनिस : सुतिर्था और अयहिका ने रचा इतिहास

## इस साल पहला डब्ल्यूटीटी कंटेंडर जीता, विमेंस डबल के फाइनल में जापानी जोड़ी को हराया

नई दिल्ली, 26 जून। भारतीय पैडलर सुतिर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने (डब्ल्यूटीटी ) वर्ल्ड टेबल टेनिस कंटेंडर की विमेंस डबल्स कैटेगरी का खिताब जीत लिया है। इस जोड़ी ने जापान की मियु किहारा और मिवा हारीमोटो को 3-1 (11-5,11-6,5-11,13-11) से हराया। भारतीय जोड़ी ने साल का पहला कंटेंडर जीता है। इंडियन पेयर ने पहली बार इस टूर्नामेंट की विमेंस डबल कैटेगरी का टाइटल जीता है। यह प्रतियोगिता ट्विनीशिया में चल रही है। फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने लगातार दो गेम जीतकर मुकाबले में 2-0 की बढ़त ले ली, तभी जापानी खिलाड़ियों ने तीसरा गेम 11-5 से जीतते हुए स्कोर 2-1 कर दिया। फिर भारतीय खिलाड़ियों ने चौथा गेम 13-11 से जीतते हुए खिताब अपने नाम किया।

सुतिर्था-अयहिका की जोड़ी ने सेमीफाइनल मुकाबले में नंबर-1 सीड शिन युबिन और जियोन जिही की कोरियाई जोड़ी को 3-2 (7-11 11-9 11-9 7-11 11-9) से हराया। मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में मनिका बत्रा और जी साथियान की भारतीय जोड़ी के अलावा मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष युगल जोड़ी को अपने-अपने सेमीफाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले बत्रा और साथियन की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल ने सेड्रिक मीस्नर और युआन वान की जर्मन जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया था।

मेंस सिंगल्स में अचंता सरथ कमल और साथियान पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। विमेंस सिंगल्स में भी भारत का कैंपेन समाप्त हो गया क्योंकि अयहिका मुखर्जी को राउंड 16 में जापान की मियू नागासाकी से 0-3 (5-11 9-11 10-12) से हार का सामना करना पड़ा। बत्रा, श्रीजा अकुला और दीया चितले फर्स्ट राउंड से आगे बढ़ने में नाकाम रहे थे। मेंस सिंगल्स में हरमीत देसाई को शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन के लियांग यानिंग के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन ने 2019 में वर्ल्ड टेबल टेनिस ऑर्गेनाइजेशन बनाया था। यह वर्ल्ड टूर से इतर एक कॉमर्शियल टूर्नामेंट है। इसका पहला संस्करण नवंबर-2020 में मकाओ (चीन) में आयोजित किया गया था। यह नियम और प्राइज मनी के लिहाज से वर्ल्ड टूर से अलग है। के 4 टूर्नामेंट होते है। पहला- ग्रैंड स्मैश, दूसरा- सीरीज, तीसरा- चैंपियंस सीरीज और चौथा- कंटेंडर। ग्रैंड स्मैश में टॉप प्लेयर्स खेलते है, जबकि सीरीज अलग-अलग जगह पब्लिक स्पेस (बार, पार्क या गली) में खेली जाती है, वहीं चैंपियंस सीरीज में दुनियाभर के 32 पैडलर अलग-अलग कैटेगरी में हिस्सा लेते है। साथ ही कंटेंडर में सभी प्रोफेशनल एथलिट को खेलने का मौका मिलता है।

## शतरंज से शांत रहने में मिलती है मदद : चहल

दुबई, 26 जून। भारतीय लेग-स्पिनर और पूर्व अंडर-12 राष्ट्रीय शतरंज चैंपियन युज़वेंद्र चहल ने भले ही पेशेवर तौर पर शतरंज का दामन छोड़ दिया हो, लेकिन इस खेल से मिला धैर्य क्रिकेट में उनके बहुत काम आया है। ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) की टीम एसजी एल्पाइन वॉरियर्स के अंबैसडर चहल ने कहा, मुझे मेरी पहली जर्सी शतरंज के ज़रिये ही मिली। मैंने बीते वर्षों में इस खेल से धैर्य सीखा है। इससे मुझे क्रिकेट में भी मदद मिलती है क्योंकि कभी-कभी अच्छी गेंदबाजी के बाद भी मुझे विकेट नहीं मिलता। ऐसे समय पर धैर्य बेहद काम आता है।

टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के संयुक्त प्रयास से आयोजित जीसीएल को मैगनस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद जैसे पूर्व विश्व चैंपियनों से वाहवाही मिली है। इस टूर्नामेंट का पहला सीजन दुबई में 21 जून को शुरू हुआ और इसका समापन दो जुलाई को होगा। चहल ने जीसीएल के टीम प्रारूप की तारीफ करते हुए कहा कि यह शतरंज का आईपीएल है।

## रॉबिन्सन को चुप रहने की जरूरत है : क्लार्क

लंदन, 26 जून। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने एशेज़ टेस्ट शृंखला के विवादों पर आग में घी डालते हुए कहा है कि इंग्लैंड के गेंदबाज़ ओली रॉबिन्सन को 'चुप रहने' और विकेट लेने पर ध्यान देने की ज़रूरत है। क्लार्क ने स्काई स्पोर्ट्स के कार्यक्रम बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट पर कहा, उसे (रॉबिन्सन को) चुप रहने की ज़रूरत है। अगर इंग्लैंड के सभी खिलाड़ी फिट होते तो ओली को टीम में जगह भी नहीं मिलती। यदि जोफ्रा आर्चर खेल रहे होते, या (मार्क) वुड पूरी तरह फिट होते, तो उन्हें (रॉबिन्सन) क्लब क्रिकेट खेलने के लिये लौटना पड़ता।

## पहलवानों का बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन खत्म करने का ऐलान

### साक्षी-विनेश और बजरंग बोले- अब लड़ाई सड़कों पर नहीं, कोर्ट में लड़ेंगे

पानीपत, 26 जून। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने आंदोलन खत्म कर दिया है। महिला पहलवान साक्षी मालिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने रविवार देर रात ऐलान किया। इनका कहना है कि अब अपनी लड़ाई सड़क पर नहीं, अदालत में लड़ी जाएगी। ये तब तक जारी रहेगी, जब तक न्याय नहीं मिल जाता।

साक्षी ने लिखा, सरकार के साथ 7 जून को बातचीत हुई। सरकार ने पहलवानों के साथ किए वादे पर अमल करते हुए महिला कुश्ती खिलाड़ियों की और से महिला उत्पीड़न और यौन शोषण के संबंध में की गई शिकायतों पर दर्ज की। दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी करके 15 जून को कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है। इस केस में पहलवानों की कानूनी लड़ाई सड़क की जगह कोर्ट में जारी रहेगी। कुश्ती संघ के सुधार के संबंध में नई कुश्ती संघ के चुनाव की प्रक्रिया वादे के अनुसार शुरू हो गई है। चुनाव 11 जुलाई को होना तय है। सरकार ने जो वादे किए हैं, उस पर अमल होने का इंतजार रहेगा।

विनेश फोगाट अगले महीने बुडापेस्ट में पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विनेश को उनकी पसंद के कोच और फिजियो भी दिए गए हैं। बुडापेस्ट इवेंट कुश्ती साल की चौथी और आखिरी रैंकिंग सीरीज है। एडहॉक कमेटी और सरकार के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में विनेश के नाम को मंजूरी दी गई, जिससे 10 महीने बाद अब उनकी मैट पर वापसी हो रही है। एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप पर भारत की नजर हमेशा से रहती है।

# विमेंस एशेज : ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 89 रन से हराया, 2015 के बाद निकला महिला टेस्ट का जिल्ट, गार्डनर ने झटके 12 विकेट

नई दिल्ली, 26 जून। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने विमेंस एशेज टेस्ट जीत लिया है। टीम ने मेजबान इंग्लैंड को 89 रनों से हरा दिया है। 2015 के बाद पहली बार महिला टेस्ट का रिजल्ट निकला है। इससे पहले, 2015 के एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से 6 मुकाबले ड्रॉ रहे। नाटिंघम में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की जीत में एश्ले गार्डनर ने अहम भूमिका निभाई। वे प्लेयर ऑफ मैच रहीं। गार्डनर ने दूसरी पारी में 66 रन देकर 8 विकेट लिए। उन्हें पहली पारी में भी चार सफलताएं मिली थीं।

सोमवार को मुकाबले के चौथे दिन 268 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम अपनी दूसरी पारी में 178 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 257 रन बनाते हुए इंग्लैंड को 268 रन का टारगेट दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी



में 473 रन बनाए थे, जबकि इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 463 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 10 रन की बग्रत मिली।

चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 82/0 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन बेथ मूनी (85), एलिसा हीली (50) और फीब लीचफील्डल (46) ने बनाया। इसके अलावा एलिस पेरी 25 रन बना कर आउट हुईं। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टन ने पांच विकेट झटके। उनके अलावा लॉरेन फिलर और कैट क्रॉस को 2-2 और लौरेन बेल को एक विकेट मिला।

दूसरी पारी में 268 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए चौथे दिन एम्मा लैंब 28 और टैमी ब्यूमोंट ने 22 रन बनाए। उनके अलावा सोफिया डंकली 16 और हीथर नाइट ने 9 रन बनाए। नेट सीवर 0 पर आउट हुईं। ऑस्ट्रेलिया से एश्ले गार्डनर ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा ताहलिया मैक्ग्रा और किम गार्थ को 1-1 विकेट मिला।

तीसरे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 218/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन की शुरुआत टैमी ब्यूमोंट (100) और नेट सीवर (41) ने की। इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट ने दोहरा शतक (208) लगाया। वह टीम की आखिरी बैटर के रूप में आउट हुईं। ऑस्ट्रेलिया से एश्ले गार्डनर ने 4 विकेट लिए। उनके अलावा ताहलिया मैक्ग्रा को 3 विकेट मिले, वहीं एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड और डार्सी ब्राउन को 1-1 विकेट मिला।

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 328/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड 39 और अलाना किंग 7 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। ऑस्ट्रेलिया को आठवां झटका किंग (21) के आउट होने से लगा। इसके बाद किम गर्थ 22 और डार्सी ब्राउन 5 रन बनाकर आउट हुईं। एनाबेल सदरलैंड 137 रन बनाकर नाबाद लौटीं।

इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टन ने पांच विकेट झटके। उनके अलावा लॉरेन फिलर और लौरेन बेल को 2-2, कैट क्रॉस को 1 विकेट मिला। दूसरे दिन इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट ने शतकीय पारी खेली। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दो विकेट खोकर 218 रन बनाए थे।

## जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आज से

राउरकेला, 26 जून। हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शुरुआत मंगलवार को यहां बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी कर्नाटक और हॉकी जम्मू कश्मीर के बीच मुकाबले के साथ होगी। हॉकी इंडिया ने सोमवार को यह घोषणा की। जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सफल आयोजन के मात्र पांच दिन बाद 28 टीमें जूनियर महिला ट्रॉफी के लिये प्रतिस्पर्धा करेंगी। इन 28 टीमों को आठ समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह के विजेता क्वार्टर-फ़ाइनल में आगे बढ़ेंगे। दो बार की गत चैंपियन हॉकी हरियाणा को पूल-ए में हॉकी बंगाल और तेलंगाना हॉकी के साथ रखा गया है, जबकि गत उपविजेता हॉकी झारखंड पूल-बी में राजस्थान और असम के साथ है। हॉकी हरियाणा के कोच आज़ाद सिंह ने टीम की संभावनाओं के बारे में कहा, हमारे पूल में कुछ अच्छी टीमें हैं और हम सभी टीमों से कड़ी चुनौती का सामना करने के लिये तैयार हैं।

# 'मंत्री धारीवाल ने 45 करोड़ रू. की बेशकीमती जमीन कोटा निवासी अपने चहेते को 6 करोड़ रू. में आवंटित की थी'

## राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा के इन आरोपों के बाद अब आर.जी. मैमोरियल एजुकेशन सोसायटी को आवंटित 2377 वर्गमीटर भूमि का आवंटन रद्द करने की तैयारी शुरू हो गई है

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 26 जून। राजधानी जयपुर के प्रताप नगर की हाई प्रोफाइल स्कीम 'राज आंगन' में आर.जी. मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी को दी गई 23277.36 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन रद्द करने की तैयारी शुरू हो गई है।

इस संस्था ने कौशल विकास संस्थान बनाने के नाम पर 12 जून 2020 को राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड से यह बेशकीमती भूमि आवंटित करवाई थी, लेकिन इस पर अब प्ले स्कूल बनाने की तैयारी थी, इसके लिए बाकायदा नक्शे तक पेश कर दिए गए थे। जबकि, आवंटन के समय हाऊसिंग बोर्ड ने शर्त रखी थी कि 2 वर्ष के भीतर इस भूमि पर कौशल विकास संस्थान का निर्माण पूर्ण कर लिया जाये, लेकिन आज तक ऐसा कोई निर्माण मौके पर नहीं हुआ।

- **मजेदार बात यह भी है कि, राजधानी जयपुर के प्रताप नगर की पॉश स्कीम ''राज आंगन'' में कौशल विकास संस्थान बनाने के नाम पर जून 2020 में यह जमीन आवंटित की गई थी, परन्तु संस्था ने इस भूमि पर प्ले स्कूल बनाने के नक्शे पेश किए हैं।**
- **मामला उजागर होने के बाद मंत्री धारीवाल के निर्देश पर सोमवार को आवासन मंडल के अधिकारियों ने इस एजुकेशन सोसायटी के प्रतिनिधियों की व्यक्तिगत सुनवाई की, अब भूमि आवंटन निरस्त करने का फैसला प्रमुख शासन सचिव के स्तर पर होगा।**

पिछले दिनों राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने भी इस आवंटन पर सवाल उठाते हुए मंत्री शांति धारीवाल पर चहेतों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि, धारीवाल ने कोटा निवासी अपने खास व्यक्ति अश्विनी को 45 करोड़ रुपये की यह बेशकीमती 2377 वर्गमीटर भूमि मात्र 6 करोड़ 18 लाख रुपये में आवंटित करवाई है। प्रताप नगर की राज आंगन सोसायटी में जहां यह जमीन आवंटित की गई है, वहां कौशल विकास जैसा कोई काम नहीं होता।

सांसद किरोड़ीलाल मीणा के इन आरोपों के बाद हरकत में आये हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन ने आनन-फानन में पूरे मामले की जांच करवाई। इसके बाद क्रमश: 9 जून और 19 जून को दो नोटिस आर.जी.मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी के सचिव को थमाए गए। जब अधिकारियों ने हकीकत खंगाली तो मालूम चला कि, इस संस्था ने जो नक्शा आवासन मंडल के समक्ष पेश किया है, वह कौशल विकास संस्था का न होकर किसी प्ले स्कूल जैसा है। इसके बाद संस्था से जवाब मांगा गया।

यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर उप आवासन आयुक्त के.सी.ढाका ने गत 19 जून 2023 के नोटिस में एजुकेशन सोसायटी के सचिव को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 23 जून का समय दिया गया।

सोमवार दोपहर 3 बजे इस मामले पर सुनवाई भी हुई, अब जमीन के आवंटन के निरस्तीकरण की फाइल नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव के पास पड़ी है, जहां इसके आवंटन को खारिज करने के संबंध में फैसला लिया जायेगा।

बताया जा रहा है कि, गत 30 मई 2023 को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने इस जमीन का आवंटन निरस्त करने के निर्देश दिए थे। भूखंड आवंटन नीति-2015 के प्रावधानों के अनुसार दो वर्ष की अवधि में निर्माण कार्य नहीं करने के कारण इस संस्था को आवंटित संस्थानिक भूखंड निरस्त करने का फैसला मंत्री स्तर पर लिया गया, लेकिन आवंटन रद्द करने से पहले एजुकेशन सोसायटी के सचिव को नोटिस देकर जवाब इसलिए मांगा गया, ताकि कोई कानूनी पेचिदगियों का सामना नहीं करना पड़े।

आवासन मंडल के अधिकारियों की मानें तो आर.जी.मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी को आवंटित 2377 वर्ग मीटर भूमि संस्थानिक थी, जो कि नियमानुसार संपत्ति आवंटन समिति की बैठक में 20 मार्च 2020 को आवंटित की गई थी, इसके बाद 12 जून 2020 को मंत्री शांति धारीवाल ने भी इसका अनुमोदन कर दिया था।

# 'एक माह में बंगला खाली करो तथा अब तक का किराया मय ब्याज, पैनल्टी अदा करो'

## राज्य सरकार ने आई.ए.एस. नीरज के. पवन को अल्टीमेटम दिया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 26 जून। राजधानी जयपुर के प्रताप नगर स्थित राज आंगन योजना (एन.आर.आई. कॉलोनी) में किराये पर रह रहे आई.ए.एस. नीरज के. पवन को एक महीने के अंदर बंगला खाली करना होगा। उन्हें अब तक का किराया भी ब्याज-पैनल्टी के साथ राजस्थान आवासन मंडल को चुकाना पड़ेगा।

दरअसल पिछले दिनों राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल ने आई.ए.एस. नीरज के. पवन को किराये पर एन.आर.आई. कॉलोनी में आवास देने का मुद्दा उठाया था। नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर राजस्थान आवासन मंडल ने उन्हें नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा। आई.ए.एस. नीरज के. पवन द्वारा प्रस्तुत जवाब से असंतुष्टि जाहिर करते हुए अब उन्हें एक माह के भीतर आवास संख्या पी-21 खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया है कि इस आवास का कब्जा आवासन मंडल को सुपुर्द करने के साथ-साथ अब तक समस्त बकाया किराया मय ब्याज और पेनल्टी जमा करवाएं।

- **नीरज के. पवन को राज आंगन (एन. आर.आई. कॉलोनी) में सरकार ने पी-21 बंगला किराए पर दिया था, बंगले का स्वामित्व आवासन मंडल के पास है।**
- **राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल द्वारा आई.ए.एस. नीरज के. पवन को किराए पर आवास देने का मुद्दा उठाया गया था, उसके बाद नगर विकास मंत्री धारीवाल के निर्देश पर आवासन मंडल ने बंगला खाली करने का आदेश दिया है।**



*राजधानी जयपुर में सोमवार की बारिश के साथ मानसून का शानदार आगमन हुआ। सुबह से ही जयपुर के आसमान में काले बादलों ने अपना डेरा डाल रखा था। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक रूक-रूककर हुई बारिश ने शहरवासियों को भिगोया। जयपुर में सोमवार शाम तक 6.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी जयपुर में मेघ गर्जन के साथ भारी बारिश की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।*

# 70 करोड़ रू. में बनी ओ.पी.डी. इमारतों की छतें टपकीं

कोटा, 26 जून (निसं)। नगर विकास न्यास द्वारा कोटा मैडिकल कॉलेज के जे.के.लोन और एम.बी.एस. अस्पताल परिसर में 70 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई दो नई बिल्डिंगों के घटिया निर्माण कार्यों की जमकर पोल खुल गई है। इन निर्माण कार्यों में एम.बी.एस. अस्पताल की ओ.पी.डी. बिल्डिंग और जे.के. लोन अस्पताल में ओ.पी.डी. -आई.पी.डी. ब्लॉक का निर्माण शामिल है। दोनों ही निर्माण कार्यों का जिम्मा यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने नगर विकास न्यास को सौंपा था।

- **छत पर जमा बारिश का पानी रिसकर अस्पताल के अंदर पहुंचा, अस्पताल में ना केवल जगह-जगह पानी भर गया, बल्कि करंट का खतरा भी पैदा हो गया है।**
- **ओ.पी.डी. इमारतों का निर्माण कार्य यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल के आदेश पर नगर विकास न्यास को सौंपा गया था।**

नगर विकास न्यास के कार्य की गुणवत्ता का नमूना दोनों बिल्डिंगों में वर्तमान में देखा जा सकता है। पूरे निर्माण की पोल पानी का रिसाव खोल रहा है। एम.बी.एस. अस्पताल में भी पानी बहकर आ रहा है। जे.के. लोन अस्पताल में फॉल सीलिंग से रिसाव हुआ। जिसके चलते मरीज और उनके तीमारदार और स्टाफ सभी परेशान हो रहे हैं। जे.के. लोन और एम.बी.एस. की दोनों नई बिल्डिंग इस साल ही शुरू की गई हैं। एम.बी.एस. अस्पताल में मई माह में ही ओ.पी.डी. ब्लॉक को शिफ्ट किया गया है। जबकि जे.के. लोन अस्पताल में जनवरी महीने में ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. शिफ्ट हुए है। जे.के. लोन अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण बीते साल हो गया था। जबकि, एम.बी.एस. अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण इस साल ही पूरा हुआ था। ऐसे में निर्माण के पहले साल में ही पानी का रिस जाना बिल्डिंग की निम्न क्वालिटी को दर्शा रहा है।

एक मरीज के तीमारदार साजिद का कहना है कि, अस्पताल में घटिया निर्माण कार्य हुआ है। इसी के चलते पानी जगह-जगह जमा हो रहा है और रिसाव भी हो रहा है। इससे करंट का खतरा भी बना हुआ है। वहीं अन्य तीमारदार चेतन वर्मा का कहना है कि ठेकेदार और निर्माण करवाने वाले लोगों की गलती रही है। जे.के. लोन अस्पताल में रविवार रात को फॉल सीलिंग से ही भारी मात्रा में पानी बहने लगा। यह गलियारों और लिफ्ट में भी आने लगा था। जिसका वहां पर कार्यरत स्टॉफ ने वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पानी की वजह से तीसरे फ्लोर पर तीमारदारों के बैठने की जगह भी नहीं बन पा रही है। रात के समय उन्हें दूसरे फ्लोर पर ही इंतजार करना पड़ा।

ड्रेन चोक होने से छत में जमा हो गया था बारिश का पानी:- अधीक्षक डॉ.आशुतोष शर्मा का कहना है कि छत पर बारिश का पानी जमा हो गया था। उसकी निकासी नहीं हो पा रही थी। छत के कुछ ड्रेन भी चोक थे। इसके चलते जमा पानी ड्रेन और लिफ्ट की वायरिंग के बीच की जगह से फॉल सीलिंग में प्रवेश कर गया।

जहां से तीसरे फ्लोर का कुछ हिस्सा गिर गया है। छत पर जमा पानी की निकासी कर रहे हैं। हालांकि अब पानी नहीं आ रहा है। सभी ड्रेन की पूरी तरह से सफाई करा रहे हैं। डॉ. शर्मा ने दावा किया है कि वार्ड में किसी तरह का पानी नहीं गया। अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक शिव भगवान मीणा का कहना है कि छत भी कई जगह से खुदी हुई है इसको दुरुस्त करवाया जाएगा।

## चीन ने भी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समझते थे कि हमारा क्या-क्या दाँव पर लग गया है तथा हम हार के कितने नज़दीक पहुँच गये हैं, उन लोगों की बात कभी नहीं समझ पायेंगे, जो वागनराइट्स के जय-जयकार कर रहे थे और इस प्रकार से खुशी मना रहे थे, मानो किसी ने हुकुमत को चुनौती दे दी हो।

चीन सरकार के अखबार ''द ग्लोबल टाइम्स'' द्वारा प्रकाशित एक ओपिनियन पीस में इस अखबार के पूर्व कम्यूनिस्ट पार्टी सेक्रेटरी तथा इसके लेखक हू शीजिन ने वागनर लड़ाकों के हटने से पहले भविष्यवाणी की थी कि इस बगावत का रूस की स्थिरता पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा तथा प्रिगोज़न का बहुत ''दुखद'' अन्त होगा।

लेखक ने यह भी दावा किया था कि स्थिति ''इस दिशा की तरफ बढ़ रही है कि पश्चिम तथा यूक्रेन दोनों ही यह तर्क देना चाहेंगे कि यूक्रेन रूसी सेना को नहीं हरा सकता, इससे उसे ऐसे प्रयासों पर भरोसा करना होगा, जो ''रूस में अन्दरूनी अशान्ति पैदा कर सकें तथा उसे जारी रख सकें।''

इस घटना पर एक अन्य संपादकीय में, सरकार-संचालित चीनी दैनिक ने कहा कि इस बगावत के फलस्वरूप रूस और यूक्रेन के बीच शान्ति-वार्ता के प्रयास शुरु हो जायेंगे।

लेख में आगे कहा गया है, ''कोई भी देश, मॉस्को ने नाटक को देखते हुये, शाडनफ्रायड (दूसरों के दुर्भाग्य से प्राप्त आनन्द) के अनुभव का स्वाद बताने की स्थिति में नहीं हैं।

ऐसा लगता है मानो नदी के एक पार पर खड़े होकर दूसरी पार पर लगी आग को सुरक्षापूर्वक देखा जा रहा हो।

चीन यूक्रेन-संकट के राजनैतिक समाधान के लिये सभी पक्षों के साथ काम करने को तैयार है तथा चीन कूटनीतिक समझौतों की प्रक्रिया को सुगम बनाने तथा इस संकट के निर्णायक समझौते के लिये सभी स्थितियों को पैदा करने तथा उन्हें एकत्रित करने के लिये तैयार है।''

## 'मैंने ही सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवाई'

नई दिल्ली, 26 जून। मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में एक बड़ी खबर सामने आई है। कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि उसने ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या कराई है। सिर्फ इतना ही नहीं, उसने यह भी कहा है कि फिल्म ऐक्टर सलमान खान भी उसके निशाने पर है। मौका मिलने पर जरूर मारेंगे। यह बात उसने एक समाचार चैनल के साथ बातचीत में कही है। गौरतलब है कि गोल्डी बराड़ भारत का मोस्ट वांटेड है और इंटरपोल ने भी उसके खिलाफ नोटिस जारी की है।इसके साथ ही गोल्डी बराड़ ने यह भी बताया कि उसने मूसेवाला की हत्या आखिर कराई क्यों थी? आज तक के साथ इंटरव्यू में मूसेवाला ने कहा कि मूसेवाला बिगड़ा हुआ था। उसके पास पैसे बहुत ज्यादा हो गए थे, इसलिए उसे घमंड हो गया था।

# 'ई.आर.सी.पी. बना दूंगा, 46 हजार करोड़ दे दूंगा, बस राज बना दो'

## केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का यह बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है

नई दिल्ली, 26 जून। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का एक बयान सोशल मीडिया और खबरों में काफी चर्चा का विषय बन गया। शेखावत ने कहा कि, ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजैक्ट (ई.आर.सी.पी.) बना दूंगा, 46 हजार करोड़ दे दूंगा। बस राज बना दो। (मतलब की राजस्थान में भाजपा की सरकार बना दो)

केंद्रीय मंत्री शेखावत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कह रहे हैं कि, 46 हजार करोड़ रूपये दे दूंगा। राजेंद्र राठौड़ यानी नेता प्रतिपक्ष यहीं है राज बना दो।

- **यह वीडियो रविवार को सवाई माधोपुर के सर्किट हाउस में हुई भाजपा के एक कार्यक्रम का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कह रहे हैं कि, 46 हजार करोड़ रूपये दे दूंगा। राजेंद्र राठौड़ यानी नेता प्रतिपक्ष यहीं हैं राठौड़ का राज बना दो।**

दरअसल वायरल वीडियो रविवार को सवाई माधोपुर में सर्किट हाउस में स्थानीय नेताओं से मुलाकात के वक्त का बताया जा रहा है। जिसमें एक स्थानीय नेता ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि पूर्वी राजस्थान में ई.आर.सी.पी. प्रोजेक्ट की आवश्यकता के बारे में कहते हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत यह कहते हुए दिख रहे हैं कि राजेंद्र राठौड़ का राज लाओ और 46 हजार करोड़ ले जाओ। वायरल वीडियो में शेखावत कह रहे हैं- ईआरसीपी बना दूंगा, 46 हजार करोड़ दे दूंगा, राजेंद्र सिंहजी का राज बना दो। बता दें राजेंद्र सिंह राठौड़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। हालांकि, राष्ट्रदूत इस वायरल वीडियो की पूर्णत: पुष्टि नहीं करता है।

कांग्रेस ने वायरल वीडियो के जरिये प्रोजेक्ट को लेकर सवाल खड़े करते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने हिम्मत सिंह गुर्जर ने ट्वीट कर कहा संजीवनी घोटाले के आरोपी गजेंद्र सिंह शेखावत ने ईआरसीपी का काम रोका है। 13 जिलों की 40 प्रतिशत जनता से धोखा कर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना लागू होने से रोकने वाले और इस परियोजना में सबसे बड़ा रोड़ा अटकाने वाला गजेंद्र सिंह शेखावत ही है। ठाकर साहब ऐसे बोल रहे हैं जैसे पैसा अपनी जेब से दे देंगे। उल्लेखनीय है कि, राजस्थान में ई.आर.सी.पी.बड़ा मुद्दा है। इस मुद्दे को लेकर सीएम अशोक गहलोत और केंद्रीय मंत्री शेखावत के बीच ट्वीटर वार भी हो चुका है। सीएम अशोक गहलोत का कहना है कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के दौरान अजमेर और जयपुर की जनसभा में ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का वादा किया था। लेकिन पीएम मोदी ने वादा पूरा नहीं किया है। राजस्थान से बीजेपी के 24 सांसदों ने कभी पीएम मोदी को अपना वादा याद नहीं दिलाया।

## हिमाचल और उत्तराखण्ड में कई जगहों पर लैण्डस्लाइड, 700 से अधिक सड़कें बंद हुईं

शिमला/नैनीताल, 26 जून। बारिश के कारण हिमाचल और उत्तराखण्ड, दोनों पहाड़ी राज्यों में स्थिति काफी खराब हो गई है। हिमाचल प्रदेश में बारिश की वजह से मंडी जिले में पिछले 20 घंटे में लैंडस्लाइड की दूसरी घटना हुई। इसकी वजह से अचानक बाढ़ आ गई है।

हिमाचल में 2 नैशनल हाईवे सहित 380 सड़कें बंद हैं. ऐसे में 200 से अधिक लोग फंसे हुए हैं, जिनमें से कई पर्यटक हैं। वहीं उत्तराखंड में भी बारिश की वजह से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। बरसात के बाद हाईवे सहित कई सड़कें बंद हो गईं हैं। सड़कें बंद होने की वजह से यूपी, दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य राज्यों से पर्यटक और तीर्थ यात्री फंस गए हैं।

# वागनर विद्रोह के बाद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सेना में बगावती रुख की आलोचना की।

यह सामान्य व्यवहार है क्योंकि चीन रुस और उसके राष्ट्रपति के साथ ''असीमित मित्रता'' की घोषणा की थी। चीन कदापि भी रुस को कमजोर नहीं देखना चाहेगा।

चीन ने सोचा था कि पुतिन एवं रुस अमेरिका और पश्चिम के खिलाफ उसकी लड़ाई में मददगार होगा।

पर अब चीन के शी जिनपिंग के लिए पुतिन ''खराब बाज़ी'' की तरह है। भले ही पुतिन तख्तापलट की कोशिश से बाल-बाल बच गए हों लेकिन प्रिगोज़न को विश्वासघात के आरोपों और बगावत के दंड से मुक्ति देना दर्शाता है कि पुतिन की ताकत कितनी सीमित हो गई है।

कई लोग इंगित करते हैं कि सत्ता पर उनकी पकड़ व नियंत्रण फिलहाल तो नहीं ही है। पुतिन अजेय हैं, इस किंवदंती को दोबारा स्थापित करना कठिन हो सकता है। यह शी के लिए भी बड़ा नुकसान है।

यह इसलिए कि किसी तानाशाह या अधिनायकवादी का पतन चीन के नेतृत्व को भी भयभीत करता है। कुछ चीनी विशेषज्ञों का कहना है कि एक बार यह हो गया तो इसका असर चीन पर भी पड़ सकता है। हाल ही में रुस के उपविदेश मंत्री दोस्ती और सद्भाव दर्शाने चीन आए और चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात की।

पुतिन के प्रति चीन का खुला समर्थन शी के लिए जी का जंजाल बन गया है। यूक्रेन युद्ध के आरंभ से ही चीन का रुख ऐसा रहा कि जिसने इसे यूरोपियन यूनियन देशों के बीच अछूत बना दिया। प्रिगोज़न के ड्रामा ने रुस के लोगों को भयभीत कर दिया है। प्रिगोझिन की सेना जब मॉस्को की तरफ बढ़ रही थीं तब रुस का अभिजात्य वर्ग काफी डरा हुआ था। डरे हुए देशवासियों की हिम्मत बढ़ाने के लिए पुतिन राष्ट्रीय टी.वी. पर आए थे और बागियों को कठोर दंड देने का वादा किया था।

पर इसके थोड़ी देर बाद ही रुस के राष्ट्रपति प्रिगोज़न के खिलाफ सारे केस वापस लेने और उसे पड़ौसी देश बेलारुस जाने का सुरक्षित मार्ग देने पर मान गए। लेकिन संकेत है कि प्रिगोज़न वहां नहीं गए हैं क्योंकि वहां का राष्ट्रपति एलैक्जेंडर लुकाशेन्को पुतिन का करीबी है।

रुस में परम्परा है कि युद्ध हारने वालों को कड़ा दंड दिया जाता है। ऐसा 1905 में रुस जापान युद्ध के बाद हुआ था और 1917 की क्रांति के बाद भी हुआ था।

कुछ जानकार विशेषज्ञों का मत है कि यद्यपि रुस की आंतरिक सत्ता पर मंडराता खतरा टल गया है पर कटुसत्य यह है कि बगावत हुई और पुतिन बागियों को वह कठोर दंड नहीं दे सकते हैं जिसका उन्होंने वादा किया था, इससे निस्संदेह उनकी ताकत घटी है।

## केरल स्टोरी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के लिए तैयार हो जाइए जो आपको निशब्द कर देगी। अपने कैलेण्डर में अप्रैल 2024 को मार्क कर लीजिए। विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन, आशीन ए शाह, सनशाइन पिक्चर्स।''

निर्माताओं के अनुसार फिल्म एक घटना पर आधारित है। उन्होंने पोस्टर भी जारी किया, जिस पर लिखा है, गुप्त सत्य, जो देश को हिलाकर रख देगा। फिल्म का ब्यौरा नहीं दिया गया है। शाह व सुदीप्तो की पहली फिल्म केरल स्टोरी वर्ष 2023 की सफलतम फिल्मों में एक रही है। इसमें बताया गया था कि किस प्रकार महिलाओं का ब्रेन वॉश कर उन्हें आई.एस.आई.एस. में शामिल कर सीरिया व अफगानिस्तान भेजा गया।

केरल स्टोरी का जब से ट्रेलर आया था तब से यह विवादों का केन्द्र रही है। फिल्म के ट्रेलर में दावा किया गया था कि केरल से 32,000 महिलाएं गायब हैं, कईयों ने इस आंकड़े पर आपत्ति उठाई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत कहानी की संज्ञा दी और अपने राज्य में इस पर बैन भी लगा दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रतिबंध हटाना पड़ा।

# 'केजरीवाल जानते हैं, उनकी ग्रोथ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

''आप के मुख्य प्रवक्ता ने आज जो कुछ कहा, वह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने (आप) तो सर्वदलीय मीटिंग वाले दिन भी कांग्रेस के खिलाफ बयान दिये थे।''

दिल्ली के कांग्रेस नेता अजय माकन, जिन्हें आप पार्टी सालों से फूटी आँख नहीं सुहा रही है, ने कहा, ''मूल बात यह है कि वे (केजरीवाल) जेल जाना नहीं चाहते, जिसके लिये सारी तैयारियाँ हो चुकी हैं क्योंकि वे भ्रष्टाचार में डूबे हुये हैं।''

केजरीवाल ने राजस्थान, जहाँ इस साल के अन्त में चुनाव होने हैं, में अपनी चुनावी सभा में पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुये कहा था, ''जब हम यहाँ आ रहे थे, हमने देखा कि गहलोत साहब ने पूरे गंगा नगर तथा इस स्टेडियम के चारों तरफ अपने पोस्टर लगवा दिये हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि अगर उन्होंने पिछले पाँच सालों में काम किया होता, तो उन्हें यह सब नहीं करना पड़ता।''

केजरीवाल ने आगे कहा था, दोनों ही पार्टियाँ (कांग्रेस और भाजपा) भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। वसुन्धरा राजे के शासनकाल में, अशोक गहलोत भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाया करते थे।...... जब अशोक गहलोत की सरकार सत्ता में आई, सचिन पायलट उनसे वसुन्धरा राजे को गिरफ्तार करने के लिये कहते रहे, लेकिन अशोक गहलोत ने कह दिया, ''मैं उन्हें गिरफ्तार नहीं करूँगा, वे मेरी बहिन की तरह हैं।''

संगठित विपक्षी मोर्चा के लिये आप और कांग्रेस को साथ-साथ लाना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अपने हाथ में लिया गया एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है। दोनों पार्टियों में तभी से अनबन है, जब, करीब एक दशक पहले आप ने कांग्रेस को दिल्ली की सत्ता से बेदखल कर दिया था और उसके बाद वह कांग्रेस की कीमत पर फलती-फूलती जा रही है। पिछले वर्ष पंजाब में मिली इकतरफा जीत के बाद, केजरीवाल का फोकस कांग्रेस-शासित राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ पर है।

अब, आप ने घोषणा कर दी है कि अगर कांग्रेस सार्वजनिक रूप से केन्द्र के उस अध्यादेश का विरोध नहीं करेगी, जिसके तहत दिल्ली की नौकरशाही का नियंत्रण केन्द्र ने अपने हाथों में ले लिया है, तो वह संगठित विपक्ष का हिस्सा नहीं बनेगी।

कांग्रेस अपने पत्ते बड़ी सावधानी से चल रही है तथा वह अध्यादेश के मुद्दे पर आप को समर्थन देने का वादा नहीं कर रही है। हालाँकि मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राहुल गांधी यह कह चुके हैं कि ''भाजपा द्वारा लाई गई किसी भी चीज'' का समर्थन करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। लेकिन सच बात यह है कि अगर कांग्रेस ने अध्यादेश के मुद्दे पर आप का समर्थन नहीं किया या राज्यसभा और लोकसभा में इस मुद्दे पर होने वाले मतदान से स्वयं को और लोकसभा में इस मुद्दे पर होने वाले मतदान से स्वयं को अलग रखा तो यह एक राजनैतिक ''हारा-किरी'' होगी क्योंकि इसे संगठित विपक्ष के मिशन से दूर होना माना जायेगा।

यह चालाकी भरा दिमागी खेल खेलते हुये, केजरीवाल विपक्षी दलों की उस पहली गंभीर एवं ईमानदार कोशिश को ही नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिसकी शुरुआत 23 जून को पटना में की गई है। वे जरुरत से ज्यादा स्मार्ट बनने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि यह अल्पकालीन राजनीति भाजपा को हटाने के उस बड़े एवं मुख्य उद्देश्य को ही नुकसान पहुँचायेगी क्योंकि भाजपा तो संघवाद के उन सिद्धांतों को ही नष्ट करने में लगी है, जो अकेले ही दिल्ली जैसे राज्यों के अधिकारों के संरक्षण के लिए पर्याप्त हैं।

## एक दिन में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिवक्ता के रुप में वे, हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट, दोनों में, कई ''हाई प्रोफाइल'' केसों में उपस्थित हुईं, जिनमें, संसद भवन व लाल किला शूट आउट केस, जैसिका लाल मर्डर केस, नैना साहनी मर्डर केस और नीतीश कटारा मर्डर केस शामिल हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक/मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामल में फरार चल रहे आरोपी को उसी के गांव आवडा से दस्तेयाब कर हिरासत में लिया। थानाधिकारी राजमल ने बताया कि दुष्कर्म की घटना को लेकर पुलिस कप्तान राजर्षि राज वर्मा एवं अति. पुलिस अधीक्षक मालपुरा राकेश बैरवा के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसके चलते आरोपी कानाराम पुत्र धन्नलाल बावरी निवासी आवडा थाना पचेवर को 25 जून को सायं दबिश देकर आवडा ग्राम से ही गिरफ्तार किया गया है। इस अनुसधान में पुलिस ने मा.त्र तीन दिन में ही सफलता हासिल की है।

### भागवत कथा का समापन

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे की भूतनाथ वाटिका में श्रीश्याम भूतनाथ गौशाला के तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का सोमवार को हवन, पूर्णाहुति और भंडारे के साथ में समापन किया गया। मनीष बिदारावाले व बनवारी लाल यादव ने बताया कि कथावाचक राधा वल्लभाचार्य ने कृष्ण सुदामा विवाह, कृष्ण के 16108 रानियां विवाह, यदुवंश के विस्तार की कथा और राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त होने की कथा का सुंदर वर्णन किया था। कथा के पूर्ण होने पर मंदिर परिसर में सुबह 10.15 बजे से पूर्णाहुति यज्ञ, हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे आस पास के सैकड़ों लोगो ने पंगत प्रसादी ली।

### सिन्धी पंचायत कार्य समिति की बैठक

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय पूज्य सिन्धी पंचायत की कार्यसमिति की बैठक अध्यक्ष मुखी मनोहर लाल रोघा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मंदिर सहित भवन में जीर्णोद्धार निर्माण कार्य कराने सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों व संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय पारित किए जाने के साथ पिछले दिनों आयोजित चेटीचंड महोत्सव का संपूर्ण लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में कार्यकारी मुखी टीकमदास मूरजानी, मुखी अशोक महलवानी, प्रताप सिंह कटहरा, राजकुमार दादवानी, गोबिंद रोघा, अर्जुन दास बाबानी, प्रहलाद मंगलानी,विनोद वलेचा, घनश्याम पमनानी, नन्दलाल रामानी,महेश आडतानी, रुपचंद मास्टर, नामदेव रामानी,आसन दास आढ़ती, दुर्गादास आढ़ती, नत्थू मल रामलानी, लीला राम भगतानीहीरालाल भूरानी आदि सदस्यों ने चर्चा में अपने विचार व्यक्त किए।

### रविदास महाराज की प्रतिमा का अनावरण

**अलवर, (निसं)।** मालाखेड़ा ग्राम बिजवाड नरूका कस्बा मालाखेडा अलवर में संत शिरोमणि रविदास महाराज की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली रहे, जबकि अध्यक्षता सरपंच हेमलता जाटव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरिता राज जाटव जिला पार्षद एवं भाजपा युवा नेत्री विधानसभा अलवर ग्रामीण, जयराम जाटव पूर्व विधायक अलवर ग्रामीण, पूर्व डीजीपी जसवंत संपत राम, लक्ष्मी जाटव, सुदीप डीगवाल, मालाखेडा नगर पालिका चेयरमैन हिम्मत सिंह चौधरी ,दौलत राम जाटव प्रधान पंचायत समिति उमरैण व अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पावटा से भोनावास जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील

**पावटा, (निसं)।** पावटा कस्बे से भोनावास सहित दर्जनों गांवों व ढाणियों तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क जर्जर होने के कारण गड्ढों में तब्दील हो गई हैं।

बारिश के कारण गड्ढे तालाब में तब्दील हो गये हैं। सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं हो रहा है और वे हादसे का शिकार हो रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

■ ग्रामीण वर्षों से सडक निर्माण की मांग कर रहे हैं

वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों राजेंद्र अदाली, नरपत सिंह, धूडसिंह, धर्मेंद्र गोयल, रामनिवास यादव, जगदीश यादव, गिरधारी यादव, मुंशीराम, गोकुलचंद, अमित यादव, कान्हाराम, रामेश्वर, रामकुंवार, हरफूल, हंसराज सिंह रोहिताश सिंह, लक्ष्मीनारायण जाजोरिया ने बताया कि यह सड़क कूनेड, भोनावास सहित दर्जनों गांवों व ढाणियों को पावटा उपखंड मुख्यालय से जोड़ती है। सड़क काफी जर्जर हो गई है और इसमें 2-3 फीट तक गहरे गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीण कई वर्षों से परेशानी झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मिलकर इस सड़क निर्माण करने की मांग करते आ रहे हैं, परंतु अब तक इस ओर किसी ने भी पहल नहीं की है। सड़क निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्यापत है।



सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पत्रकार संघ की बैठक आयोजित

**बौंली, (निसं)।** इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट राजस्थान सवाई माधोपुर जिले के अध्यक्ष राजेश शर्मा के निर्देशानुसार बौंली व मित्रपुरा तहसील के पत्रकारों की संयुक्त बैठक मित्रपुरा तहसील मुख्यालय के रुकमणी गार्डन में वरिष्ठ पत्रकार श्रद्धा ओम त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक पद पर वरिष्ठ पत्रकार श्रद्धाओम त्रिवेदी व संयोजक पद पर आशीष मित्तल को मनोनीत किया गया।

अध्यक्ष पद पर राजेश मीणा महामंत्री पद पर ओम प्रकाश राव उपाध्यक्ष पद पर राकेश चौधरी व विष्णु गर्ग कोषाध्यक्ष पद पर राम सिंह गुर्जर एवं मीडिया प्रभारी पद पर दीपक गिरी को मनोनीत किया गया।

संगठन के पूर्व अध्यक्ष कुंजीलाल मीणा सहित सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर अभिनंदन व स्वागत किया। इस दौरान आईएफडब्ल्यूजे के सभी पत्रकारों ने पत्रकारों की सुरक्षा एवं एकता को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में नारद जयंती पर वार्षिक समारोह आयोजित करने सहित अनेकों निर्णय लिए गए। कार्यक्रम व बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं संगठन के संयोजक आशीष मित्तल ने किया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के टोंक रोड स्थित एक निजी गार्डन में बलाई समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि प्रकाश मेहरड़ा पूर्व विधायक बगरू एवं समाजसेवी कैलाश वर्मा रहे। अध्यक्षता जनसेविका आरती बागोटिया ने की। इस कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा बलाई समाज के 170 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही समाज के नव चयनित सरकारी कार्मिकों, भामाशाहों तथा के समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनको प्रेरित कर समाज के लोगों ऐसे कार्यक्रमों भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।


**SBI भारतीय स्टेट बैंक**

तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-।।,
11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ,
नई दिल्ली-110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in

नोटिस

दिनांक 02.11.2022 को दैनिक नवज्योति (जयपुर) समाचार पत्र में छपे विज्ञापन कब्जा सूचना के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि कर्जदार : मैसर्स गणेशम रॉयल होटल के मामले में

कृपया उपरोक्त विषय पर हमारे दिनांक 28.10.2022 और 29.10.2022 के नोटिस देखें और ध्यान दें कि बैंक के अधिकारों और शर्तों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, पूर्व कब्जे के नोटिस अर्थात सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत नोटिस को वापस ले लिया गया है और नीचे दी गई संपत्ति का कब्जा दिनांक 17.05.2023 को पुनस्थापित किया गया है।

सम्पत्तियों का विवरण

1. व्यवसायिक प्लॉट खसरा नं. 357, गाँव – पेरवा, तहः बाली, जिला पाली (राजस्थान) में स्थित
2. रिहायशी फ्लैट सर्वेक्षण नं. 1211, Acacia मनोहरपुरा, सिद्धार्थ नगर, (शहरी) जयपुर में स्थित, कुल क्षेत्रफल 1070.77 वर्ग फुट
3. रिहायशी प्लॉट सर्वेक्षण नं. प्लॉट नं. बी-17, प्लॉट नं. बी-17, सन सिटी, फेज-। और ।।, सिकर रोड़, जयपुर-302013 में स्थित (अर्ध शहरी) कुल क्षेत्रफल 420 वर्ग मी.

हालाँकि, बैंक का बकाया वसूलने के लिए सरफैसी अधिनियम 2002 के तहत कार्रवाई फिर से शुरू करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**

तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-।।,
11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ,
नई दिल्ली-110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in

नोटिस

दिनांक 30.09.2022 को दैनिक नवज्योति (जयपुर) समाचार पत्र में छपे विज्ञापन कब्जा सूचना के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि कर्जदार : मैसर्स गौरव एयरकॉन कंप्यूटर्स प्रा. लि. के मामले में

कृपया उपरोक्त विषय पर हमारे दिनांक 27.09.2022 के नोटिस देखें और ध्यान दें कि बैंक के अधिकारों और शर्तों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, पूर्व कब्जे के नोटिस अर्थात सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत नोटिस को वापस ले लिया गया है और नीचे दी गई संपत्ति का कब्जा पुनस्थापित किया गया है।

सम्पत्तियों का विवरण

व्यवसायिक भवन सर्वे नं. व्यवसायिक स्पेस, तृतीय तल, गौरव टॉवर जयपुर, जयपुर – 302001 (शहरी) कुल सुपर क्षेत्रफल 13382.36 वर्ग फीट, यह सम्पत्ति गणेशम इलैक्ट्रोटेक सुपरमार्केट प्रा. लि. के नाम पर है। जोकि स्वंय है, टाईटल डीड नं. **2006000622,** दिनांक **18-Feb-2006,** जयपुर, राजस्थान में पंजीकृत

हालाँकि, बैंक का बकाया वसूलने के लिए सरफैसी अधिनियम 2002 के तहत कार्रवाई फिर से शुरू करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**

तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-।।,
11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ,
नई दिल्ली-110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in

नोटिस

दिनांक 07.09.2022 को दैनिक नवज्योति (जयपुर) समाचार पत्र में छपे विज्ञापन कब्जा सूचना के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि कर्जदार : मैसर्स गणेशम इलेक्ट्रोटेक सुपरमार्केट प्राइवेट लिमिटेड के मामले में

कृपया उपरोक्त विषय पर हमारे दिनांक 05-09-2022 के नोटिस देखें और ध्यान दें कि बैंक के अधिकारों और शर्तों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, पूर्व कब्जे के नोटिस अर्थात सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत नोटिस को वापस ले लिया गया है और नीचे दी गई संपत्ति का कब्जा पुनस्थापित किया गया है।

सम्पत्तियों का विवरण

व्यवसायिक भवन सर्वे नं. : व्यवसायिक स्पेस, तृतीय तल, गौरव टॉवर जयपुर, जयपुर-302001 में स्थित (शहरी) कुल क्षेत्रफल 13382.36 वर्ग फीट, यह सम्पत्ति गणेशम इलैक्ट्रोटेक सुपरमार्केट प्रा. लि. के नाम पर है। स्वयं से संबंधित, विलेख नं. **2006000622,** दिनांकित : **18-Feb-2006,** जयपुर, राजस्थान में पंजीकृत

हालाँकि, बैंक का बकाया वसूलने के लिए सरफैसी अधिनियम 2002 के तहत कार्रवाई फिर से शुरू करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक


## सुलह के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा

■ कार और बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत का मामला
■ परिजनों व ग्रामीणों ने थाने के आगे किया धरना प्रदर्शन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** थाना इलाके के बागरियावास गांव में बस स्टैंड के पास रविवार शाम को कार और बाइक की भिड़ंत हो गई थी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी।

मृतक की पहचान बागोरी की ढाणी थोई निवासी राहुल सैनी पुत्र ओमप्रकाश सैनी के रूप में हुई। मृतक के शव को सीएससी श्रीमाधोपुर की मोर्चरी में रखवाया गया। सोमवार को मृतक के परिवार जन तथा अन्य ग्रामीण अस्पताल के बाहर सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे हो गए तथा 5 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया तथा मांगे नहीं माने जाने तक पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

इस पर पुलिस की सूचना पर तहसीलदार लोकेंद्र सिंह मीणा मौके पर आए जिन्हें मृतक के परिवार जन व अन्य लोगों के एक हस्ताक्षर युक्त मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा तथा 2 घंटे तक अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया। ज्ञापन में मृतक के परिवार को 25 लाख मुआवजा देने, मृतक की पत्नी को ग्राम पंचायत थोई की आंगनबाड़ी केंद्र में नियुक्ति करने , मृतक के परिवार को बीपीएल में शामिल करने, कार के चालक को कार सहित गिरफ्तार करने तथा मृतक परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए उसके बच्चों की शिक्षा का खर्च सरकार द्वारा वहन करने आदि मांगे थी।

प्रशासन व ग्रामीणों के बीच सहमति होने पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया तथा शव परिजनों को सौंप दिया गया। ज्ञापन देते समय जयरामपुरा के पूर्व सरपंच मक्खन लाल सैनी, थोई सरपंच राम प्रकाश सैनी ,फूलचंद ,अनिल कुमार, अशोक कुमार, बालूराम, ओमप्रकाश सैनी(प्रधान), मदन लाल सैनी, नंदकिशोर सैनी, पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी, मुकेश कुमार सैनी सब्जी वाले, राजू बागवान, मालीराम सैनी, शोलु सैनी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# आपराधिक प्रवृतियों के 377 लोग पुलिस की गिरफ्त में

**टोंक, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए चलाये गये विशेष अभियान में टोंक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

एसपी राजर्षि राज वर्मा के निर्देश पर चलाए इस एक दिवसीय अभियान में जिले भर में 24 घंटे में रविवार रात तक 377 बदमाशों को गिरफ्तार किया है, वहीं 50 मुकदमें दर्ज किए हैं। इस कार्रवाई को 354 अधिकारी, कर्मचारियों की 105 टीमों ने अंजाम दिया है, कुल 458 स्थानों पर दबिश दी है। उधर इस कार्रवाई से बदमाशों में दिनभर हड़कंप मचा रहा।

■ 354 अधिकारी, कर्मचारियों की 105 टीमों ने 458 स्थानों पर दबिश दी

पुलिस कप्तान राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर के आदेश की पालना में बीते चौबीस घंटे में अपराधियों की धरपकड़ की गई।



टोंक जिले में पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया।

अभियान के अन्तर्गत पुलिस टीमों द्वारा एनडीपीएस एक्ट में चार, आबकारी अधिनियम के 26, आर्म्स एक्ट के चार, जुआ एक्ट के एक तथा अन्य अधिनियमों के अन्तर्गत 15 प्रकरण दर्ज किए है। इस प्रकार अभियान के दौरान 50 मुकदमे दर्ज कर 43 व्यक्तियों को इन आपराधिक प्रकरणों में गिरफ्तार किया गया।

अभियान के अन्तर्गत 59 वारन्टियों को गिरफ्तार किया गया है। पिछले 5 वर्षों में एनडीपीएस, अवैध शराब के पूर्व से चालान शुदा 138 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

अभियान के अन्तर्गत 137 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। 46 किलो 622 ग्राम डोडा पोस्त, 9.45 ग्राम स्मैक, एक बोलेरो वाहन,1 मोबाईल, 356.68 लीटर अंग्रेजी शराब, 59.75 लीटर बीयर, 1476.875 लीटर देशी शराब, 19 लीटर हथकड़ शराब, 4 देशी टोपीदार बंदूक, 1 छुर्रा, 9 टेप मशीन, 4 ट्रेक्टर ट्रोली, 11 टन बजरी, 1 डम्पर, 20 टन पत्थर की जब्ती की गई है।


(नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक**

**लोक सूचना**

क्रमांक-नपासा/2023/931 दिनांक- 26.06.2023

1. श्री राहुल विग पुत्र श्री अनिल विग जाति पंजाबी निवासी ई 80 एस एफ पार्ट-1 लाजपथ नगर दक्षिण पूर्वी दिल्ली 2. श्री बादल पुत्र श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव जाति श्रीवास्तव निवासी फ्लैट नम्बर 605 बी टावर 1 ए पंचशील वैलिंगटन क्रासिंग रेपुब्लीक गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | लालपुरा | 3204, 3203/3197 | कुल 02 रकबा 0.8169 हैक्टेयर | 02 रकबा 0.8169 हैक्टेयर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 26.06.2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका मण्डल सांभर लेक


## युवा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत किया

**लालसोट, (निसं)।** युवा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुधीन्द्र मुंड का दौसा युवा जिला अध्यक्ष दीपक पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवाओं द्वारा स्वागत किया गया।

युवा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुधीन्द्र मुंड का डिडवाना आगमन पर समस्त युवा टीम के साथ स्वागत के साथ अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के लालसोट तहसील के नव नियुक्त अध्यक्ष रामप्रसाद पिथावत को तहसील अध्यक्ष बनने पर बधाई दी गई। इस दौरान सुधींद्र मूड ने कहा कि गहलोत सरकार की प्रदेश व्यापी जनकल्याणकारी एवं आम जन हितकारी योजनाओं का धरातल के सफल संचालन के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस के प्रति सकारात्मक माहौल तेजी से बढ़ाएं एवं आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सरकार का दोबारा रिपीट होना तय है।

इस दौरान पूर्व ज़िला परिषद सदस्य ब्रजमोहन थानेदार विनोद फुलवारियाँ नरेन्द्र पंडा मोहन जालवाला अनिल चोपड़ा रमेश ठेकेदार राकेश समोत्या सौरभ शर्मा राकेश मेडिवाला रमेश जालवाला रविप्रकाश बेड़ीवाला नवीन डूँगरी मुकेश शर्मा शुभम पाटीवाला अंकुर अंकित विश्वास अक्षय नन्नु सैनी आदि लोग मोजूद रहे।

## गृह राज्यमंत्री का आभार जताया

**कोटपूतली, (निसं)।** रविवार को मुख्यमंत्री ने राजधानी जयपुर स्थित सीएमआर पर आयोजित कार्यक्रम में यादव समाज के प्रतिनिधि मण्डल से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री गहलोत ने विभिन्न मांगों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए पूर्व से चली आ रही मांग के क्रम में श्री कृष्ण कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा की। साथ ही जोधपुर में बनाये जाने वाले मेजर शैतान सिंह स्मारक में 1961 के भारत-चीन युद्ध के रेजांगला में शहीद हुए अहीर जवानों की वीरता के इतिहास दर्शाने अहीर रेजिमेंट के गठन हेतु मुख्यमंत्री की ओर से प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित करने की बात भी कही। यादव महासभा कोटपूतली के प्रतिनिधि मण्डल ने गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव का आभार जताया।

# नीट में चयनित कंचन को सम्मानित किया

**बहरोड़/शाहजहांपुर, (निसं)।** मुंडावर तहसील के शाहजहांपुर कस्बे के नजदीकी गांव मिर्जापुर की बेटी कंचन धनवाल ने नीट परीक्षा में 675 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 2154 वीं रैंक तथा ऑल इंडिया एससी वर्ग में 56वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली मजदूर की बेटी का कांग्रेस सेवा दल की महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अंजली यादव ने उनके घर जाकर साफा पहना कर मिठाई खिलाते सम्मानित कर बधाई दी।

गौरतलब है कि मुंडावर विधानसभा क्षेत्र की कंचन धनवाल के पिता अशोक धनवाल मजदूर एवं माता गृहणी होने के चलते कंचन ने अपनी पढ़ाई नवोदय विद्यालय से पूरी करने के बाद 1 वर्ष की तैयारी में ही नीट की परीक्षा में आल इण्डिया एससी वर्ग में 56 वीं रैंक तथा ऑल इंडिया में 2154 वीं रैंक हासिल करते क्षेत्र का नाम रोशन किया। जिसका श्रेय कंचन ने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया।

इस मौके पर हरीश यादव हरि नगर, निहाल यादव, सरपंच मनोज चौधरी, नरेंद्र धनवाल, मोती सिंह चौहान, महेश गुप्ता, अमर सिंह धनवाल, सुभाष, अशोक, जोगिंदर, मुकेश, गिर्राज, विजेंद्र मेहरा एवं गांव की महिलाएं व पुरुष एवं परिजन मौजूद रहे।


**SBI भारतीय स्टेट बैंक**

तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-।।,
11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ,
नई दिल्ली-110001, ईमेल : sbi.50950@sbi.co.in

नोटिस

दिनांक 07.09.2022 को दैनिक नवज्योति (जयपुर एवं जोधपुर) समाचार पत्र में छपे विज्ञापन कब्जा सूचना के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि कर्जदार : मैसर्स चंद्रा इलेक्ट्रॉनिक्स एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड के मामले में

कृपया उपरोक्त विषय पर हमारे दिनांक 05-09-2022 के नोटिस देखें और ध्यान दें कि बैंक के अधिकारों और शर्तों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, पूर्व कब्जे के नोटिस अर्थात सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत नोटिस को वापस ले लिया गया है और नीचे दी गई संपत्ति का कब्जा पुनस्थापित किया गया है।

सम्पत्तियों का विवरण

1. रिहायशी भवन सर्वे नं. डी -12, एफ नं. 101, एफएफ, डी-12. गोकुल वाटिका, जेएलएन मार्ग, जयपुर, जयपुर, (शहरी), कुल क्षेत्रफलः 1671 वर्ग फीट, यह सम्पत्ति ललित ढोका के नाम पर है, जो निदेशक है। विलेख नं. 11206, जयपुर, राजस्थान
2. रिहायशी प्लॉट सर्वे नं. ब्लॉक नं. 3, जोकि ब्लॉक नं. 3, संदेराव रोड, फालना, तहसील-बाली, पाली, (अर्ध शहरी), कुल क्षेत्रफल 8755 वर्ग फुट, यह सम्पत्ति श्री ललित कुमार ढोका से संबंधित, जो निदेशक है, विलेख नं. 474, पाली, राजस्थान में दिनांकित 05-अगस्त-95 को पंजीकृत
3. रिहायशी प्लॉट सर्वे नं. सैक्टर-5 (बी हिस्सा), सैक्टर-5 (बी-हिस्सा), केसरिया जी नगर, फालना, तहसील-बाली, पाली, (शहरी), कुल क्षेत्रफल 9334 वर्ग फुट, यह सम्पत्ति श्री ममता ढोका से संबंधित, जो निदेशक है, विलेख नं. 4766, पाली, राजस्थान में दिनांकित 02-फरवरी-01 को पंजीकृत
4. रिहायशी प्लॉट सर्वे नं. सैक्टर-7(1/2 हिस्सा), सैक्टर-7 (आधा हिस्सा), केसरिया जी नगर, फालना, तहसील-बाली, पाली, (शहरी), कुल क्षेत्रफल 7400 वर्ग फुट, यह सम्पत्ति श्री ममता ढोका से संबंधित, जो निदेशक है, विलेख नं. 4752, बाली, राजस्थान में दिनांकित 05-जनवरी-01 को पंजीकृत
5. रिहायशी भवन सर्वे नं. पी नं. 28, जोकि प्लॉट नं. 28, इन्द्रा कॉलोनी, बानी पार्क, जयपुर, जयपुर (मेट्रो), क्षेत्रफल 316.6 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री ललित ढोका से संबंधित, जो निदेशक है, विलेख नं. 693, जयपुर राजस्थान में दिनांकित 15-जनवरी-96 को पंजीकृत
6. अन्य अचल सम्पत्ति सर्वे नं. 9/845, फ्लैट नं. 9/845, भूतल, सैक्टर-9, मालवीय नगर, जयपुर (मेट्रो), क्षेत्रफल 90.03 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री ललित ढोका से संबंधित, जो निदेशक है, विलेख नं. 1963, जयपुर राजस्थान में दिनांकित 13-मई-99 को पंजीकृत

हालाँकि, बैंक का बकाया वसूलने के लिए सरफैसी अधिनियम 2002 के तहत कार्रवाई फिर से शुरू करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक


# छात्रवृति वितरण में हो रही गड़बड़ी का सत्यापन करने के निर्देश

**दौसा, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिले में 65 लाख के छात्रवृत्ति घोटाले के पर्दाफाश होने के बाद अब दौसा जिला प्रशासन भी छात्रवृत्ति में हो रहे घोटाले सहित अनियमितता को लेकर सर्तकता बरतता नजर आ रहा है।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामाकिशोर मीना को जिले में उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत निजी विश्वविद्यालयों द्वारा छात्रवृति वितरण में ई मित्र संचालकों के माध्यम से किये जा रहे फर्जीवाडे का सत्यापन करने तथा गडबडी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं। सोमवार को आवश्यक सेवाओं की बैठक को संबोधित करते हुये जिला कलेक्टर ने यह बात कही। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले के निवासी विद्यार्थी कुछ निजी विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत एवं उन विश्वविद्यालयों से उनकी छात्रवृति के आवेदन पत्र दौसा जिले में प्राप्त हुये है। उन आवेदन पत्रों में विद्यालयों में अध्ययनरत एवं उन विश्वविद्यालों से उनकी छात्रवृति के आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं। इसके अलावा जो छात्र इस जिले में छात्र अध्ययनरत ही नहीं है उनके आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। इस प्रकार प्रकरण में की गई जांच में जांच में फर्जी स्टेडी सेंटर का संचालन किया जाकर छात्रों के दस्तावेजों से खिलवाड किया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य आवेदनों में एवं इन निजी विश्वविद्यालयों द्वारा कुछ छात्रें का अधिक अन्तराल के बाद पुनःछात्रवृति हेतु आवेदन किया गया है।



दौसा जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कमर चौधरी ( बाएं से दूसरे ) ने आवश्यक सेवाओं को लेकर जिला अधिकारियों की बैठक ली।

■ जिला कलेक्टर ने आवश्यक सेवाओं बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये

उन्होंने निर्देश दिये कि निजी विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का विकास अधिकारियों पटवारियों ग्राम विकास अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों से भौतिक सत्यापन करवा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा जांच के दौरान अनियमितिताये पाये जाने पर संबंधित संस्थाओं के खिलाफ आवश्यक कावाई करवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में चिकित्सा,मनरेगा, श्रमिक कल्याण, शुद्ध के लिये युद्व, पेयजल, महिला एवं बाल विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामकिशोर मीना अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेश कुमार,नगर परिषद आयुक्त विश्वामित्र मीना कोषाधिकारी रामचरन मीना सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डा करतार सिंह मीना डीडीपीआर रामजी लाल मीना, डीईओ घनश्याम मीना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा सुभाष बिलोनिया, पीएमओ प्रतिनिधि डा राजेन्द्र मीना श्रम कल्याण अधिकरी नमोनारायण मीना संयुक्त निदेशक आर एस बैरवा जिला रसद अधिकारी हितेश कुमार मीना सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रमाकांत अध्यक्ष बने

**मालपुरा, (निसं)।** सर्वोदय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में सोमवार को हुई गौड ब्राह्मण समाज की बैठक में मौजूद विप्र बंधुओं ने सर्व सम्मति से रमाकांत पाठक को मालपुरा-टोडारायसिंह गौड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद पर चुना गया। इस दौरान मौजूद दिनेश कुमार पाण्डेय, ऋषिराज शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, रमेश चन्द शर्मा, राधेश्याम, राजाराम, रामप्रसाद, अश्विनी, पवन भारद्वाज, सत्यनारायण, पुरूषोतम, डॉ. राजाराम भारद्वाज सहित समाज बंधुओ ने नवनियुक्त अध्यक्ष रमाकांत पाठक को माला व पगड़ी पहना स्वागत करते हुए बधाई दी।


**SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India**

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4 जवाहर नगर, जयपुर ( राजस्थान )- 302004, ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in
शाखा कोड़- 18184, फोन: 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणियों एवं जमानतदार को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अतः उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुनः लौटकर आ गए हैं। अतः उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणियों एवं जमानतदार का नाम | प्रतिभूत आस्तियों/बंधक सम्पत्तियों का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|
| **मैसर्स श्री विनायक एग्रो इंडस्ट्रीज,** प्रोपराईटर स्व. श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री श्रीलाल शर्मा जरिये कानूनी वारिस- श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार शर्मा, श्री रजनीश शर्मा पुत्र स्व. श्री मनोज कुमार शर्मा, सुश्री खुशी शर्मा संरक्षकता के तहत श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार शर्मा एवं मास्टर सिद्धार्थ शर्मा संरक्षकता के तहत श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार शर्मा जमानतदार- श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार शर्मा | ( 1 ) फर्म के स्टॉक्स एवं सम्पूर्ण वर्तमान संपत्तियों का दृष्टिबंधक। ( 2 ) श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज शर्मा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय भूमि एवं भवन जो प्लॉट नं. 99, स्कीम बालाजी विहार 25 एक्सटेंशन बेनाड रोड, जयपुर पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 150.00 वर्ग गज है। सीमाएं- उत्तरः प्लॉट नं. 98, दक्षिणः प्लॉट नं. 100, पूर्वः रोड 30' चौड़ी, पश्चिमः अन्य सम्पत्ति ( जे.डी.ए. के अन्तर्गत कवर किया गया पट्टा संख्या 7117 वर्ष 2013 दिनांक 28.05.2013, दिनांक 28.05.2013 को पंजीकृत, रसीद संख्या 2013051011473 दिनांक 28.05.2013, बुक संख्या 1, जिल्द संख्या 753, पृष्ठ संख्या 166 पर पंजीकृत, क्र. संख्या 2013051008700, अतिरिक्त बुक संख्या 1, जिल्द संख्या 3009, पृष्ठ संख्या 188 से 200 पर चिपकाया गया। ) | 05.04.2023 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 31.03.2022 | दिनांक 05.04.2023 को बकाया राशि रू. 25,89,874.75 ( रूपये पच्चीस लाख नवासी हजार आठ सौ चौहतर एवं पैसे पचहतर मात्र ) ( दिनांक 05.04.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों एवं जमानतदार के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं/जमानतदार को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों/जमानतदार को यह भी सलाह दी जाती है कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/ प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।

**कर्जदारों/जमानतदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

दिनांक: 26.06.2023
स्थान: जयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक




**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership**

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: 8955664400. **CHURU: TRS CHURU:** 9356501550. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. **JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: 2523400, 8302890000. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. **SANGA AUTONATION:** 9057809150, 7734901000. **AJMER: RELAN MOTORS**: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. **AURIC MOTORS**: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111.

*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th June 2023 or till stocks last. Offers applicable on selected models and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Images used are for illustration purpose only. Offers shown above include Consumer Offer and Exchange Bonus. Prices mentioned are tentative and might vary basis applicable offers and registration cost. ^All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.